e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com | रांची संस्करण | वर्ष 11, अंक 201 | बुधवार | 24.07.2024 | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**
कभी भी किसी को अपने से कम न समझें।

## सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत

निशुल्क सौर बिजली योजना पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी।

## बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का फोकस

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा,मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण निवेश किए गए हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। यह हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4त्न होगा। निजी क्षेत्र द्वारा बुनियादी ढांचे में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा और इसके लिए वित्तपोषण और सक्षम नीतियां बनाई जाएंगी।

## एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी। यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी। इसमें युवाओं को कारोबार के वास्तविक माहौल को जानने और अलग-अलग पेशे की चुनौतियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता भी दिया जाएगा। यही नहीं, उन्हें एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिए जाएंगे। कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का खर्च और इंटर्नशिप की 10 फीसदी लागत को वहन करना होगा।

## मोबाइल- दवाईयां व सोना और चांदी हुई सस्ती

वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि मोबाइल फोन और उपकरणों के घरेलू उत्पादन में इजाफा हुआ है। मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर पर सीमा शुल्क घटाया जाएगा। देश में मोबाइल और मोबाइल उपकरण सस्ते होंगे। कैंसर के मरीजों के लिए तीन और दवाओं को पूरी तरह सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया जाएगा। एक्सरे ट्यूब, फ्लैट पैनल डिटेक्टर में भी सीमा शुल्क घटाया जाएगा। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क छह फीसदी और प्लेटिनम पर 6.4 फीसदी सीमा शुल्क घटाया जाएगा।






प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बजट समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। बीते 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं। नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है।
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खास लोगों के लिए है बजट : झामुमो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वित्तमंत्री सीतारमण की ओर से पेश किया गया आम बजट आम लोगों के लिए नहीं, बल्कि खास लोगों के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाओ या सत्ता बचाओ योजना के अंतर्गत आया है। ये बजट देश के लिए कतई नहीं है।सुप्रियो ने कहा कि इस बजट से ये जाहिर हुआ कि केंद्र सरकार अंदर से कितनी डरी हुई है।



यह बजट भाजपा के मित्रों को खुश करने वाला है। अडानी और अंबानी को लाभ पहुंचाया गया है। आम लोगों को कोई राहत नहीं दी गई। यह कांग्रेस मेनिफेस्टो और बिजले बजट का कॉपी पेस्ट बजट है।
राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

# उम्मीदों का बजट



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** नरेंद्र मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कमर कस ली है। मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब बजट भाषण पढ़ा तो यही बात नजर आई। निर्मला सीतारमण ने सातवीं बार बजट पेश किया है। यह मोदी सरकार का यह 13वां बजट है, जिसमें निर्मला ने कहा कि यह बजट गरीब, महिला, युवा और अन्नदाताओं पर फोकस है। भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में अपना विश्वास तीसरी बार जताया है। वहीं, मुश्किल दौर में भी भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से चल रही है। निर्मला के इस बजट में आम आदमी को थोड़ी सी राहत देते हुए नए टैक्स रिजीम में बदलाव किया गया है, जिसके तहत 3 लाख तक की इनकम अब टैक्स फ्री होगी। वहीं, पुरानी टैक्स रिजीम में 2.5 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स से छूट पहले की ही तरह जारी रहेगी। यानी सरकार धीरे-धीरे नई टैक्स रिजीम की ओर बढ़ रही है। निर्मला के सभी प्रमुख ऐलान को समझते हैं।

**पुरानी टैक्स रिजीम पर कोई राहत नहीं, नए में 75 हजार तक छूट:** वित्त मंत्री ने नए टैक्स रिजीम के लिए डिडक्शन की लिमिट 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार कर दी है। नए टैक्स रिजीम पर अब 3 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वहीं, पुराने टैक्स रिजीम पर कोई राहत नहीं दी है। नए टैक्स रिजीम में तीन लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। तीन से 7 लाख रुपये पर इसे 5 फीसदी कर दिया है। सात लाख से 10 लाख रुपए तक 10 फीसदी, 10 से 12 लाख रुपए तक 15 फीसदी और 12 से 15 लाख रुपए तक 20 फीसदी और 50 लाख तक 30त्न टैक्स लगेगा।

**पीएम गरीब कल्याण योजना 5 साल के लिए बढ़ी:** निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा-प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया है, जिसका लाभ देश के 80 करोड़ लोगों को मिल रहा है। हमारी सरकार का पूरा फोकस रोजगार, हुनर और युवाओं पर है। इस समय देश में मुद्रास्फीति फिलहाल 3.1त्न पर है। इस साल 1.48 लाख करोड़ शिक्षा और रोजगार के लिए खर्च किए जाने का प्रस्ताव है।

**नौकरी और कौशल विकास पर 2 लाख करोड़ खर्च:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौकरी, कौशल विकास और अन्य सुविधाओं पर 2 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। ये पैसे 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं लिए रोजगार के मौके बनाने और अन्य सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा, इस साल शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा, रोजगार के लिए सरकार फर्स्ट टाइमर युवाओं के पीएफ में 3 हजार रुपए तक योगदान करेगी। इसकी योग्यता स्तर 1 लाख हर महीने तक सैलरी पाने वाले आएंगे।

**महिलाओं और लड़कियों के लिए खुला खजाना:** वित्त मंत्री ने महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का ऐलान किया। निर्मला सीतारमण ने कहा कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास स्थापित करेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी। राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा किया जाएगा। विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे में कोप्पार्थी क्षेत्र और हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे में ओरवाकल क्षेत्र में विकास के लिए फंड दिया जाएगा।

**5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मुझे 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं और पहलों के लिए प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस वर्ष हमने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।'

### एजुकेशन लोन 10 लाख तक, ब्याज पर भी छूट

वित्त मंत्री ने घरेलू संस्थानों में हायर एजुकेशन के लिए लोन 10 लाख तक किए जाने भी ऐलान किया। घरेलू संस्थानों में हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋष्ा के लिए ई-वाउचर हर साल 1 लाख छात्रों को सीधे ऋष्ा राशि के 3त्न की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे।

### टैक्स स्लेव में हुआ बदलाव

टैक्सपेयर्स को इस बजट से भारी उम्मीद थी। खासकर सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले और खर्च करने वाले मिडिल क्लास को ज्यादा राहत नहीं दी गई है। न्यू टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है। साथ ही न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है।

## एक नजर इधर भी

*पूंजीगत व्यय 11,11,111 करोड़ रुपये होगा
*सोना-चांदी सस्ता होगा
*इलेक्ट्रिक गाड़ी, मोबाइल फोन, चार्जर सस्ता होंगे
*सिंचाई कार्यक्रम और अन्य स्रोतों के तहत 500 करोड़ रुपये की सहायता
*महिलाओं के नाम पर संपत्ति पर स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा
*14 बड़े शहरों के लिए आवागमन संबंधी विकास योजना
*हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम को सहायता
*परमाणु रिएक्टरों के विकास पर निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी
*बाढ़ प्रबंधन के लिए असम को सहायता देगी सरकार
*प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा मिलेगा
*शहरी आवास के लिए 2.2 लाख करोड़ रुपये
*चौबीसों घंटे ऊर्जा उपलब्ध कराने के नीति नीति लाई जाएगी
*गया में विष्णुपद और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर बनेगा
*शहरी आवास के लिए 2.2 लाख करोड़ रुपये की सहायता
*सरकार ब्याज सब्सिडी योजना लाएगी
*नेपाल से आने वाली बाढ़ के लिए कंट्रोल सिस्टम बनेगा
*बिहार में 21,400 करोड़ रुपये के 2400 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र
*बिहार के गया में औद्योगिक विकास को समर्थन मिलेगा
*मजदूरों के लिए सस्ता घर बनाएगी सरकार
*प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का ऐलान
*औद्योगिक श्रमिकों के लिए आवास की सुविधा
*100 शहरों में औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा
*1 करोड़ युवाओं को 12 महीने की इंटर्नशिप
*एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना की घोषणा
*ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये
*विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे के लिए निधियां
*पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं
*मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया
*महिलाओं-बालिकाओं के लिए 3 लाख करोड़ की योजनाएं
*सरकार बिहार के लिए वित्तीय सहायता की व्यवस्था करेगी
*आंध्र प्रदेश के 3 जिलों को पिछड़ा क्षेत्र अनुदान
*5 करोड़ आदिवासियों के लिए भी बड़ा ऐलान
*आंध्र प्रदेश के लिए स्पेशल पैकेज का हुआ ऐलान
*बिहार में दो नए पुल, 26 हजार करोड़ का ऐलान
*उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के लोन की सहायता
*पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनेंगे
*20 लाख युवाओं को बनाया जाएगा स्किल्ड
*पांच राज्यों में जनसमर्थ-आधारित किसान क्रेडिट कार्ड
*30 लाख युवाओं को नौकरी मिलेगी
*रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए योजनाएं
*रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू होंगी
*फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा
*पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना 5 साल के लिए बढ़ी
*रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान
*महंगाई को 4 फीसदी तक लाने की कोशिश
*बजट में 5 साल में 4 करोड़ नए रोजगार का ऐलान
*1 करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग सिखाई जाएगी
*प्रोडक्टिवीटी, रोजगार, शहरी विकास आदि पर फोकस

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घरों का होगा निर्माण

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने एलान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त घरों की घोषणा की गई है। इसके लिए आवश्यक आवंटन किया गया है।बजट में पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 का एलान किया गया है। इसके तहत 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास की जरूरत को पूरा किया जाएगा।

### एक करोड़ परिवारों को हर महीने मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी।

### पांच साल में बनेंगे दो करोड़ मकान

वित्त मंत्री ने कहा कि डेयरी किसान की सहायता के लिए योजना बनेगी। तिलहन में आत्मनिर्भरता के लिए कार्यनीति बनेगी। देश में तेज विकास के लिए आर्थिक नई नीतियां बन रही हैं। पीएम संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा हुआ है। पीएम मत्स्य योजना से 55 लाख नए रोजगार मिलेंगे। कोविड के चुनौती के बावजूद केंद्र सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराया। हम तीन करोड़ घर के लक्ष्य को बनाने के करीब हैं। अगले पांच साल में दो करोड़ घर और बनेंगे। छत के ऊपर सोलर एनर्जी के लिए एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लेगेंगे। इसकी घोषणा पीएम मोदी ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घोषणा की थी।

### 3 लाख तक की कमाई में कोई टैक्स नहीं

इनकम टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव किए गए हैं। नई टैक्स रेजीम में 0 से लेकर 3 लाख तक में कोई टैक्स नहीं। नई कर व्यवस्था में तीन लाख तक कर मुक्त किया गया। नौकरी पेशा को राहत, 3 लाख तक की आय कर मुक्त; स्टैंडर्ड डिडक्शन 50000 से बढ़कर 75000 रुपये किया गया।

### खेती-किसानी में डिजिटल ढांचे को मजबूती

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार की कृषि, रोजगार और सामाजिक न्याय प्राथमिकताएं हैं। हमारी प्राथमिकताओं में शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा भी शामिल है। कृषि क्षेत्र की उत्पादकता और क्षमता प्राथमिकता बेहद जरूरी है। दलहन-तिलहन की उत्पादकता और भंडारण बढ़ाएंगे। 30 फसलों की 109 किस्में जल्द मिलेंगी।

### 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर

निर्मला ने 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए घर देने का ऐलान किया। इसके लिए सरकार 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। वहीं, केंद्रीय बजट 2024-2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त आवास बनाने का फैसला लिया गया है। इस योजना पर मौजूदा वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 183 चयनित अभ्यर्थियों के बीच बांटा नियुक्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित असिस्टेंट टाउन प्लानर, जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर, माइनिंग इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलाइन इंस्पेक्टर पद के 183 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फिर वही सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ राज्य के विकास को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में चयनित 183 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ नियुक्तियां झारखंड लोक सेवा आयोग एवं कुछ नियुक्तियां झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा की गई है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर पहले भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है और जो छूटे हुए अभ्यर्थी थे उन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त अभ्यर्थी जो आज नियुक्ति पत्र ले रहे हैं वे राज्य के सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। इसी आशा और उम्मीद के साथ कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों के समकक्ष पहुंचाने का प्रयास आप सभी प्रतिबद्ध होकर करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज टाउन प्लानर की नियुक्ति हुई है। उनका प्रयास होना चाहिए कि शहर का सर्वांगीण विकास कैसे हो। आपकी सूझबूझ और आपके अनुभव के आधार पर राज्य के शहरों को एक नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप ईमानदारी से कम करें तथा बेहतर कार्य कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करें। आप राज्य के विकास में बेहतर कार्य करेंगे तो सरकार आपको सम्मानित करेगी। सिर्फ यूपीएससी से ही चयनित नहीं बल्कि जेपीएससी और जेएसएससी से चयनित अभ्यर्थियों को भी अच्छे कार्य के लिए सम्मानित करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनन की गतिविधि अन्य राज्यों से अलग है। राज्य में माइनिंग इंस्पेक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी।



**सीएम ने रांची के मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का उद्घाटन किया :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के साई सिटी के नजदीक स्थित नवनिर्मित मुड़मा कुष्ठाश्रम परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शुभारंभ हो रहे इस परियोजना का लाभ विशेष परिवारों को मिल रहा है। ये आशियाना एक विशेष समूह के लिए बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहूंगा कि इस परिसर को निर्मल आवास के नाम से जाना जाए। आज यहां उपस्थित सभी लोग इस परियोजना के विषय में पहले से अवगत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वे किसी भी वर्ग-समुदाय के हों, जिस स्थिति या परिस्थिति में रह रहे हों उन तक सरकार की आवाज पहुंचे, सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लगातार आमजनों की बात सुनती है, समझती है और उनके विकास के लिए कार्य भी करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगे भी जनहित के कार्य प्रतिबद्धता के साथ करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। राज्य सरकार ने एक बेहतर प्रयास किया है। सैकड़ो लोग आज अपने घर के मालिक बन रहे हैं। वे आज से इस नवनिर्मित आवासों के अंदर पूरे परिवार के साथ रहेंगे।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## डंडा में 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

# अपने बल-बूते पर विकास कार्य कर रही है सरकार : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड के ग्राम भिखही, टोला पपरवा, छपरदगा में सोमवार को आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में इन पंचायतों से विभिन्न गावों के 200 से अधिक लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। साथ ही मंत्री ने सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड सरकार के कार्यो एवं संचालित जनहित की योजनाओ की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे राज्य में झारखंड सरकार अपने बल बूते पर विकास कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने राज्य के हिस्से का गरीबों का अनाज एवं आवास बंद कर दिया। फिर भी राज्य सरकार सभी जरूरतमंदों को ग्रीन राशन कार्ड बनाकर राशन दे रही है। साथ ही गरीबों को अबुआ आवास भी उपलब्ध करा रही है। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य की जनता केंद्र की करतूतों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से श्वेता देवी, सरिता देवी, कलावती देवी, पुनीता देवी, लाखो देवी, सीमा देवी, लीलावती कुंअर, रिंकी देवी, बबलू चौधरी, रवि कुंअर, रामजन्म चौधरी, चंदन कुमार, महेंद्र चौधरी, छत्रधारी चौधरी, गीता देवी, पार्वती देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, कामेश्वर चौधरी, बिरेंद्र चौधरी, अनिल ठाकुर, सुनीता देवी, हरिहर ठाकुर, कबूतरी देवी, जमुना चौधरी, अंबिका चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गरीबी में पला बढ़ा हुं इसलिए गरीबों का दर्द भी समझता हूं : विकास दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन उर्फ विकाश दुबे ने मंगलवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान का भरोसा दिलाया.श्री दुबे ने तोलरा, केतात, बरीगांवा और कामता गांव में युवाओं से सीधा संवाद किया। विकाश दुबे ने कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हुं इसलिए गरीबों का दर्द भी समझता हूं। विश्रामपुर विस क्षेत्र मे पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा अगर ईमानदारी से कार्य किया गया होता तो आज यहां इतनी गरीबी और बेरोजगारी नहीं होती। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का बेटा हूं,राजनीत में सेवाभाव के साथ आया हु। और लोगों की तरह हवा हवाई बातें नही करता, हमारे पास क्षेत्र के विकास का विजन है.जिसे धरातल पर उतरना चाहता हूं। जिसके लिए जनता का समर्थन और आशीर्वाद की जरूरत है। ताकि विश्रामपुर विस क्षेत्र की तस्वीर बदला जा सके। क्षेत्र भ्रमण मे श्री दुबे के साथ पार्टी के कई कार्यक्रता और काफी संख्या में आमलोग मौजूद थे।

## ममता भुईया को राजद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड के पिपरा निवासी वरिष्ठ नेता नंदेव यादव ने पुर्व लोकसभा रहे प्रत्याशी ममता भुईया को झारखंड प्रदेश रास्ट्रीय जनता दल उपाध्यक्ष एवं धनंजय पासवान पलामू जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बधाई दी है, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया बीते लोकसभा चुनाव में करीब पांच लाख मत महागठबंधन प्रत्याशी को जनता ने दिया था, इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है जनता के बीच लोकप्रियता काफी बडी है श्री यादव ने राजत प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय यादव के नेतृत्व में बीते आने वाले दिनों में राष्ट्रीय जनता दल एक नए शीर्ष को मुकाम हासिल कर पाएगी उन्होंने बताया राष्ट्रीय जनता दल गरीब गुरुबो की पार्टी है, इस पार्टी में सभी जाति धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलने की कार्य करती है, शीर्ष नेतृत्व लालू प्रसाद यादव ने एक बार फिर से ममता भुइया को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर संगठन का जवाब देही देखकर पलामू लोकसभा की जनता का दिल जीतने का कार्य किया है। इस कार्य के लिए श्री यादव ने ढेर सारी शुभकामना बधाई दी है।

## लोहरगड़ा पंचायत भवन में 27 जुलाई को नि-शुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहरगड़ा के पंचायत सचिवालय भवन में आगामी 27जुलाई को 11बजे दिन में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुखिया नीलम देवी के द्वारा किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मुखिया नीलम देवी ने कहा कि उक्त शिविर में एमबीबीएस डॉ0 सरफराज अंसारी एवं बीएचएमएस डॉ0 रुबीना व उनकी टीम के द्वारा पंचायत अंतर्गत ग्रामीण को निशुल्क इलाज किया जाएगा।

## क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में पलामू जिला बल ऑल ओवर चैंपियन बना



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन गढ़वा जिला के द्वारा किया गया था जिसका फायरिंग का कार्यक्रम बोकारो में जैप 4 के फायरिंग बट पर दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया जिसमें पलामू गढ़वा एवं लातेहार जिला के पुलिसकर्मि एवं पदाधिकारीयों ने भाग लिया शूटिंग प्रतियोगिता में पलामू जिला बल ऑल ओवर चैंपियन बना जबकि लातेहार जिला उप विजेता बना एवं बेस्ट फायरर का अवार्ड पलामू जिला बल के आरक्षी 1615 विक्रांत दुबे को मिला जिन्होंने फायरिंग के दौरान तीनों जिला में सबसे अच्छा फायरिंग कर यह अवार्ड जीता विक्रांत दुबे वर्तमान में पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी है । शूटिंग प्रतियोगिता में फायरिंग के बाद मेडल शिरोमणि का आयोजन सह प्राइज वितरण का कार्यक्रम गढ़वा पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा गढ़वा कॉन्फ्रेसिंग हॉल में किया गया शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान अच्छे फायरिंग करने वाले जवानों को मेडल एवं बेस्ट फायरर को मेडल एवं कप देकर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के द्वारा सम्मानित किया गया साथ-साथ पलामू जिले के पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा भी जवानों का मनोबल बढ़ाया गया।

## अबुआ आवास को लेकर पंचायत सचिवालय मुकुंदपुर में हुआ ग्राम सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवंटित लक्ष्य के अनुकूल प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय मुकुंदपुर में मंगलवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया मूंगा साह उपस्थित रहे। उक्त ग्राम सभा में योग्य लाभुको की सूची तैयार किया जाना था। परंतु ग्राम सभा ने निर्णय लिया की लाभुकों की भौतिक स्थिति जांचने के बाद ही योग्य सूची तैयार किया जाए। साथ ही पहली सूची से बड़ी संख्या में अयोग्य लाभुक के साथ-साह योग्य लाभुकों का भी नाम हटा दिया गया है, इसको लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी दिखी। वही आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि प्रतिनियुक्ति कर्मियों के द्वारा बिना जांच पड़ताल के टेबल पर ही लोगों का नाम हटाने का कार्य किया है। जिससे हम लोग सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहने को हैं। साथ ही ग्रामीणों ने बीडीओ से मांग किया है कि जारी किया गया पहली सूची को पुनः सत्यापन किया जाए तत्पश्चात योग्य लाभुको को अबुआ आवास का लाभ दिलाया जाए। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य समुद्दीन अंसारी, ब्रह्मदेव पासवान, नंदकिशोर प्रसाद, संभु साह, अशोक पासवान, कमलेश गुप्ता, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** प्रखंड विकास पदाधिकारी छतरपुर के कार्यालय के सभागार में बीस सूत्री की बैठक की गई।बैठक का अध्यक्षता गोपाल प्रसाद सिंह एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू ने किया।उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पूर्व के बैठक में लिए अगर निर्णय के अनुसार अनुपस्थित एवं बीस सूत्री बैठक में लिए गए निर्णय को नहीं मानने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखने का निर्णय लिया गया था जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है?। यह अति चिंता नहीं विषय है जिस पर एक सप्ताह के अंदर सभी विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। कउवल विद्यालय में जांच के क्रम में शिक्षकों की अनुपस्थिति रहने का मामला भी उठाया गया जिस पर अन्य विद्यालयों से शिक्षकों के प्रतिस्थापना का निर्णय लिया गया। बालू के अवैध बिक्री एवं विभिन्न माइंस में लीज से अधिक खनन का मामला भी उठाया गया जिससे संबंधित रिपोर्ट अंचलाधिकारी से मांग की गई। क्षेत्र में नए माइनिंग के लीज से संबंधित जानकारी मांगी गई। सेविका सहायिका के चयन एवं आंगनवाड़ी में चल रहे अनियमितताओं की जांच के लिए छः सदस्य टीम बनाई गई। चेगौना धाम में चल रहे सावन में कांवरियों के लिए भंडारा से आराम गृह शिविर में सामान्य प्रयोग की जाने वाली दवाओं की आपूर्ति के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई। मौके पर उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा बीस सूत्री सदस्य विश्वनाथ चौधरी, फिरदौस आलम, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता सहित सभी विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## शिविर का जयाजा लेने पहुंचे एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार सभागार में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मेगा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान, प्रखण्ड प्रमुख कुमारी ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो के नेतृत्व में शुरुवात की गई जिस में 18 से 50 वर्ष के युवक व युवती को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए 50 हजार से 25 लाख तक न्यूनतम 40प्रतिशत एव अधिकतम 5लाख रुपये तक अनुदान राशि पर ऋण देने के लिए मेले का आयोजन किया गया, मेले में वैसे बेरोजगार युवक युवतियों ने अपने अपने आवेदन किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार ने वैसे शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को स्वरोजगार जुड़ने के लिए यह योजना चल रही है जो बेरोजगार युवक युवतियों के महत्वकांक्षी योजना है , वही पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री शुभम बेला टोपनो के निर्देशित किया कि सभी योग्य युवाओं के रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने के दिशा मे प्राप्त आवेदन को तत्काल ऑनलाइन इंट्री करने का आदेश दिया। इस मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, नामुदाग पंचयात मुखिया जितेन्द्र पासवना, बीपीएम, सुनील प्रसाद, करकट्ठा मुखिया प्रतिनिधि, रामबली पासवान, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, परवेज आलम, विजय कुमार सिंह, पंसस श्री शत्रुधन साव के अलावा प्रखंड व अचल कर्मी समेत सभी जन प्रतिनिधि, समाज सेवी लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा पदाधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया

### अभिवंचित वर्ग के विद्यार्थियों को नियमानुसार साईकल वितरण करने की मांग की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** झारखण्ड सरकार आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, रांची के ज्ञापांक 969 , 13 जून 2024 के आलोक में अनुजा अनु. जनजाति पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक छात्रा छात्राओं के साईकिल वितरण करने का आदेश दिया गया था। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक या प्राधिकृत प्रतिनिधि के सामने धात्र छात्राओं को फोटो साट कर, प्रधानाध्यापक सत्यापित कर साईकिल वितरण किया जाए। लेकिन क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद के पत्रांक 131, 22 जुलाई 2024 के आलोक में सभी प्रधानाध्यापक को आदेश दिया गया है कि सभी छात्र छात्राएं पोषाक में आयेंगे, जो पोषाक में नहीं आयेगा, उसे साईकिल नहीं दिया जायेगा। साथ ही निम्न दस्तावेज उपस्थित करना होगा। 2023- 24 के साईकिल अनुमोदन सूची, छात्रोपस्थिति पंजी 2023-24, वर्ग-8 का अंक प्रमाण-पत्र व सत्यापित आधार कार्ड, प्रवेश प्रमाण-पत्र, छात्र छात्राओं का साईकिल के साथ फोटो अनिवार्य कर दिया गया है। अध्यक्ष मो. जुबैर अंसारी ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि अभिवंचित वर्ग के छात्र छात्राओं को देखते हुए झारखण्ड सरकार के कल्याण मंत्रालय के आदेशानुसार साईकिल वितरण करने की मांग की है। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जुबैद अंसारी सचिव निर्मल कुमार कोषाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष अवधेश राम सयैद इकबाल महेंद्र बैठा संतोष कुमार रवि कंचन लाता सुरेन्द्र कुमार नरेन्द्र सिंह प्रमोद कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक कमलेश ने आम बजट का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** आम बजट 2024 पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का वह स्वागत करते है। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बेहतरीन बजट है। आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की गई है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पूर्वोत्तर व पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की दिशा में बजट प्रभावी है। बजट में सभी का खयाल रखा गया है। रोजगार सृजन से लेकर अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्राथमिकता दी गई है।

**Jharkhand Council of Educational Research & Training (JCERT), Ranchi**

**TENDER NOTICE FOR PRINTING AND SUPPLY OF ATLAS, DICTIONARY, GRAMMAR AND GENERAL KNOWLEDGE BOOKS**

**Bid No: JCERT/NPP10-07/2024/2664**

Jharkhand Council of Educational Research & Training (JCERT) invites e-bids in two bids system (Technical & Financial) from reputed and eligible printers for the printing and supply of Atlas, Dictionary, Grammar and General Knowledge books to student of Class IX, XI and XII for three years i.e. 2024-25, 2025-26 and 2026-27 studying in Government Schools under State government scheme.

**Important dates/details are as under:**

| Sl. No. | Activity | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online availability of bid document | 24.07.2024 | 10.00 am | 21.08.2024 | 06.00 pm |
| 2 | Pre-Bid Meeting | 31.07.2024 | 04.00 pm | - | - |
| 3 | **Online Bid Submission** | 24.07.2024 | 10.00 am | 21.08.2024 | 06.00 pm |
| 4 | Submission of Paper Sample | 21.08.2024 | 10.00 am | 22.08.2024 | 06.00 pm |
| 5 | Opening of Technical Bid | 23.08.2024 | 03.00 pm | - | - |
| 6 | Opening of Financial Bid | To be announced after the technical evaluation | | | |

Interested eligible bidders may view and download bid documents from the websites http://jharkhandtenders.gov.in.

Sd/-
(Aditya Ranjan, I.A.S)
Director, JCERT, Ranchi

PR 330307 Jharkhand Council of Educational Research and Training(24-25)#D

## मंत्री ने किया अन्नराज डैम पर जलक्रीड़ा व साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा सदर प्रखंड स्थित अन्नराज डैम पर जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन कार्य का मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने बोटिंग कर नौका विहार की शुरूआत की। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री स्पीड मोटर बोट, पैडल बोट, कया किंग और जेट्टी आदि की व्यवस्था की गई है। गढ़वा में अब लोगों को नौका विहार का आनंद मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने नौका विहार के लिए प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हर क्षेत्र में गढ़वा पूरी तरह से बदल रहा है। एक समय ऐसा था कि अन्नराज डैम आना मुश्किल लगता था।अब यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि डेढ़ करोड़ रूपये से अधिक की लागत से इसका सुंदरीकरण एवं आधारभूत संरचना का विकास किया गया है। यहां दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से गेस्ट हाउस बनाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इसके संचालन की व्यवस्था स्थानीय कमिटी को दी गई है। प्रशिक्षित युवा इसे संचालित करेंगे।

## गुरु सिद्ध होना चाहिए चमत्कारी नही : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** निगम क्षेत्र के सिंगरा अमानत नदी तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा के दौरान श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर वाणी संयमित होना चाहिए. गुरु राष्ट्र का समाज का और प्राणियों का मंगल व कल्याण करने वाला हो। दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो. गुरू भोगी-विलासी नहीं होना चाहिए. गुरु, संत-महात्मा का आचरण आदर्श होना चाहिए। जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आशक्ति और मन में शांति का एहसास हो वही गुरु और संत की श्रेणी में है। गुरु दम्भी और इन्द्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए. गुरु सभी स्थान व प्राणियों में परमात्मा की सत्ता स्वीकार करने वाला होना चाहिए गुरु सादगी वृति में जीवन यापन करने वाला होना चाहिए. जिनके दर्शन से सत्य, संस्कृति, संस्कार और सदाचार से जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त हो वही गुरु. शास्त्र, समाज, संस्कृति को अपनी वाणी द्वारा अभिसिंचित कर सके. स्वामी जी महाराज ने कहा कि चारों वेद का सार तत्व है नारायण मंत्र. मंत्र जितने अक्षर का हो उतने ही लाख बार जप करना चाहिए।

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (8th Call)

**PR No. 312182**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **34/2024-25** दिनांक :- 23.07.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SRK-05 /2023-24 | राजनगर | 1 SH-06 से खैरबनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.600 कि०मी०) | 1174.551 | ग्यारह करोड़ चौहत्तर लाख पचपन हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | राजनगर | 2 L074 नामीबेड़ा से चापड़ I भाया छोटा पहाड़पुर, डुमरडीहा, मगरकेला, मदुवासाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 8.400 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 3 छोटा पहाड़पुर से लखीपुर भाया असंवा, बनकाटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4.500 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 4 L040- बड़ा सिजुलता से ईटापोखर भाया गोवरधन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 6.200 कि०मी०) | | | |
| | | राजनगर | 5 भजरूडीह (सुर्यापोसी) से रघुनाथपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3 .200 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–23.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 29.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–30.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग –सह– जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,

PR 330379 Rural Work Department(24-25)D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम कड़ी साबित होगा आम बजट : सुदेश

**रांची** : वित्त मंत्री द्वारा आज पेश किए गए आम बजट पर अजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आम बजट 2024-25 विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ ही गांव, गरीबों, किसानों, युवाओं, उद्यमियों के आर्थिक व सामाजिक विकास की परिकल्पना को पूरा करेगा। यह बजट राष्ट्र समेत सभी राज्यों के समावेशी विकास को भी बल प्रदान करेगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन है।

### संत जेवियर्स में आवेदन के लिए 28 जुलाई अंतिम तिथि

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत चांसलर पोर्टल के माध्यम से सत्र 2024-28 के लिए स्नातक के सभी रेगुलर पाठ्यक्रमों में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28/07/2024 निर्धारित की गयी है। कॉलेज ने पहली बार चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया शुरू की है। चांसलर पोर्टल से कॉलेज के 15 रेगुलर कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। कॉलेज में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल- https://jharkhanduniversities.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के अंतिम तिथि के पश्चात विद्यार्थीयों के लिए एंट्रेंस टेस्ट सम्बन्धी जानकारी कॉलेज वेबसाइट- https://s&cran.org पर उपलब्ध करा दी जाएँगी। पाठ्यक्रम की अहर्ता पोर्टल पर मौड है। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के हेल्पडेस्क नंबर- 7542920586/ 8538970586 पर सुबह 09 से शाम 04 बजे तक कॉल या व्हाट्सएप्प कर सकते हैं।

# आम बजट को किसी ने सराहा, तो किसी ने नकार दिया

## यह बजट विकासोन्मुख ,युवा केंद्रित और सर्व समावेशी बजट है : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मोदी सरकार 3.0के द्वारा सदन में प्रस्तुत पहले बजट की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने कहा कि यह बजट सर्व समावेशी ,युवा केंद्रित और विकासोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशा एवं आकांक्षाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को भी गतिशीलता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं केलिए यह बजट सुनहरा अवसर लेकर आया है। स्किल डेवलपमेंट के साथ साथ 5वर्षों में 4करोड़ रोजगार की व्यवस्था देश के विकास में युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करेगा।कहा कि गरीब,युवा,अन्नदाता और महिला ये चार स्तंभों पर बजट आधारित है। साथ ही पूर्वोत्तर को विकास केंद्रित क्षेत्र जिसमे बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल,आंध्र प्रदेश,असम प्रदेश शामिल हैं। पूर्वोत्तर के विकास को सुनिश्चित कर भारत में नया सवेरा लाने की दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता प्रतुल शाह देव,अविनेश कुमार सिंह,राहुल अवस्थी,एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव, सीए धर्मेंद्र सिन्हा,एडवोकेट मनोज बक्शी,, सीए रमेश चौधरी, सीएस प्रदीप जालुका आदि उपस्थित थे।

### यह बजट देश को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा : संजय सेठ

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने आज देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2024- 25 का बजट पेश करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा आज का बजट विकसित भारत की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने की दिशा में आज का बजट ऐतिहासिक है। आज के इस बजट में मध्यवर्गीय, किसान, महिलाएं ,और युवाओं, को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा आज के इस बजट में किसान, मध्य वर्ग ,और युवाओं को बजट में बड़ी सौगात दी गई है। कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड रुपए दिए गए हैं। युवाओं के लिए रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड आवंटित किए गए हैं। 500 बड़ी कंपनियां में एक करोड़ युवाओं को इंटरशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। वहीं एक करोड़ छात्रों को 5000 मासिक भत्ता दिया जाएगा। हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक लोन, कैंसर मरीजों को राहत देते हुए तीन दबाव पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का प्रस्ताव यह मध्य वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले सभी लोगों का पूरा ख्याल रखा है। देश के चौमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 25000 ग्राम वासियों बस्तियों को मौसम के अनुकूल सड़क उपलब्ध कराना हो, आदिवासी समाज की समृद्धि मोदी की गारंटी है प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त किया जाएगा।

## यह आम बजट नहीं बल्कि पूंजीपतियों को खुश और मुनाफा कमाने वाला बजट है : सीपीआई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवम जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है कि वित्त मंत्री के द्वारा पेश किया गया आम बजट देश के नौजवानों,महिलाओं ,किसानों और दलित और आदिवासियों को धोखा देने वाला है , वह केवल ढपोर शंख घोषणाएं हैं। लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के कारण और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए बजट में ढपोर शंखी घोषणाएं की गई है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा,और स्वास्थ और किसानों के सम्मान से खिलवाड़ किया गया है। आवश्यक दिनचर्या और खाद्य पदार्थों पर टैक्स में कोई छूट नहीं दी गई है।इसलिए यह आम बजट पूंजीवाद को फायदा और देश की 80 प्रतिशत जनता मजदूर छात्र नौजवान एवं विकास से वंचित लोगो के पर बोझ डालने वाला बजट है। केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है जो देश की 80 प्रतिशत जनता के हित में नहीं है।

### आम बजट अदूरदर्शी, झारखंड को निराश करने वाला : कैलाश यादव

रांची : प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश के आम बजट को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, वितमंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा आम बजट बेहद निराशाजनक रहा,झारखंड को नजरंदाज किया गया , इस बजट से युवाओं को कोई लाभ नहीं मिला, बेरोजगारी,महंगाई जस का तस रहेगा , निम्न मध्यम वर्ग को कोई फायदा नहीं हुआ, गृहणियों कोई राहत नहीं घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल,डीजल खाद बीज में कोई राहत नहीं,श्रमिको को कोई विशेष लाभ नही,भारी उद्योग कारखाना के रिवाइवल के लिए कोई प्रावधान नहीं ! शिक्षा चिकत्सा और स्वास्थ में आशा के अनुरूप कुछ भी नही सोशल नेटवर्किंग के देश में तकनीकी संस्थान को बढ़ावा देने का कुछ भी नही ! भारत एजुकेशनल हब रहा है,दूरदर्शी विजन का अभाव है जिस कारण मल्टीनेशनल कंपनियां अपना पांव पीछे खींच रही है ! यह बजट स्वतंत्र भारत का सबसे कमजोर है !

## विश्व आदिवासी को लेकर केंद्रीय सरना समिति एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों की तैयारी शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस को लेकर केन्द्रीय सरना समिति एवम विभिन्न आदिवासी संगठनों ने अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है। मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क में एक बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक नेतृत्व केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने किया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

आदिवासी परंपराओं के अनुसार धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। बैठक में अजय तिर्की ने बताया कि सरहूल के तर्ज पर इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भेष, भूषा, ढाक, नगाड़ा, के साथ और सभी आदिवासी लोग मेन रोड में उतरेंगे और सभी खोड़ा दलों को 5 सखुआ पेड़ और मुर्गा मुर्गी सहित खोड़ा दलों को 5 हजार रुपया का इनाम देना का घोषणा किया है। इस मौके पर विकास टोप्पो, अजीत उराँव, अनिल लिंडा,रुपचंद तिर्की, विजय कच्छप, गएना कच्छप, सचिन कच्छप, मुन्ना मिंज, जयंत कच्छप, सिता खलखो, विनिता, फूलजेनसिया लिंडा सुभानी, सुचीता, लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर एनसीसी कैडेट्स व आर्मी ड्राइवर के बीच चला जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए डीटीओ रांची अखिलेश कुमार द्वारा निदेशानुसार कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में दीपाटोली कैंप में सड़क सुरक्षा का स्टॉल लगाते हुए कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया एवं एनसीसी कैडेट्स तथा आर्मी ड्राइवर के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु डीटीओ अखिलेश कुमार एवं सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार के द्वारा दीपाटोली कैंप में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में हथियार तथा उपकरणों का प्रदर्शन करते हुए सड़क सुरक्षा का स्टॉल लगाया गया । इस समारोह में उपस्थित आर्मी ट्रक ड्राइवर्स तथा एनसीसी कैंडिडेट का संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार एवं आर्मी पुलिस के अधिकारी उपस्थित थें। राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। गौरव कुमार द्वारा एमवी एक्ट तथा इसके उलंघन करने वालों पर की जाने वाली करवाही के संदर्भ में बताया गया। सड़क दुर्घटनाओं में हिट एंड रन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सड़क दुर्घटनाओं में मदद करने वालों गुड स्मार्टनेस मिलने वाले प्रोत्साहन राशि की बारे में जानकारी दी गई।

## श्रावण मास की पहली सोमवारी को हर हर महादेव से गुंजा पहाड़ी मंदिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हर हर महादेव आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास की पहली सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5-00 बजे पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की नवदुर्गा के स्वरूप डैजल डांस एकेडमी के कन्याओं एवं पहाड़ी बाबा के भक्तों के द्वारा सैकड़ों दियों से भव्य संध्या महाआरती की गई। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजानमैय हो गया उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही बाबा भोलेनाथ के गानों में सभी भक्त गण झुम कर पहाड़ी बाबा को नमन करते हुए पहाड़ी बाबा से प्रार्थना किए कि पूरे भारत में सुख शांति और समृद्धि व्याप्त हो। नन्द किशोर सिंह चंदेल,जय सिंह यादव , उज्जवल कुमार सिन्हा ,रिकी यादव, गीत देवी,सरजू राय,अमूल्य कुमार पिंटू, दीपक ओझा, विनय कुमार,बंटी यादव, श्याम किशोर सिंह,नीतू सिंह, बबिता सिंह, मधु सिंह,पवन मिश्रा,टीना शाहदेव, ज्योति जी, गीता देवी, सबिता देवी, उषा शर्मा, संध्या देवी,लखन कुमार, शशि कुमार, अमन ठाकुर, मोनू शर्मा, विकास कुमार, विक्रांत कुमार, सुजल सोनी, अमूल्य कुमार, टी.के. मुखर्जी, लखन कुमार, अमन ठाकुर, अजीत सिंह, अमित सिंह चंदेल, सौरभ वर्मा, हर्ष कुमार, पवन मिश्रा, विकास सिंह अरविंद कैलाशी, धर्मेंद्र पाठक, शशि कौशिक, अंशु सिंह,बंटी।

## सीईओ की मतदाताओं से अपील, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम जरूर जांच लें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा इस मतदाता सूची के प्रारूप को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे 25 जुलाई को सुबह अपने मतदान केंद्र जाकर अपना नाम इस ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में जरूर चेक कर लें। यदि कोई विसंगति हो तो तत्काल अपने बीएलओ को बताएं। के. रवि कुमार राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशिष्ट संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को होने वाले मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संदर्भ में निर्वाचन सदन में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लोग चाहें तो घर बैठे ही निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन माध्यमों जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से भी अपना नाम जांच सकते हैं। मतदाता मोबाइल से एसएमएस के माध्यम से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। इसके लिए अपने नंबर से आईसीआई लिखकर फिर एक स्पेस देकर अपना मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नंबर लिखकर 1950 पर मैसेज करने से मतदाता पंजीकरण से जुडी जानकारी मेसेज से ही उपलब्ध हो जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि हम अभी से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर लेंगे तो फिर चुनाव के समय कोई असहज स्थिति नहीं आती है अन्यथा चुनाव के समय कहीं कहीं ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि उनका मतदाता पहचान पत्र है लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं है।

आगामी चुनाव के दौरान ऐसी अप्रत्याशित स्थितियों से बचने के लिए ही यह नाम जांचों अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने राज्य के आम मतदाताओं, राजनीतिक दलों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स आदि सभी वर्गों से अपील की कि वे इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए आम लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित करें।

## युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की कार्यकारणी बैठक राँची प्रेस क्लब में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक सन्नी सिंह और विकाश झा ने किया।इस बैठक में मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु जैन , प्रदेश प्रभारी इशिता से?ा , प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज , राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी एवं सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी विक्की वडोरिया उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य अगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया की तैयारी एवं कार्य प्रणाली की समीक्षा की गई, साथ ही सोशल मीडिया को बेहतर रूप से इस्तेमाल करते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक एवं घर-घर तक पहुंचाने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में अभिजीत राज जी ने सोशल मीडिया के सभी साथियों का आह्वान करते हुए कहा की 1 अगस्त से हर घर खटाखट को घर-घर तक पहुंचाना सोशल मीडिया की जिम्मेदारी है, और इस विधानसभा चुनाव में उनका रोल अत्यंत ही महत्वपूर्ण है वहीं झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस की प्रभारी इशिता सेढ़ा ने कहा कि की सोशल मीडिया के माध्यम से ही हम आम जनों तक सरकार के किए गए कार्यों को पहुंचा सकते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु जैन ने अपने संबोधन में कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस अपनी बातों को जनता तक पहुंचती है, जबकि गोदी मीडिया इससे परहेज करती है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अफताब आलम, सत्यम सिंह, देव शर्मा, उज्वल प्रकाश तिवारी, सौरव अग्रवाल, प्रदेश महासचिव फहद खान, अभिजीत कमल, मोती पासवान, संजय कुमार, अकरम वारिस, नीरज कुमार, चंदन सिंह, मजहर आलम आदि सभी जिलों के सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## जान मारने की धमकी देने से जुड़े मामले में नौ आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : एसडीजेएम आरएस टोपनो की अदालत ने मंगलवार को जान मारने की धमकी देने से जुड़े आठ साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहे नौ आरोपितों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इसमें सिकिदिरी निवासी प्रेमनाथ बेदिया, धनेश्वर बेदिया, हरिनाथ उरांव, कुलदीप बालमुचू, राजेन उरांव, इतवा उरांव, सिलाश उरांव, शिवधर महतो उर्फ नीरज कुमार एवं हजारीबाग निवासी अभय कुमार राय शामिल है। इन लोगों पर अनगड़ा के तत्कालीन श्रम प्रवर्तन अधिकारी नरेंद्र सिंह को बंधक बनाकर पेड़ से बांध देने और दोबारा गांव में आने पर जान से मार देने की धमकी का आरोप था। तत्कालीन श्रम प्रवर्तन अधिकारी 3 फरवरी 2016 को अनगड़ा में निर्माणधीन सड़क के देखने गए थे। निर्माण को लेकर वहां के मजदूरों से पूछताछ कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें बंधक बना लिया गया था। घटना को लेकर नरेंद्र सिंह ने सिकिदिरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लेकिन अदालत के कई बुलावे के बाद ने तो सूचक और ना ही मामले के जांच अधिकारी सुधीर प्रसाद सिंह गवाही देने पहुंचे। इसी का लाभ आरोपितों को मिला और अदालत ने उन्हें बरी कर दिया।

### झामुमो के कोल्हान प्रमंडल के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन के सभागार में मंगलवार को हुई। बैठक में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया।

## सहायक पुलिसकर्मियों ने दोबारा आंदोलन शुरू करने की घोषणा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सोमवार को सरकार के विधायकों के साथ लम्बी वार्ता के बाद आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों ने अपना कदम पीछे कर लिया और फिर से आंदोलन करने की घोषणा कर दी है। मोरहाबादी मैदान में आन्दोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों का आन्दोलन फिलहाल समाप्त नहीं करेंगे । बता दें कि सरकार की ओर गठित समिति के साथ वार्ता में पांच बिंदुओं पर सहमति बनी थी। इसके बाद सहायक पुलिकर्मियों ने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की थी। लेकिन सहायक पुलिसकर्मी अपना आन्दोलन समाप्त नहीं करेंगे। उनका कहना है कि वह आन्दोलन तभी समाप्त करेंगे जब 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में उनकी मांगों को मंजूरी मिल जायेगी। अगर उनकी मांगें कैबिनेट की अगली बैठक में नहीं मानी जाती हैं तो उनका आन्दोलन आगे जारी रहेगा।

**इन मांगों पर बनी थी सहमति**

**समायोजन:** वनरक्षी, उत्पाद सिपाही और होमगार्ड के रिक्त पदों के विरुद्ध 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान करने तथा जिला बल के अधीन आरक्षी के रिक्त पदों के विरूद्ध की अधिमान्यता जो नियमावली के तहत मान्य है, पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में जो विज्ञापन निकल चुके हैं उसे छोड़कर भविष्य में निकलने वाले विज्ञापन पर लागू होगा। मानदेय बढोत्तरी- समिति की ओर से सरकार को इनके की अनुशंसा का निर्णय लिया गया है साथ ही समिति के जरिये यह भी निर्णय लिया गया कि आरक्षी पुलिसकर्मी को सलाना अनुमान्य वर्दी भत्ता के समतुल्य राशि की स्वीकृति देने पर सरकार से अनुशंसा की गई। संविदा अवधि का विस्तारण- सहायक पुलिस कर्मियों के वर्तमान में समाप्त हो रहे संविदा अवधि की तिथि से अगले एक वर्ष के लिए संविदा अवधि के विस्तारण का निर्णय समिति द्वारा लिया गया, जिसकी अनुशसा सरकार से की गई। मातृत्व अवकाश- समिति द्वारा मानवीय आधार पर अनुमान्य मातृत्व अवकाश की स्वीकृति महिला सहायक पुलिस कर्मियों को देने पर सरकार से अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन आगे अब क्या होगा आज कैबिनेट की बैठक में निर्णय आने के बाद ही कुछ हो सकेगा।

## आदिवासी महिलाओं के प्रति भाजपा नेताओं का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का झारखण्ड की आदिवासी महिलाओं एवं लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण उनके वक्तव्यों से पूरी तरीके से स्पष्ट है। तिर्की ने कहा कि किसी भी दृष्टिकोण से आदिवासी महिलाओं और युवतियों के मान-सम्मान को राजनीतिक हथियार बनाने से भाजपा नेताओं को बाज आना चाहिये और यह बिल्कुल गलत है कि बाहर से आनेवाला कोई भी नेता जब-तब आरोप लगाये और आदिवासी महिलाओं की अस्मिता एवं उनके सम्मान से खिलवाड़ करे। तिर्की ने कहा कि चाहे झारखण्ड के भाजपा नेता हों या फिर दिल्ली या किसी अन्य क्षेत्र से आनेवाले कोई भी नेता लेकिन वे महिला उत्पीड़न, लव जिहाद और विशेष रूप से संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों को जिस तरीके से ना केवल अपनी सभाओं या बैठकों बल्कि मीडिया में भी रखते हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण है और यह उनके संकुचित और दुर्भाग्यपूर्ण नजरिये को ही बताता है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा के साथ ही बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी और अन्य अनेक नेता हमेशा संथाल परगना क्षेत्र में डेमोग्राफी में परिवर्तन और महिलाओं के साथ लव जिहाद जैसी बातें करके मीडिया और लोगों का ध्यान तो अपनी ओर खींच लेते हैं लेकिन ऐसा वे बिना किसी आँकड़े, प्रमाण और थाने में दर्ज मामले की संख्या के ही करते हैं. उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं के मान-सम्मान को राजनीति में घसीटना भाजपा नेताओं की पुरानी आदत है और इससे आदिवासियों में गुस्सा है। तिर्की ने कहा कि भाजपा नेताओं का रवैया और वक्तव्य, आदिवासी महिलाओं और युवतियों के प्रति उनके दृष्टिकोण, चाल, चरित्र और चेहरे को ही बताता है।

तिर्की ने कहा कि यदि भाजपा नेताओं के पास कोई पुख्ता प्रमाण है तो उसे सामने लाना चाहिये अथवा उन्हें सक्षम अथॉरिटी के पास अपनी शिकायत दर्ज करवानी चाहिये ना कि अखबार और मीडिया की सुर्खी बनने के चक्कर जब-तब बिना प्रमाण के आरोप लगाना चाहिये।

### हेमंत सोरेन ने झारखंड को तुष्टिकरण की आग में झोंका : प्रतुल

**रांची :** भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाजपा पर हिंदू, मुस्लिम करने के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को कहा कि हेमंत सरकार ने पांच वर्ष जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण का नंगा नाच किया। बहुसंख्यकों की भावना को चोट पहुंचाया। प्रतुल ने कहा कि इसी सरकार ने सर्वप्रथम हिंदू फल दुकान लिखने पर जमशेदपुर में एक व्यक्ति को जेल भेज दिया था।


## झारखंड विधान सभा सचिवालय

### आवश्यक सूचना

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है की पंचम झारखंड विधान सभा का सप्तदश (मानसून) सत्र दिनांक : 26/07/2024 (शुक्रवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैद्य पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, रांची।

ज्ञाप संख्या:-जनसम्पर्क-03/2024-1833/वि0स, रांची, दिनांक-23/07/24

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मैथेमेटिक्स ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल मूरी के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन




**मूरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित मैथेमेटिक्स ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 60 बच्चों ने स्वर्ण पदक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। जिसमें कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया था। विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता बच्चो को स्वर्ण पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के परीक्षा छात्र छात्राओ के स्वर्णिम भविष्य में सहायक होते हैं। उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का मौका भी मिलता है।स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहे की जितना अधिक आप प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेंगे, उतनी ही अधिक आप अपने छिपी प्रतिभा को निखारेगें और आपको अधिक सफलता मिलेगी। स्कूल के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेताओं को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य की लिए शुभकामनाएं भी दिए एवम् सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिए ।मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए सपना दत्ता, एन. सी. साहु, अभिरूप दत्ता ,श्वेता भेंगरा, वि. वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बड़ाईक, सीमा झा, सौनाली कुमारी तिवारी, इन्नी कश्यप, जयंत कुमार , अनुग्राह कुमार, रमेश गौराई एवम् सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पंजाब नेशनल बैंक के नये शाखा प्रबंधक नोवेल तिर्की ने दिया योगदान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**पंजाब नेशनल बैंक शाखा बचरा के नये शाखा प्रबंधक के रूप में नोवेल तिर्की ने अपना योगदान दे दिया है।शाखा प्रबंधक के रूप में योगदान देने के बाद उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है।इस मौके पर बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर नये शाखा प्रबंधक नोवेल तिर्की का स्वागत किया।इस संबंध में शाखा प्रबंधक नोवेल तिर्की ने कहा कि बैंक में ग्राहकों को बेहतर सेवा देना पहली प्राथमिकता है।बैंक के सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए काम करेंगे।इसके साथ ही ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।ज्ञात हो कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा बचरा के पूर्व शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार का तबादला कर दिया गया है,जबकि उनके स्थान पर नोवेल तिर्की को पंजाब नेशनल बैंक शाखा बचरा का नया शाखा प्रबंधक बनाया गया है।इस मौके पर बैंक के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# वर्षों से पक्की सड़क की बांट जोह रहे हैं जराटोली गांव के ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड कराँजी पंचायत के एनएच 23 जराटोली मोड़ से दिघिया मिशन तक जाने वाली लगभग 3 किलोमीटर लम्बी मुख्य सड़क की स्थिति जर्जर है। इस सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीण लम्बे समय से निर्माण का मांग कर रहे हैं। लेकिन अबतक निर्माण नहीं हो पाया है। इसे बनाने को लेकर सरकारी अफसरों व जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी नहीं ली। स्थानीय सता में भी कई बार परिवर्तन हुए, पर सड़क में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। सरकार भले ही ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का ढिढोंरा पीटती हो किंतु जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में जाने के लिए पक्की रोड नहीं रहने से बरसात में उन्हें घोर संकट का सामना करना पड़ता है। जगह-जगह गड्ढे हैं।



सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को यातायात में बहुत परेशानी होती है। जब भी चुनाव आता है, तो जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी आश्वासन की देकर चले जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद किसी को इस गांव की याद नहीं आती है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजनाएं गांव पहुंचते-पहुंचते खत्म हो जाती हैं। अपनी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार में भी प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखा था। लेकिन हम गांव वासी आज भी सड़क से वंचित हैं। विकास के दौर में आज भी गांव पिछड़ा हुआ हैं। कोई भी प्रखंड व जिला के अधिकारियों ने इस गांव की हालत को नहीं देखा। गांव के लोग आज भी पक्की सड़क बन जाने की आस लगाए बैठे हैं। इस सड़क पर बने गढ्डों से बरसात ही नहीं, गर्मी के दिन में भी चलना मुश्किल हो जाता है। बरसात के मौसम में तो सड़क नाली में तब्दील हो जाता है। बरसात के दिन सड़क में हजारों लोगों की आबादी वाले गांव के लोगों हर दिन भगवान का नाम लेकर चलना पड़ता है। सन 1999 में मोरमी कारण कर कच्ची रोड बनाकर छोड़ दिया गया है 24 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक पक्का सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। मेहनत मजदूरी करने वाले गांव के अधिकतर लोग सुबह होते ही रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे गांव निकल जाते हैं। सड़क के बनने से गांव में रोजगार के नये द्वार खुलते।

# विकाश की राजनीति करता है आजसू पार्टी : रौशनलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे मंगलवार को आजसु पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसु पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि मे रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो और वरिष्ट श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव मौजुद थे।इस समारोह की अध्यक्षता पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह और संचालन प्रभाकर वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर एवं माला पहनाकर किया गया।इस समारोह में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने,बुथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने, सदस्यता अभियान चलाने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम मे बड़कागांव विधानसभा चुनाव में रोशनलाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है।बुथ स्तर पर चूल्हा प्रमुख बनाकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आजसु पार्टी पुरे राज्य मे विकास की राजनीति करती है।इसलिए बुथ स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का काम किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम जनता की समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई ज्वलंत समस्या पर चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का आह्वान किया।वर्तमान की झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त महागठबंधन ने जो वादा किया था उसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है।आगामी चुनाव में राज्य की जनता एनडीए गठबंधन के साथ है। कार्यक्रम के दौरान कोयला मजदूरों के अलावा स्थानीय समस्या से भी उन्हें अवगत कराया गया,जिसका समाधान करने का उन्होंने भरोसा दिया।इस कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को रोशन लाल चौधरी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य उमेश मेहता ने किया।इस मौके पर नागेश्वर महतो,भीम सिंह यादव,रामु गोप,बिनोद सिंह,रमेश महतो,लक्ष्मण मंडल,अशोक रवि,उगन महतो,अर्जुन महतो,प्रभाकर वर्मा,हरिवंश महतो,पप्पू सोनी,अनिल यादव,काशीनाथ महतो, कुमुद कुमार,प्रकाश लोहार, दिलनवाज अंसारी,रौशन गोस्वामी,रामबच्चन यादव, सुरेन्द्र राम,अवधेश महतो, उमेश मेहता सहित कई कार्यकर्ता मौजुद थे।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने बजट को लेकर दी प्रतिक्रिया

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।यह बजट विकसित भारत के भविष्य निर्माण का बजट है।आदिवासियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है।11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है।बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणाएं पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करता हूँ।

## इसुजु ने आई-केयर मानसून कैंप शुरू किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इसुजु मोटर्स इंडिया अपने डी- मैक्स पिक-अप और एसयूवी के लिए देश भर में इसुजु ।-केयर मानसून कैंप शुरू करने जा रही है। इसुजु केयर कार्यक्रम के तहत इस पहल का उद्देश्य व्यापक निवारक रखरखाव जाँच और विशेष लाभ प्रदान करना है, जिससे मानसून के मौसम में ड्राइविंग का अनुभव सहज हो।मानसून कैंप 22 से 28 जुलाई, 2024 तक सभी अधिकृत इसुजु डीलर सर्विस आउटलेट पर आयोजित किया जाएगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिए विशेष ऑफ़र और लाभ उठा सकते हैं। यह कैंप अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दुर्गापुर, कोलकाता, मुंबई और कई अन्य स्थानों सहित कई स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।दुर्गापुर में, इसुजु के मानसून कैंप में काफी दिलचस्पी दिखाई देने की उम्मीद है। शहर के औद्योगिक परिदृश्य और मानसून की स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों के साथ, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वाहन शीर्ष स्थिति में हों।

## पिपरवार के हाईवा मालिको ने भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर कोयला ढुलाई कराया बन्द



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वासरी से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के कार्य में लगे हाइवा डंपर के मालिकों ने मंगलवार की सुबह बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर कोयला ढुलाई का काम बंद करा दिया।कोयला ढुलाई का काम बंद होने के बाद बचरा पीपल चौक के पास ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर हाईवा डंपरों की लंबी कतार लग गई।इस दौरान सभी हाईवा डंपर के मालिक एक जगह एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की।इस संबंध में डंपर मालिकों ने बताया कि एकेटी ट्रांसपोर्ट कंपनी का कोयला ढुलाई का काम 3 जून 2024 तक चला है,जिसके बाद एकेटी कंपनी का संविदा खत्म हो गया,इसके बाद जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का काम चालू हो गया।एकेटी कंपनी को सीसीएल के द्वारा पेमेंट कर दिया गया है, लेकिन एकेटी कंपनी के द्वारा हाईवा ऑनरो को मई महीने का भाड़ा का भुगतान नही किया जा रहा है,जिसके कारण हाईवा ऑनरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हाईवा ऑनरो ने पिपरवार जीएम को ज्ञापन सौंपकर बकाया भाड़ा भुगतान कराने की मांग की थी,लेकिन प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया,जिसके कारण बाध्य होकर सभी हाईवा ऑनरों ने स्वेच्छा से अपने-अपने वाहन को खड़ा कर दिया है,जिसके कारण कोयला ढुलाई का काम बन्द है।डंपर मालिकों ने कहा कि जब तक बकाया भाड़ा का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक कोयला ढुलाई का काम बंद रहेगा।इधर इसकी सूचना पाकर स्थानीय सीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचकर डंपर मालिकों के साथ वार्ता की,लेकिन वार्ता विफल रहा।समाचार लिखे जाने तक सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद है।इस मौके पर अनिल पाण्डेय, राजेन्द्र गुप्ता,सुभाष साव, राजु महतों,छोटु खान,उमेश यादव,छोटू सिंह,कोलेश्वर महतो,मनराज महतो,रविंद्र महतो,मुन्ना खान,गणपति महतो सहित काफी संख्या में डंपर मालिक मौजूद थे।

## जर्जर पुल की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डुमरगड़ी व बमरजा पंचायत के लोगों ने मंगलवार को कर्रा- बेड़ों मुख्य पथ के पहाड़ टोली गांव समीप आवागमन को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था कि मांग को लेकर खूंटी जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुबैर अहमद के माध्यम से जिला उपायुक्त खूंटी लिखित ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञात हो कि राष्ट्रीय उच्च पथ एन एच 143 ए जी को कर्रा- बेड़ों जाने वाले सड़क पर कुछ पुल जर्जर अवस्था होने के कारण भारी वाहनों को आने जाने में वर्जित किया गया है जो कि उचित हैं लेकिन कुछ दिनों से पथ प्रमंडल द्वारा पहाड़ टोली गांव के पास पुल में बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किये हुए दोनों तरफ मिट्टी भरकर पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण निजी व हल्के वाहनों का भी परिचालन भी पूर्ण रूप से बंद हो गया है. जिससे ग्रामीणों को प्रखंड, जिला एवं बच्चों को पढ़ाई हेतू स्कूल कॉलेज आने जाने का आवागमन बाधित हो गया है. यहां तक कि पथ प्रमंडल द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं देने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ लोगों की रोजमर्रा कि ज़िन्दगी में आवागमन से गहरा असर पड़ा है लोग विकास से कोसो दूर हो गये है बीमार व्यक्ति को सीएचसी कर्रा ले जाना भी काफी चुनौति भरा हुआ कार्य समझा जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीण गुहार में गुहार लगा रहे है.

## हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने किया मेडिकल किट का वितरण



**सिल्ली :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने सीएसआर पहल के अंतर्गत सिल्ली ब्लॉक के एकीकृत स्वास्थ्य केंद्रसीएससी में कार्यरत के लिए मेडिकल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे हिंडालको इकाई के हेड श्री रोहित चौरसिया सिल्ली ब्लॉक के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती रेणु बाला, सिल्ली के प्रभारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी और हिंडालको सीएसआर हेड श्री अनिल सिंह ने इस कार्यक्रम को सम्मानित किया! मेडिकल किट में शामिल उपकरणों में बीपी मॉनिटर मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन, स्टेथोस्कोप, ऑक्सीमॉनिटर आदि शामिल है, जो नर्स को अधिक योग्यताएं प्रदान करेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारेंगे ।

## किसान जनाधिकार मंच ने जिंतुडीह गांव के लोहरा टोली में बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सोनाहातु :** रांची जिला अंतर्गत सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र के जिन्तुडीह गांव के लोहरा टोली में मंगलवार को गुणोधर लोहरा की अध्यक्षता में किसान जनाधिकार मंच की एक बैठक रखी गई जिसमें गांव के विभिन्न जन समस्याओं पर चर्चा की गई तथा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू के निर्देशानुसार गठन किया गया बैठक में मुख्य रूप से किसान जनाधिकार मंच के पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष लाल सिंह मुंडा मुकुंद प्रमाणिक सनत सिंह देव धनंजय महतो ग्राम समिति का गठन किया गया और कहा गया कि प्रत्येक गांव में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम समिति का गठन किया जाएगा बैठक में सर्व समिति से निम्नलिखित पदाधिकारी का चयन किया गया है जिनमें अध्यक्ष गुणोधर लोहरा,कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र लोहरा,उपाध्यक्ष हाड़ीराम लोहरा,महासचिव राजेंद्र उरांव,सचिव शिवेश्वर लोहरा, संगठन सचिव बुद्धेश्वर लोहरा,कोषाध्यक्ष हरेंद्र लोहरा,कार्यकारिणी सदस्य गुरुचरण लोहरा,धनेश्वर लोहरा,मनोज लोहरा, शम्भु लोहरा आदि हैं ।

## कर्रा में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की हुई बैठक



**खूंटी :** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक इतवार बाजार में विजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की मांगों को झारखंड सरकार के समक्ष कर्रा वीडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौपा गया। बैठक में जनहित के मुद्दों को भी सरकार के समक्ष रखा गया है। मोर्चा के के द्वारा मुख्यमंत्री को 10 सूत्री मांग के अलावा जिले के तमाम प्रखंड अंचल कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमिता को दूर करने एवं ग्रामीण जनता को समस्याओं को प्रतिशत निराकरण करने के संबंध में बात कही गई। आंदोलनकारी मोर्चा के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन में लिखा गया कि झारखंड आंदोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता समाप्त हो।

## कर्रा में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्रखंड के कृषि तकनिकी केन्द्र कर्रा में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला में बीटीएम स्नेहलता तिग्गा ने कृषि विभाग कि योजनाओं जानकारी देते हुए मिलेट मिशन योजना अन्तर्गत मडुवा लगाने वाले किसानों को सरकार द्वारा प्रति एकड़ तीन हजार रूपया दिया जाना है जिसके लिए सीमा 10 डीसमील से पांच एकड़ तक है वही एस एच जी, केसीसी, एस आर आई, किसान सामृद्धि योजना के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया.

पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सौरभ आनन्द ने पशुओं के टीकाकरण, टैगिंग, पशुओं में अन्य बिमारी व उपचार तथा पशुपालन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सरकार की योजनाओं का जानकारी दिया.

कार्यशाला के दौरान प्रगतिशील किसान श्याम सुन्दर कुमार, सनम उरांव व संदीप संगा द्वारा खेती की सफलता का अनुभव किसानों के बीच साझा किया गया.

## टीआरडब्ल्यू इटकी का निरीक्षण करने पहुंची विधायक शिल्पी



**इटकी :** मांडर विधानसभा क्षेत्र मे ट्रांसफर्मर को लेकर हो रही बड़ी समस्या को देखते हुए इटकी स्थित टी.आर.डब्लू का औचक निरीक्षण करने पहुंची विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के कई सारे खराब ट्रांसफर्मर को पाया। जिसे देख कर्मचरियों को हिदायत दी कि आप सभी लोग अपने कामों मे तेजी लाये। ताकि क्षेत्र मे ट्रांसफर्मर को लेकर जो समस्या है उसका जल्द निराकरण हो पाये। विधायक ने बिजली विभाग के कई पदाधिकारियो से भी बात की. और मांडर विधान सभा क्षेत्र मे बिजली की समस्या के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

# मां बेटी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढमू थानान्तर्गत ग्राम-साडम तालाब में एक महिला एवं एक बच्ची का शव पड़ा हुआ है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अविलम्ब थाना से पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल प्रस्थान किया तथा उक्त घटनास्थल पर पहुँचकर मृतिका एवं एक बच्ची का शव ग्रामिणों के मदद से तालाब से निकाला गया। चौकिदार एवं ग्रामीणों के द्वारा मृतिका का पहचान-संगीता देवी उम्र 25 वर्ष , -साडम, थाना-बुढमू, जिला-रॉची एवं उसकी ढाई वर्ष की बेटी-अनुष्का के रूप में की गई । मृतिका के पति द्वारा भी अपनी पत्नी एवं बेटी को पहचान की गई। शव को देखने से प्रथम दृष्यता गला दबाकर हत्या करने के उपरांत शव को तालाब में फेंकने का मामला प्रकाश में आया । शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। इस घटना के क्रम में मृतिका के पिता डहरू महतो द्वारा लिखित आवेदन देकर मृतका के पति डब्लू यादव एवं उनके सभी ससुराल वालो के विरूद्ध दहेज के कारण हत्या करने का आरोप लगाया गया है। घटनाक्रम के बीच पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर मृतिका के पति डब्लू यादव, को हिरासत में लिया गया जहाँ पूछताछ के क्रम में अपना अपराध स्वीकार किया तथा इनके निशानदेही पर मृतिका के शव को तलाब तक ले जाने वाली साईकिल को बरामद किया गया है।

**छापामारी दल के सदस्य :** पुअनि रामजी कुमार, थाना प्रभारी, बुढमू थाना, पुअनि रवि रंजन कुमार, बुढमू थाना, हव/299 छक्कू किस्कू बुढमू थाना, आ0-1884 राजेश कुमार सिंह, बुढमू थाना, आ0/3143 अरविन्द पासवान बुद्धमू थाना, आ0-1206 सुरेन्द्र कुमार पासवान बुढयू थाना, आ0-3263 सतोष दास, बुढमू थाना। 08. आ0/2123 चुनमुन सिंह, बुढमू थाना।

## वेतन भुगतान की मांग को लेकर मजदूरों ने बचरा साइडिंग को पांच घंटे रखा बंद

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों ने मंगलवार की सुबह वेतन भुगतान की मांग को लेकर काम काज को बंद करा दिया।इस दौरान सभी असंगठित मजदूर बचरा साईडिंग में जमा होकर कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि बचरा साईडिंग में सभी असंगठित मजदूर पूरी मेहनत के साथ अपना काम कर रहे हैं,लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मजदूरों ने कहा कि समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर कंपनी के प्रतिनिधियों को कई बार लिखित आवेदन दिया जा चुका है,लेकिन कंपनी के द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जाता है,वही सीसीएल प्रबंधन के द्वारा भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिसके कारण मजदूरों को घर-परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।इससे आक्रोशित साईडिंग के असंगठित मजदूरों ने काम को बंद करा दिया है।इधर बचरा साईडिंग बंद होने की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी, कंपनी के लोग एवं सीआईएसएफ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और मजदूरों के साथ वार्ता किया।इस वार्ता मे काफी विचार विमर्श के बाद सीसीएल प्रबंधन की पहल पर कंपनी के द्वारा सभी मजदूरों के बैंक खाते में वेतन का भुगतान कराया गया। वेतन का भुगतान होने के बाद सभी मजदूर शांत हुए और करीब पांच घंटे के बाद बचरा साईडिंग का काम-काज चालू हो सका। इस मौके पर कई सीसीएल अधिकारी,कंपनी के प्रतिनिधि,सीआईएसएफ के अलावा काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

# एसीसी के माइनिंग लीज नवीकरण आवेदन को निरस्त कर पूरा जमीन अधिग्रहण करे सरकार

**राजेश ठाकुर व सुबोधकान्त सहाय से मिला सेवानिवृत्त सीमेंट कामगारों का एक प्रतिनिधिमंडल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** रांची जिले के खलारी, बुढ़मू में एसीसी को दिए गए माइनिंग लीज के नवीकरण का आवेदन निरस्त कराया जाएगा.

इसे लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबरसेल के महासचिव राजनसिंह राजा के अगुवाई में खलारी सीमेंट फैक्ट्री के सेवानिवृत्त कामगारों का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला. सेवानिवृत सीमेंट कामगारों ने खलारी सीमेंट कारखाने की वर्तमान स्थिति और अपनी समस्याओं से अवगत कराया. राजनसिंह राजा ने बताया कि एसीसी कंपनी के माइनिंग लीज के पहला नवीकरण 31 दिसंबर 1990 को समाप्त हो गया. इसके बाद से एसीसी कंपनी द्वारा दूसरे व तीसरे नवीकरण का आवेदन आज तक सरकार के पास लंबित है. खलारी में अब न तो कैप्टिव माइंस है न ही खलारी सीमेंट कारखाना में चूना पत्थर पकाने के लिए क्लिन बचा है. एसीसी को दिए गए लीज का प्रयोजन सीमेंट उत्पादन था. परंतु खलारी में लीज शर्तों का खुलेआम उलंघन किया जा रहा है.इसके अलावा एसीसी कंपनी भी अब अडानी ग्रुप का हिस्सा है.

पिछले 34 साल से सरकार द्वारा लीज को लेकर किसी तरह का फैसला नहीं लिए जाने का फायदा उठाते हुए एसीसी कंपनी का उत्तराधिकारी बताकर पिछले 30-32 साल से खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन राज्य सरकार के सैकड़ों एकड़ भूमि का व्यवसायिक इस्तेमाल कर रही है. इससे राज्य सरकार को अबतक अरबो रूपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा चुका है. प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेताओं से आग्रह किया है कि सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराकर अविलंब एसीसी कंपनी के लीज नवीकरण की मांग को निरस्त कराया जाय तथा सरकार पूरे लीज भूमि का अधिग्रहण कर ले. सेवानिवृत कामगारों ने आग्रह किया है कि वे खलारी अंचल के खलारी व बुकबुका मौजा में लीज भूमि पर बने जिन क्वार्टरों में रहते आ रहे हैं, उनका स्वामित्व उन्हें दे दिया जाय. राजेश ठाकुर व सुबोधकान्त सहाय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है तथा सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया है. इस अवसर पर राजनसिंह राजा, चंदन बैठा, रामप्रीत यादव, बेलस तिर्की, जगदीश साहु, प्रदीप तिवारी, अभिमन्यु गोप आदि लोग उपस्थित थे.

**AFFIDAVIT**

I, Pinky W/o Md. Tauseef Ansari R/o-Napit Para Road, Near Noorani Masjid Meena Bazaar, Madhupur Town Patharchapti, P.O., P.S. & Sub-division-Madhupur, Dist.-Deoghar, (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare on oath as follow :-

**1).**That my correct name is PINKY my husband name is MD. TAUSEEF ANSARI but in my husband's passport my name is wrongly written as MUSKAN PARWEEN.

**2).**That MUSKAN PARWEEN is my nick name but my correct name is PINKY in my Adhar Card and Educational Certificate my name is clearly mentioned as PINKY my Adhar Card No. is 4869 1471 5538.

**3).**That PINKY and MUSKAN PARWEEN is one and same person (lady) who is I.

**4).**That the above statements are true to the best of my knowledge and belief.

**Pinky**
**DEPONENT**
AFIV :-783/24 Dt- 01.07.2024

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने जनता के साथ बताया छलावा

## युवाओं और किसानों के लिए यह लॉलीपॉप बजट है : डॉ. अजय कुमार



**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने केंद्रीय बजट 2024-25 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश के करोड़ों युवाओं और किसानों को बरगलाने या यूं कहे तो ठगने का काम किया है. थोड़ा दूसरी भाषा में कहें तो मोदी सरकार ने युवाओं और किसानों को इस बजट के माध्यम से लॉलीपॉप थमा दिया है. मतलब आप लॉलपॉप का आनंद लिजिए और मस्त रहिए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में युवाओं से पहली नौकरी पक्की गारंटी का वादा किया था. मोदी सरकार ने इस बजट में उसका नकल किया है. लेकिन किसको नौकरी मिलेगी यह सरकार तय करेगी. मतलब इसमें क्या प्रावधान होंगे यह साफ नहीं किया गया है. जबकि कांग्रेस नें अपने घोषणापत्र में सभी युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी. वही यह बजट कागजों पर तो अच्छा लग सकता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इससे किसानों को कोई लाभ नहीं पहुंचेगा. किसानों को जैविक खेती सिखाने वाली कंपनियों को इससे फायदा होने वाला है. लेकिन किसानों के हाथ कुछ भी लगने वाला नहीं है. सरकार को फसलों की कीमत देनी चाहिए, मुफ्त बिजली, सस्ती खाद देनी चाहिए, खेती के उपकरणों पर जीएसटी कम करना चाहिए. लेकिन बजट में ऐसा कुछ भी नहीं दिखा. डॉ. अजय ने कहा कि बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति वर्ष लाखों रोजगार सृजन होता. वहीं स्वास्थय और शिक्षा पर कोई विशेष फोकस नहीं है. इन्कम टैक्स में नौकरी पेशा लोगों के लिए कोई खास छुट नहीं. जबकि पूंजीपतियों को राहत देने की बात कही गई है. उन्होंने कि यह एक निराशाजनक बजट है. इस बजट में आम आदमी के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों के बारे में कुछ भी नहीं है.

## बजट मिडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबाने की कोशिश : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर :** बजट पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने एक बार फिर मिडिल क्लास फॅमिली को टैक्स के बोझ से दबा दिया हैं, चुनाव जीत के बाद लगा था टैक्स में राहत दिया जायेगा लेकिन ये उल्टा हो गया और मध्यम वर्ग के ऊपर लगता है चुनावी खर्च थोप दिया है, युवाओं को नौकरी के बदले इंट्रेनशिप का झूनझुना वो भी ईएमआई में, किसानों और महिलाओं की फिर से उपेक्षा की गई हैं इस बजट में, कामगार और मजदूरों को फिर ठगा गया है, बजट को कांग्रेस के न्याय पत्र से चुराया गया हैं जिसमें पहली नौकरी पक्की का वायदा था, झारखंड में केंद्रीय मंत्री चुनावी प्रभारी बने हैं लेकिन झारखंड की जनता को कुछ नहीं दिला सके, आश्चर्य हैं कि बजट में स्वास्थ्य सेवा का जिक्र नही हैं, उसके बजट को घटाया गया हैं जिसका मतलब साफ हैं कि जनता की जान से भाजपा सरकार को कोई लेना देना नही। जिसका अफ़सोस हैं, कुल मिलाकर यह बजट आई वाश हैं, बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विकास फंड देना और झारखण्ड को उपेक्षित करना आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचायक हैं, श्रीराम मंदिर वाला राज्य उत्तर प्रदेश को भी उपेक्षित कर वहां की जनता से चुनावी बदला लिया गया हैं!

## मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला बजट : सुधांशु ओझा



**जमशेदपुर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मंगलवार को लगातार सातवां बजट पेश किया। उनके इस वित्तीय बजट का भाजपा ने स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला बजट बताया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान, बुजुर्ग समेत समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास का संकल्प निहित है। इसके साथ ही, झारखंड के लिए पुरानी रेल परियोजनाओं के विस्तार हेतु 1260 करोड़ से अधिक की राशि प्रस्तावित की गई है। सुधांशु ओझा ने कहा कि बजट में जनजातीय समुदाय के सामाजिक- आर्थिक उन्नति के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू करने के साथ पूर्वोदय योजना की घोषणा भी अत्यंत सराहनीय है। 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए घर देने की घोषणा के साथ यह बजट कई मायने में संतुलित और महत्वपूर्ण है।

## विकास को नयी ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट : प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर :** केन्द्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए समर्पित एवं प्रगतिशील बजट है। वित्तमंत्री के इस बजट से मीडिल क्लास को ताकत मिलेगी। मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया है जिससे रोजगार सृजन मे काफी सहूलियत होगी। बजट से गांव, गरीब, किसान को आर्थिक विकास को गति मिलेगी। डिफेंस सेक्टर को भी आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। विकास को नयी ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट है। युवाओ को नये अवसर प्रदान होंगे।

## बजट में जनता के लिए छलावा एवं खोखला मात्र : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने आम बजट 2024 पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस बजट में संपूर्ण भारत की महिलाओं के विकास में ठोस योजनाएं नही लाई गई है, ना बेरोजगार नौजवानों के लिए नौकरी के द्वार खोले गए हैं और आम जनता को घर मुहैया कराने के स्कीम में ब्याज और लोन के चक्रव्यूह में जकड़ने के लिए ही योजनाएं लाई गई है। यह सरासर भारत के लोगों को छलने का प्रयास किया गया है। महंगाई बढ़ रहा है, उसको कंट्रोल करने के लिए भी किसी भी प्रकार का ठोस बजट का प्रावधान नहीं दिख रहा है। आम जनता को बहुत सारे खाद्य पदार्थों से जीएसटी हटाने की भी उम्मीद थी, वह भी नहीं हटाई गई है।

## युवा महिलाओं के विकास का नया अध्याय लिखेगा बजट : प्रेम झा



वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा महिलाओं के विकास का नया अध्याय लिखेगा। प्रेम झा ने कहा कि देश के टॉप 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने एवं 5000 रुपये का मासिक भत्ता की घोषणा सराहनीय कदम है। नए रोजगार और कौशल विकास पर 2 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है।

## सरकार बचाव बजट है : प्रणव महतो



**जमशेदपुर :** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा पेश बजट यह सरकार बचाव बजट है। यह प्रतिक्रिया बहुजन समाज पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रणव महतो ने दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार को बचाने के लिए बिहार एवं आंध्र प्रदेश के लिए विशेष अर्थिक सहयोग इसका उदाहरण है। सोना, चांदी सहित उपभोग की कई वस्तुएं सस्ती तो हुई परंतु खेती-किसानी से जुड़े उपकरणों की कीमत नहीं घटी और न ही खाद- बीज में सब्सिडी की बात की गई है। उच्च शिक्षा के लिए लोन मात्र दस लाख रुपए है। छात्र, युवा व मजदूरों के लिए कुछ भी विशेष नहीं। बजट से गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग सहित समाज के सभी वर्ग निराश हैं। बजट में झारखंड की अनदेखी की गई है। बजट में कोई दूरदर्शिता नहीं है।

## बजट सरकार बचाओं- महंगाई बढ़ाओ : बबलू झा



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कॉग्रेस कमिटी के जिला उपाध्याय बबलू झा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट सरकार बचाओं - महंगाई बढ़ाओ बजट हैं। बजट में दलित-आदिवासियों के लिए कोई क्रांतिकारी योजना नहीं लाई गई है। किसान की एमएसपी दुगुना नही।कर्मचारी को ओ.पी.एस नही।नौजवान अग्निवीर योजना में फंसा रहेगा। महिलाए मंहगाई की मार झेलती रहेंगी। देश के हर वर्ग को निराश करने वाला बजट लेकर आई है मोदी सरकार। यह बजट निराशा का बजट है।

## शिक्षक अपनी मानसिकता बदल कर जवाबदेही के साथ कार्य करें : उपायुक्त



सरायकेला- समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा जिले में शैक्षणिक वातावरण निर्माण हेतु सभी शिक्षक अपनी मानसिकता बदल कर पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करें। विद्यालय में बेहतर वातावरण बना कर खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा दें ताकि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाया जा सके। जिन विद्यालयों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बन रही है वहां बीईईओ के माध्यम जांच कराने, जिन स्कूली बच्चों का बैंक खाता नही खुल रहा है उनकी सूची तैयार कर अग्रणी बैंक प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत बच्चो का बैंक खाता खोलने का निर्देश दिया गया। सी एम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में लंबित नामांकन कार्य यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी, वार्डन एवं अन्य सम्बन्धित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमेजन का द ब्यूटी सेल 25 से 29 जुलाई तक

**जमशेदपुर :** अमेजन ब्यूटी का साल का सबसे बहुप्रतीक्षित ब्यूटी इवेंट 'द ब्यूटी सेल' वापस आ रहा है, जो लोरियल प्रोफेशनल और लव ब्यूटी एंड प्लेनेट के सहयोग से लोरियल पेरिस द्वारा समर्थित है। 25 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाला यह सेल का चौथा संस्करण टॉप ब्रांड्स, ट्रेंडिंग स्किनकेयर सामग्री, नए उत्पाद लॉन्च और अद्वितीय खोजों के विशेष रूप से तैयार चयन के साथ और अधिक रोमांच का वादा करता है। उपभोक्ता अमेजन ब्यूटी की तीन नई पहलों - डर्मा स्टोर, ग्लोबल ब्यूटी स्टोर, और इनोवेटिव स्किनकेयर एडवाइजर के साथ अपने ब्यूटी रुटीन को बेहतर बना सकते हैं और आवश्यक उत्पादों की खोज कर सकते हैं। द ब्यूटी सेलश् के हिस्से के रूप में, अमेजन ब्यूटी 26 जुलाई को दिल्ली में एक विशेष अनुभवात्मक कार्यक्रम भी आयोजित करेगा, जहां ब्यूटी और लाइफस्टाइल के टॉप इंफ्लुएंसर क्रिएटर्स अमेजन ब्यूटीवर्स का अनुभव हासिल कर पाएंगे।

## वाणी विद्या मंदिर में गठित प्रबंधन समिति को निवर्तमान अध्यक्ष ने बताया अवैध

**गम्हरिया :** छोटा गम्हरिया स्थित प्रस्तावित वाणी विद्या मंदिर में बीते रविवार को पुनर्गठित विद्यालय प्रबंधन समिति को निवर्तमान अध्यक्ष इंद्रजीत महतो ने अवैध बताया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा बैठक से संबंधित जो पत्र डीईओ, डीएसई, बीईईओ, गम्हरिया थाना समेत ग्रामीणों को दी गयी थी उसमें बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए विशेष बैठक आमंत्रित किया गया था। उंक्त पत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन या जन सेवा सदन से संबंधित कोई उल्लेख नहीं था। इसके बाद भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पदाधिकारियों को दिग्भ्रमित करते हुए गलत तरीके से प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। उन्होंने बताया है कि जबकि स्कूल से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराणाधीन है। ऐसे में जब तक न्यायालय से कोई फैसला नहीं आता है. तब तक किसी प्रकार के नए समिति का गठन करना वैध नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की लिखित जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को देते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में राखी मेला का समापन आज



**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दुसरे दिन मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में जमशेदपुर प्रखंड बीडीओ सुधा वर्मा पहुॅची और मेला का निरीक्षण किया। मेला के अंतिम दिन बुधवार को कई स्टॉल में काफी छूट देने की घोषणा आज की गयी। मेला बुधवार को भी रात 09 बजे तक खुला रहेगा। मेले में लगे 50 स्टाल में एक ही छत के नीचे राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन मिल रहा हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हिंदू धर्मावलंबी द्वारका-सोमनाथ तीर्थ दर्शन के लिए रवाना

**तिरुलडीह :** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ दर्शन के लिए रवाना होने वालों में 20 श्रद्धालु चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रहने वाले हैं. इनमें कुकड़ू प्रखंड के 8, ईचागढ़ के 6 और नीमडीह के 6 श्रद्धालु शामिल है. इसके अलावा जिले के राजनगर प्रखंड से कुल 11 श्रद्धालु द्वारका-सोमनाथ तीर्थ दर्शन के लिए रवाना हुए.

## कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने झामुमो कार्यकर्ताओं का जत्था रांची रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव के नेतृत्व में रांची के हरमु स्थित सोहराय भवन के लिए रवाना हुए। वहीं निताई उरांव ने बताया कि हरमु के सोहराय भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा का विशेष कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत से प्रखंड स्तर के पार्टी पदाधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के उर्जावान पदाधिकारियों का जत्था में प्रखंड सचिव अभय यादव, पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र नाथ महतो, पंचानन पातर,सुर्जन स्वांसी, हाकीम चन्द्र महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रम अधीक्षक के हस्तक्षेप से आरकेएफएल के 55 ठेका कामगारों को मिला हक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटेड कंपनी के प्लांट 5 में सिलिकॉन सेफ पैक प्राइवेट लिमिटेड के अन्तर्गत कार्यरत 55 ठेका कामगारों को श्रम अधीक्षक के हस्तक्षेप से उनका हक मिला है। सभी कामगारों द्वारा पिछले दिनों श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर से मिलकर अपने फुल फाइनल सेटलमेंट के लिए आवेदन दिया था। इस पर सोमवार को श्रम अधीक्षक ने त्रिपक्षीय वार्ता की। बताया गया है कि सभी कामगार विगत 8- 9 वर्षो से वहां ठेकेदार के अंदर काम कर रहे थे। बीते जनवरी माह में बिना पूर्व सूचना के ही उन्हें काम से बैठा दिया गया था। उन कामगारों को ठेकेदार द्वारा ना तो फुल सेटलमेंट और ना ही ग्रेच्युटी दी गई थी। कर्मचारियों को उनका पीएफ के साथ तीन माह का वेतन भी नहीं दिया गया था। श्रम अधीक्षक ने मामले में त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई। उंक्त वार्ता में सहमति बनने के बाद उन्होंने ठेका कंपनी के प्रबंधक सहमति टीएन पाठक और ऑपरेशन प्रमुख प्रदीप कुमार को हटाए गए सभी कामगारों को उनका पूरा फुल फाइनल सेटलमेंट, छुट्टी, बोनस, ग्रेच्युटी समेत एक महीना का नोटिस पे एक माह के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया। कामगारों को उनका हक दिलाने में इंटक नेत्री मीरा तिवारी का अहम योगदान रहा। त्रिपक्षीय वार्ता में कामगारों की ओर से केदार महतो, रोहित, माधव ठाकुर, सपन, सोनाराम, गुरुपदो आदि शामिल थे।

## हीरो मोटोकॉर्प का प्रीमियम रिटेल अब जमशेदपुर में, उद्घाटन कल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** एनएच-33, सुद्धा कॉम्पलेक्स, डिमना चौक स्थित हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, दुनिया की सबसे बड़ी दो पहिया वाहन निर्माता की प्रीमियम वाहनों की प्रमुख शो-रूम 'हीरो प्रीमिया' का उद्घाटन 25 जुलाई को होगा है। संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए शो-रूम के संचालक गुलशन आहुजा ने कहा कि हीरो प्रीमिया हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड्स का केंद्र है, जिसमें हार्ले डेविडसन (एचडी-एक्स 440), विदा (वी1 और वी 1 प्रो) और एचएमसीएल की अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंजरू मैवरिक, एक्सपल्स 200, करिज्मा एक्सएमआर और एक्सट्रीम 160आर शामिल हैं। हीरो प्रीमिया के मुख्य ब्रांड जिनका मूल्य काफी आकर्षक है और इसकी सवारी एक नया रोमांच और अनुभवन प्रदान करता है जो अन्य ब्रांडों में नहीं मिलता है। हीरो प्रीमिया जमशेदपुर का लक्ष्य जमशेदपुर और उसके आस-पास के ग्राहकों को मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक स्कूटर की नवीनतम रेंज पेश करना है। ग्राहक जमशेदपुर में इस नए अत्याधुनिक शोरूम में जा सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए 9821750884 पर कॉल कर सकते हैं।

## असंगठित क्षेत्र कामगारों के पीएफ को लेकर इंटक प्रतिनिधि मिले ईपीएफओ सहायक आयुक्त से

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर इंटक का एक प्रतिनिधिमण्डल आज ईपीएफओ सहायक आयुक्त एरिक हरमन लकड़ा से मुलाकात किया और उन्हें असंगठित क्षेत्र मे एवं बड़ेछ्बड़े होटल मे कार्यरत मजदूरों पर हो रहे अत्याचारों से अवगत कराया। उन्हें बताया गया शहर में काफी सारे होटल है मगर वहां के कर्मचारियों को पी.एफ तो दूर की बात है न्यूनतम मजदूरी तक नही दिया जा रहा है। रोजगार के कमी के कारण मजदूर इसका विरोध नही कर पाते। सहायक आयुक्त श्री लकड़ा द्वारा मजदूर नेताओं को पी.एफ से सम्बन्धित कानून के बारे मे जानकारी दिया गया और आश्वासन दिया गया की विभाग द्वारा जल्द ही संस्थाओं एवं होटल व्यवसाय मे कर्मचारियों और मजदूरों संग भविष्य निधि से खिलवाड़ किया जा रहा है इसकी जानकारी हासिल किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष संतोष सिंह,चंदा सिंह राजपूत, महासचिव अभिषेक कुमार, चांदनी तिवारी, सचिव मनीष सिन्हा,आदि लोग सामिल थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने सीओ व बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, प्रमाण पत्र निर्गत की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो के नेतृत्व में आजसू कार्यकर्ताओं ने अंचलाधिकारी व बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपकर चौकीदार बहाली को लेकर 25 जुलाई से पहले आय, आवासीय, जाती एवं चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करने का मांग किया गया है। दोनों पदाधिकारियों के अनुपस्थिति में लेखापाल को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो ने बताया कि ग्रामीण चौकीदारों की रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी किया गया है। आवेदन जमा करने का अंतिम तिथि 25 जुलाई 2024 है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को समय पर सभी प्रमाण पत्र नहीं मिलने से वे आवेदन जमा करने से बंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीडीओ व सीओ से 25 जुलाई से पूर्व सभी प्रमाण पत्र निर्गत करने का मांग किया गया है, ताकि आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी चौकीदार के रिक्त पदों हेतु आवेदन करने से बंचित नहीं हो। मौके पर आजसू के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केंद्रीय बजट विकासोन्मुखी बजट है : एस.के बेहरा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सीआईआई ने ग्रामीण विकास, एमएसएमई, सार्वजनिक अवसंरचना और आर्थिक विकास में महिलाओं की बढ़ी हुई भूमिका को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए केंद्रीय बजट 2024-25 का स्वागत किया है, जिसमें पूर्व और उत्तर पूर्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। सीआईआई ने केंद्रीय बजट को विकासोन्मुखी बजट बताया है। एस के बेहरा, चेयरमैन, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र तथा उपाध्यक्ष एवं एमडी, आरएसबी ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय योजना तैयार करने की सरकार की पहल की सराहना की। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र के विरासत स्थलों के पर्यटन विकास पर सरकार के फोकस की भी सराहना की। श्री बेहरा ने आगे बताया कि शिक्षा, रोजगार तथा कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन युवाओं के लिए अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा, कार्यबल क्षमताओं में सुधार करेगा तथा पूर्वी तथा पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश को कुशल कार्यबल प्रदान करने में सहायता करेगा। बजट में 4 प्रमुख क्षेत्रों, अर्थात् 'गरीब' (गरीब), 'महिलाएं' (महिलाएं), 'युवा' (युवा) तथा 'अन्नदाता' (किसान) पर विशेष ध्यान दिया जाना सराहनीय है। ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव डालेगा।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/10/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/ 10/01/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम नापोखुर्द में खेराढ़ नदी में पुलिया का निर्माण। | 9922700.00 | 198500.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/ 10/02/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत बड़कागांव पष्चिमी नटराजनगर में डेली मार्केट से नटराजनगर होते हुए हुरलंगबागी तक पीसीसी पथ निर्माण। | 9470500.00 | 189500.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/ 10/03/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत बड़कागांव मध्य अंतर्गत अंबेदकर चौक काली मंदिर से गैस गोदाम होते हुए बाजार तक पीसीसी पथ निर्माण। | 7610400.00 | 152300.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB/ 10/04/2024-25 | केरेडारी | ग्राम बेलतु में पुलिस पिकेट से जमीरा पनघट तक पीसीसी पथ निर्माण। | 9802900.00 | 196100.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.08.2024 से दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 330343 Rural Development(24-25).D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

## बारिश से हलकान जिंदगी

जिस्म झुलसाती गर्मी के बाद जिस मानसून के स्वागत में लोग पलक-पांवड़े बिछाए बैठे थे, उसके आने के बाद देश के विभिन्न भागों में बाढ़, भूस्खलन व जलभराव से सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। विभिन्न राज्यों में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। भारत ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल में भूस्खलन के बाद दो बसें उफनती नदी में गिर गई, जिससे साठ लोगों के लापता होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को आठ सौ गांव बाढ़ से प्रभावित बताए गए, जिसमें करीब चालीस लाख लोगों पर इसका असर पड़ा है। कई गांवों में घर से काम पर निकलने के लिये लोगों ने नावों का इस्तेमाल किया। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर तीन फीट से अधिक पानी खड़ा था। जिसके कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। पीलीभीत के एक डैम का पानी छोड़े जाने से दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। गांवों में चार से पांच फीट तक पानी भर जाने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी बाढ़ डेढ़ दशक बाद देखी गई है। कई स्थानों पर राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर बह रही है, जिससे कई गांवों पर बाढ़ का संकट मंडरा रहा है। लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। कई जगह कटाव के कारण जल भराव देखा गया है। नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के सात जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव में लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण से बाढ़ का जायजा लिया है। देश की वाणिज्य राजधानी मुंबई में भी मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह बाधित रहा। जहां एक ओर सड़कें जलमग्न रही, रेल की पटरियों में पानी भर गया तो हवाई यात्रा भी बाधित हुई। कई एअरलाइन्स को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी कि हवाई जहाजों को उड़ान भरने में देरी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में बारिश कहर बनकर बरस रही है। पिछले पांच दिन से लगातार जारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से करीब दो सौ से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। सबसे चिंताजनक हालात चारधाम मार्ग पर हैं। करीब दो दर्जन स्थानों पर हुए भारी भूस्खलन से चारधाम यात्रा मार्ग पिछले तीन दिन से बंद है। जिसके चलते करीब चार हजार श्रद्धालु बीच में ही फंसे हुए हैं। बद्रीनाथ रूट पर भूस्खलन के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लगा है। सड़कों के किनारे गाड़ियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई गहरे निचले इलाकों में जलभराव के कारण यातायात ठप हो गया है। हालांकि बद्रीनाथ मार्ग पर प्रशासन सड़कों से मलबा हटाने में जुटा है लेकिन बारिश के कारण राहत कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। यही वजह है कि अधिकांश श्रद्धालु जोशीमठ के आसपास फंसे हुए हैं। उधर भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई के लिये यलो अलर्ट जारी किया है। यानी दिन भर बारिश होने की बात कही जा रही है। तो ठाणे व नवी मुंबई के लिये ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं निचले इलाकों में जलभराव से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने देश के सत्रह राज्यों में भारी बारिश का अंदेशा जताया है। इन राज्यों में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर भी शामिल हैं। समुद्र तट से लगने वाले कुछ राज्यों में बिजली गिरने व तूफान की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। कुछ इलाकों में मछुआरों को समुद्र तटीय इलाकों में न जाने की सलाह दी गई है। वहीं बारिश के सकारात्मक पक्ष की बात यह कि करीब डेढ़ सौ जलाशयों की निगरानी करने वाले सेंटर वॉटर कमीशन ने घोषणा की है कि जलाशयों का जलस्तर पिछले दस महीनों में पहली बार बढ़ा है। लेकिन एक बात तो साफ है कि शासन-प्रशासन समय रहते न तो अतिवृष्टि के प्रभावों को कम करने के ठोस कदम उठाता है और न ही इस चुनौती से मुकाबले के लिये लोगों को जागरूक करता है।

भारत ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल में भूस्खलन के बाद दो बसें उफनती नदी में गिर गई, जिससे साठ लोगों के लापता होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को आठ सौ गांव बाढ़ से प्रभावित बताए गए, जिसमें करीब चालीस लाख लोगों पर इसका असर पड़ा है। कई गांवों में घर से काम पर निकलने के लिये लोगों ने नावों का इस्तेमाल किया। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर तीन फीट से अधिक पानी खड़ा था। जिसके कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। पीलीभीत के एक डैम का पानी छोड़े जाने से दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। गांवों में चार से पांच फीट तक पानी भर जाने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी बाढ़ डेढ़ दशक बाद देखी गई है। कई स्थानों पर राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर बह रही है, जिससे कई गांवों पर बाढ़ का संकट मंडरा रहा है। लाखों हेक्टेयर में खड़ी फसल जलमग्न हो गई है। कई जगह कटाव के कारण जल भराव देखा गया है। नेपाल से लगते उत्तर प्रदेश के सात जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव में लगी हैं।

### बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं

## वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन के अनुसार भारत की वित्तीय प्रणाली बहुत मजबूत है

प्रहलाद सबनानी

भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर, भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा हैं।

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में, 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर, जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर, भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आशय यह है कि इन बैंकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैंकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आशय यह है कि बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है। उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर



को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है। उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल, दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरे, सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत जरूर कम हुई है परंतु सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत में वृद्धि दृष्टिगोचर है। जैसे, मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है। भारत में हाल ही के वर्षों में सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी सम्पत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्यवर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैंकों से ऋण लेकर भी इन सम्पत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सिमेंट, आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाईयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। कुल मिलाकर, इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही, वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है क्योंकि अब देश का पढ़ा लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन सम्भव होता दिखाई दे रहा है। साथ ही, भूमि का टुकड़ा खरीदकर उस पर भवन का निर्माण कर तुलनात्मक रूप से अधिक आय का अर्जन किया जा सकता है। अतः बैंकों एवं पोस्ट ऑफ़िस के स्थान पर अब देश के नागरिक देश के पूंजी बाजार में अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं। दूसरे, मध्यवर्गीय परिवार अब अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इससे, इनकी कुल आय का अधिक प्रतिशत अब इन मदों पर खर्च होता दिखाई दे रहा है, इससे अंततः इन परिवारों की बचत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इसी कारण के चलते नागरिकों की शुद्ध वित्तीय बचत में 11.3 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है जो वर्ष 2022-23 में 28.5 प्रतिशत की रही है और पिछले 10 वर्षों के दौरान औसतन 39.8 प्रतिशत की रही थी। कोरोना महामारी के दौरान चूंकि पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया था अतः इस दौरान भारत में घरेलू बचत दर बढ़कर 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। परंतु कोरोना महामारी के बाद जैसे ही लॉकडाउन को हटाया गया, नागरिकों ने अपने खर्चों में वृद्धि करना शुरू कर दिया एवं आस्तियों में निवेश भी करना शुरू किर दिया था, इससे घरेलू बचत की दर में भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है। अब तो देश के नागरिक आस्तियों में निवेश करने के उद्देश्य से बैंकों से ऋण प्राप्त करने में भी किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं कर रहे हैं। इस सम्बंध में भारतीय बैंकों ने भी अपने नियमों को शिथिल किया है।

दृष्टिकोण

## कातिलाना शौक की आगोश में युवावेग

किसी भी राष्ट्र का बेहतर मुस्तकबिल उस मुल्क की युवाशक्ति से तय होता है। तवानाई से मुराद युवा ताकत मुल्क के किसी भी हिस्से में इंकलाब लाने की सलाहियत रखती है। सशस्त्र सेनाओं से लेकर देश के हर क्षेत्र में युवाओं की जरूरत रहती है। लेकिन यदि मुल्क का सबसे बड़ा सरमाया युवावेग बुनियादी अखलाक तथा अच्छी तालीम व तरबियत से महरूम रहकर नाफरमान होकर जुर्म की दुनिया में मुकाम तलाशने पर आमादा हो जाए तो अभिभावकों के अरमान अश्क बनकर बह जाते हैं। चूंकि इनसान की परवरिश में पारंपरिक संस्कार बहुत मायने रखते हैं। यदि तालीम व तरबियत की बुनियाद मजबूत हो तो इनसान का जमीर खुद उसके किरदार को महफूज रखता है। आधुनिक दौर में कुछ जानलेवा शौक युवावर्ग को अपनी गिरफ्त में ले चुके हैं, मसलन तीव्रता से बजकर दिल की धडक़न को तेज करने वाला म्यूजिक, नशे की तलब व गन कल्चर की ख्वाहिश तथा सडक़ों पर मौत का मंजर पेश करने वाली वाहनों की तेज रफ्तार जैसे कातिलाना शौक युवाओं के अहबाब बन रहे हैं। देश रक्षा के महाज पर दास्तान-ए-सुजात के मजमून लिखने वाली भारतीय सेना युवाओं के लिए सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत है। खेल मैदानों पर जोर आजमाईश करके हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर तिरंगा लहराकर हिंदोस्तान को गौरवान्वित कर रहे हैं। डॉक्टर, इंजीनियर व वैज्ञानिक आलमी सतह पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। मगर विडंबना है कि ज्यादातर युवा सियासी रहनुमाओं व मायानगरी के अदाकारों को अपना आदर्श मानते हैं। सियासतदानों व सिल्वर स्क्रीन के अदाकारों के साथ फोटो खिंचवाना भी प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। यदि युवापीढ़ी में नशाखोरी, गैंगस्टर व गन कल्चर जैसे नदामत का सबब बन चुके शौक पनप रहे हैं, तो सियासत व बॉलीवुड के नुमाया किरदार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश के कई सियासी रहनुमां तथा मायानगरी के कई अदाकार 'आर्म्स एक्ट' व 'गैंगस्टर एक्ट' के तहत सलाखों के पीछे जा चुके हैं। आधुनिक म्यूजिक में अश्लील लफ्फाजी तथा फिल्मों में नशीली बज्म व गन कल्चर की झलक साफ दिखती है। लोकप्रियता की बुलंदी पर पहुंचने के लिए कई फनकार अपने नगमों में मादक पदार्थों व हथियारों का महिमामंडन बखूबी करते हैं। गन कल्चर, नशीली बज्म, हुक्का बार व गैंगस्टर संस्कृति की प्रमोशन करने वाले सिनेमा व संगीत जगत ने युवाओं के जहन में काफी हद तक अपना प्रभाव छोड़ दिया है। शादी समारोह व कई अन्य कार्यक्रमों में फायरिंग करके अपनी हैसियत व रुतबे की नुमाईश की जाती है। देश के कई राज्य हथियारों की कालाबाजारी के लिए मशहूर हो चुके हैं। चुनावों के दौरान कई राज्यों में लाइसेंसी हथियार जमा करने में सुरक्षा एजेंसियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। स्मरण रहे कोई भी इनसान पैदाइशी गैंगस्टर या तस्कर नहीं होता और न ही कोई माफिया या बाहुबली फलक से टपकता है। गैंगस्टर, डॉन, मफिया, बाहुबली, अलगाववादी व चरमपंथी बनने की दास्तान के पीछे कहीं न कहीं जम्हूरी निजाम की हिमायत व सरपरस्ती जरूर हासिल होती है। आम लोगों व सुरक्षा एजेंसियों के लिए गर्दिश पैदा करने वाले इन मसलों को रुखसत करने में वोट बैंक के चलते सियासत भी खामोश रहती है। जबकि सुशासन की कसौटी का मतलब कानून की हुक्मरानी होता है। देश में गैंगस्टर व हथियार संस्कृति के पनपने से कारोबारियों व कई अन्य लोगों से रंगदारी, अवैध वसूली व अपहरण की धमकी देकर फिरौती मांगना भी एक धंधा बन चुका है। जेलों में गैंगवार तथा गैंगस्टरों के भागने की खबरें अक्सर न्यूज चैनलों की सुर्खियां बनती हैं। विदेशी में बैठकर गैंगस्टर नेटवर्क का संचालन हो रहा है। भारत को अस्थिर करने वाले तत्त्वों को बैरूने मुल्कों की खुलेआम हिमायत हासिल है। अपनी तहजीब व खूबसूरती के लिए विश्वविख्यात कश्मीर घाटी को जहन्नुम में तब्दील करने का असबाब गन कल्चर की हिमायत ही बना था। सन 1990 के दशक में आतंक के तर्जुमान पाकिस्तान तथा मजहब के रहनुमाओं ने युवाओं को जन्नत में बहत्तर हूरों का जहालत भरा ख्वाब दिखाकर बंदूक उठाने के लिए ही प्रेरित किया था। नतीजतन 'कश्यप ऋषि' की तपोस्थली कश्मीर 'कलाश्निकोव राइफलों' के खौफनाक शौर से आज तक थरथर्रा रहा है। मादक पदार्थ व डंग्स के अवैध बाजार पर कब्जा जमा चुकी पाक खूफिया एजेंसी 'आईएसआई' सरहदी राज्यों में गैंगस्टर नेटवर्क को हवा देकर आतंकवाद को जीवित रखना चाहती है। बाहरी मदद से भारतीय हदूद में हथियार व असलाह गिराने के मंसूबों को अंजाम दिया जाता है। हैरत की बात है कि देवभूमि जैसे मुकद्दस नाम की शिनाख्त वाले राज्य हिमाचल प्रदेश के धरातल पर गोलीकांड जैसी कातिलाना वारदातें सरेआम हो रही हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## पुतला दहन में शामिल आदिवासी सदस्यों ने सरना साड़ी होने की बात का किया खंडन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : हिंदू समाज ने थाना चौक भुरकुंडा के पास स्थित निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लक्ष्मी देवी ने कहा कि - हम आप सभी को जोहार करती हूं ,मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं खुद एक आदिवासी समाज से हूं और एसटी साड़ी की परख है, सरना साड़ी सफेद और लाल पाड़ साड़ी होती है और अंबा प्रसाद का जो पुतला जलाया गया उस कार्यक्रम में जो साड़ी का उपयोग किया गया था उस साड़ी का कलर क्रीम कलर का था और बॉर्डर उसका ऑरेंज कलर का था और उस साड़ी में कढ़ाई किया हुआ है..!! मैं यह अपने आदिवासी बहनों - भाइयों को बताना चाहती हूं कि आप किसी का बहकावे में ना आए खास करके हम लोग अंबा प्रसाद के बहकावे में ना आए अपना परख खुद करें हम एक आदिवासी महिला होने के नाते हम अपना सरना साड़ी को कभी नहीं जलाएंगे। समाज मैं काम करने वाले लोगों को ऐसा सोच विचार नहीं होता है की द्यकिसी को इग्नोर करके चलें। आप आदिवासी भाइयों बहनों को जो अवगत कराया गया है कि सरना साड़ी को जलाया गया है वह सरना साड़ी नहीं है।



**बिहारी मांझी ने कहा**

मुहर्रम में लहराए गए फिलिस्तीन के झंडे को लहराया गया था जिस मामले में केवल एक नाबालिक को बाल सुधार गृह में भेजा गया है।उक्त मामले पर अभी पूर्ण कार्रवाई नही हुई है। इस मामले को दबाने के लिए दो समाज को लड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पुतला दहन में जिस साड़ी में अंबा प्रसाद के पुतला को जलाया गया है वो साड़ी सरना में प्रयोग नही किया जाता है।मैं स्वयं इस समाज से हूं तथा इसका खंडन करता हूं। प्रेस कांफ्रेंस में लक्ष्मी देवी, अनिता देवी, बिहारी मांझी, योगेश दांगी, रामदास राम,सूरज कुमार, श्रवण कुमार, सोनू कुमार, अनामिका श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

## सीसीएल के सिविल कार्य में बाहरी लोग काम नहीं करेंगे : संवेदक संघ



प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी स्थित जरजरा चौक में विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ उरीमारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संवेदक संघ के अध्यक्ष सूरज बेसरा ने की। संचालन सचिव महावीर साव ने किया। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उरीमारी,बिरसा एवं न्यू बिरसा परियोजना में सीसीएल के सिविल कार्य में विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक ही काम करेंगे। यदि कोई बाहर का संवेदक कम रेट में काम लेकर आता है तो उसे विस्थापित एवं स्थानीय संवेदक संघ द्वारा काम नही करने दिया जाएगा। इस बैठक में पोटंगा पंचायत के उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, जय कुमार, लालधारी साव, चूरामन ठाकुर, बिनोद हेम्ब्रोमं, शंकर साव, सहाबीर हेम्ब्रोमं, सुरेश मांझी, राजपति कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, कुलदीप साव आनद बेसरा,अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कोतो बिरोहर कॉलोनी में हुआ शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : ग्राम कोतो के बिरहोर कॉलोनी में बिरहोर परिवार के बीच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, बैंक कर्मी, जिंदल प्रबंधन, आर बी आई सी एफ एल एव प्रखंड से संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता ने सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा बिरहोर परिवार को स्वालम्बी बनाने हेतु कई योजना का चयन भी किया। मौके पर उपस्थित मुखिया निधि सिंह ने कहा बहुत जल्द पेय जल स्वच्छता विभाग के द्वारा दोनों जलमीनार को बनवाया जायेगा जिसका अवलोकन संबधित अधिकारीयों द्वारा हाल में ही किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता, मुखिया निधि सिंह, सीडीपीओ अनुपमा मिंज,विकास पटेल, कनीय अभियंता अनिल कुमार, प्रीतम कुमार सिंह, शीला देवी, रीता देवी, रीना देवी, रीता देवी, सुधा रानी, ज्योति कुमारी, इर्शाद अहमद, जितेन्द्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, ईलामनी देवी, किरण देवी, कुमार राहुल, गजाला प्रवीण आदि उपस्थित थे।

## आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने का काम बंद करना चाहिए : योगेश दांगी

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): योगेश दांगी ( दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय सह प्रभारी ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश) ने प्रेस विज्ञप्ति जारिकारक बताया कि अपने आप को आदिवासी समाज का तथाकथित अगुवा कहने वाले जेएमएम और कॉग्रेस के नेताओं को आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने का काम बंद करना चाहिए। कब तक आप झूठ की राजनीति के सहारे आदिवासियों को भरमाने एवं उनके वोट बैंक की राजनीति करोगे। कभी आप आदिवासियों को संविधान बदल देने के नाम पे डराते हैं तो कभी आरक्षण खत्म करने के नाम पर डराते हैं तो कभी बाहरी भीतरी के नाम पर आपस में लड़वाने का काम कराती है ये जेएमएम और कॉग्रेस। और इस बार माहुदी कांड और भारत भूमि की संप्रभुता को ललकारते हुए मुहर्रम में फिलिस्तीन झंडा को लहराने के काम को बचाव करने के लिए एवं वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में एक झूठा आरोप मढ़ कर थाना में केश करने का दबाव बनाने का काम हो रहा है। ये झूठा प्रचार की विधायक अंबा प्रसाद के पुतला दहन में सरना साड़ी का उपयोग किया गया। जबकि ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। ये जांच करने की जरूरत है। जेमनएम और कॉग्रेस के द्वारा प्रस्तावित झूठ को बेनकाब करने का समय है। जेएमएम और कॉग्रेस के झूठे महाजाल से आदिवासी समाज को निकालने का समय है। एक बात याद रहे सरना- सनातन एक है इसे तोड़ने की कोशिश न करें।



## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा कैम्पिंग कार्यक्रम जारी

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में चल रहे भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय द्वारा पांचपंच दिवसीय प्रथम सोपान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से 60 स्काउट एवं गाइड को जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट गाइड द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्य स्कूल के खेल शिक्षक अजीत प्रसाद एवं यू.पी. सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया जा रहा है।यह कैम्पिंग बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान पैदा करने में मदद कर रही है। वे महत्वपूर्ण जीवन-कौशल, टीम निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा शिक्षा सीख रहे हैं और आनंद ले रहे हैं। वे कक्षा से परे की दुनिया की खोज कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विवेक विक्रमजीत सिंह कोहली एवं मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी भी उपस्थित है।



## गौ सेवा के साथ मारवाड़ी युवा मंच का 9 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन 15 जुलाई से 23 जुलाई तक किया गया, इसी कड़ी के तहत मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष स्वर्गीय विनय जालान के स्मृति सम्मान में रामगढ गौशाला में गौ सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों द्वारा गौशाला की गायों को गुड़ एवं लपसी खिलाया गया। मंच के पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल एवं लोकेश बगड़ीया ने गौ सेवा के लिए युवा मंच के सदस्यों से कहा कि शास्त्रों में लिखा है, गावो विश्वस्य मातरः अर्थात गाय पूरे ब्रह्मांड की माता है। इसलिए गौ माता की सेवा और रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के सदस्य प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, रितिक परसरामपूरीया, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लूट कांड के पांच अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को एक और सफलता हांथ लगी है। पुलिस ने लूट कांड में सम्मिलित पांच अपराधीयों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं मंगलवार को प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक सफेद रंग के बोलेरो नं0 जेएच 03 एच 7118 में सवार अपराधकर्मीयों के द्वारा हेन्देगिर से एक ट्रक रजि0नं0 जेएच 02 एन 5305 एवं उक्त ट्रक के ड्राईवर का मोबाईल और कुछ पैसा लुट कर डाल्टेनगंज रोड मनिका की तरफ जा रहे हैं। इस सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी मनिका को आदेशित किया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा तथा गस्ती बल के द्वारा मनिका थाना गेट के पास चेकिंग लगाया गया। समय करीब 8,50 बजे एक ट्रक जिसका जेएच 02 एन 5305 तथा उसके पिछे सफेद रंग के बोलेरो नं0 जेएच 03 एच 7118 आया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रोक कर पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच सत्यापन किया गया।इस दौरान ट्रक एवं बोलेरो से कुल पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। उनलोगों से पुछताछ किया गया तो उनलोगों ने ट्रक तथा ड्राईवर का मोबाईल पैसा लूट कर भागने का अपना अपराध स्वीकार किया। तथा बताया कि उनके साथ एक तौहिद अंसारी जो लातेहार का रहने वाला था वो हेन्देगीर से आने के क्रम में लातेहार उतर कर अपने घर चला गया तथा एक सहाबु अंसारी जो मनिका थाना क्षेत्र का रहने वाला था।वह पुलिस को देखकर मनिका में उतर कर भाग गया। पकड़ाये अपराधियों के द्वारा बताया गया कि इस घटना का योजना बनाने वाला सतबरवा का रहने वाले मकसूद अंसारी है। तत्पश्वात् सभी अपराधियों की बारी-बारी से तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी एक देशी रिवोल्वर एवं मोबाईल तथा पैसा बरामद हुआ।पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। **गिरफ्तार अपराधियों में** (1) मुमताज अंसारी, उम्र 22 वर्ष, पिता- रेयाज मिया, सा0- बरवैया, बाजारटांड, थाना- मनिका, (2) परवेज आलम, उम्र- 24 वर्ष, पिता- ईबादत अंसारी, सा0- सिरम, थाना- जोबांग, जिला- लोहरदगा,(3) त्रिलोक कुमार, उम्र 18 वर्ष, पिता- स्व0 ओमप्रकाश प्रसाद, सा0- बरवैया,थाना मनिका (4) गौस आलम, उम्र 18 वर्ष, पिता- अकबर हुसैन, सा0+थाना- सतबरवा, जिला- पलामू,(5) रौशन अंसारी, उम्र 20 वर्ष, पिता- शाहिद अंसारी, सा0- माची, थाना- जोबांग, जिला- लोहरदगा शामिल है। **छापामारी दल में** थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ,पु0अ0नि0 सत्येन्द्र कुमार, स0अ0नि0 मिश्रा मांझी, स0अ0नि0 मनोज कुमार दुबे, एवं सशस्त्र बल मनिका थाना शामिल थे।

# गोड़वार में शुरू हुआ चातुर्मास यज्ञ, भक्तिमय हुआ माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखण्ड के कोयद पंचायत अंतर्गत गोड़वार गांव में चतुर्मास यज्ञ का शुभारंभ किया गया। त्रिदंडी श्री आश्रम बक्सर बिहार के जगतगुरु श्री मधु सुधनाचार्य जी द्वारा यज्ञ को लेकर विधिवत पूजा पाठ कराया गया। यज्ञ चार माह तक चलेगा इस दौरान प्रतिदिन रात्रि में कथा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान मधु शुधनाचार्य जी गोड़वार गांव में ही प्रवास करेंगें। बताया गया कि क्षेत्र में चार माह के यज्ञ का आयोजन पहली बार हो रहा है। चार माह पूरा होने पर अंतिम समय मे नौ दिवसीय भव्य यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 23 जुलाई से 15 नवम्बर तक चलने वाले यज्ञ को लेकर पूरा माहौल भक्तिमय बना हुवा है। मधु सुधनाचार्य जी ने कहा कि चतुर्मास यज्ञ करने व कराने से अतिशय पुण्य की प्राप्ति होती है यह यज्ञ जीवन का आयाम है, जिससे भटके हुए लोग भी जीवन पथ पर चलकर सबका कल्याण करते हैं। इस मौके पर सरयू यादव, निर्मल यादव, उदय यादव, गोपाल यादव, झलकनाथ यादव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिमरिया विधान सभा है जरूरी, लड़ेंगे रामटहल मिर्धा उर्फ तुरी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा अज 26 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शिला निवासी रामटहल मिर्धा उर्फ तुरी होंगे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ने सबसे पहले सिमरिया विधान सभा वासियों को जोहार करते हुए कहा की मैं सिमरिया विधान सभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। यदि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के क्षेत्र वासी हमें आशीर्वाद दिया तो मैं सिमरिया के लिए कुछ अलग करने का जज्बा रखता हूं। बस यहां के लोग हमें एक बार बहुमत देकर विधान सभा में जाने का अवसर दे तो हम यहां का विकास को आगे ले जाने के लिए तत्पर रहूंगा।सिमरिया विधान सभा से बहुत लोग चुनाव जीत कर विधान सभा गए।किंतु दुर्भाग्य है की आज तक सिमरिया विधान सभा के लिए वैसा कुछ नहीं किया। जिससे सिमरिया विधान सभा का और विधान सभा से अलग पहचान हो सके। यहां के जनता यदि आशीर्वाद दिया तो मैं यहां के लिए विकास की गाड़ी को आगे ले जाने के लिए अथक प्रयास करूंगा। जिससे सिमरिया विधान सभा का कुछ अलग पहचान होगी और विधानसभा के अपेक्षा।

# समाजसेवी झलु प्रजापति के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सैंकड़ों लोग



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के ग्राम कुरा निवासी समाजसेवी झल्लू प्रजापति उम्र 80 वर्ष का 22 जुलाई 2024 दिन सोमवार को शाम 5 बजे देहांत हो गया। मंगलवार के सुबह 9 बजे अंतिम दाह संस्कार किया गया। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज और देश के हित में कार्य किये। परिजनों का कहना है कि लातेहार में एक सज्जन व्यक्ति हम लोगों के बीच से चले गये। इनका बचपन से ही लोक कल्याण का भाव था। अपने जीवन काल में कभी भी निजी हित की बात नहीं की, सदैव समाज और राष्ट्रहित में काम करते रहे।अंतिम दाह संस्कार में विरेन्द्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, संजय प्रजापति, रामकुमार, नविन कुमार सिन्हा, मनोज दत्तदेव, गुलु, जितेन्द्र, समेत लातेहार के कई सामाजिक नेता एवं गणमान्य लोग तथा जिले के पत्रकार बंधु शामिल हुए। सभी ने नम्न आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की, एवं परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया।

# पत्रकार कुलदीप दास सिमरिया विधान सभा चुनाव के होंगे प्रत्याशी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिमरिया अज 26 से कुलदीप दास ने विधानसभा में चुनाव मैदान में आने की घोषणा कर दी है । घोषणा करने के बाद उन्होंने ने तूफानी दौरा शुरू कर दिया है। आगे कहा है की सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की समस्या के निदान के लिए आवाज बुलंद करने को लेकर चुनाव के समय विभिन्न राजनीतिक दल के नेता आते हैं और जनता से बड़े-बड़े वादे तो करते हैं लेकिन जब चुनावी नैया पार हो जाती है तो वे वादे तो भूल जातें है। परंतु जनता ठगी के ठगी रह जाती है।यह परंपरा दशकों से जारी है। इसके बाद जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नेताओं के साथ ही अधिकारियों एवं उनके कार्यालय की परिक्रमा करते करते रह जाती है।साल गुजरता है और पांच साल बीत जाता है। पांच साल बाद एक बार फिर चुनाव सामने है।अब फिर जनता की बारी है ऐसे में सवाल उठने लगा है कि हमारा नेता कैसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान के लिए हमेशा रहे तत्पर।क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कैसे हो और क्या है वोटरों की समस्या है सवालों के घेरे में रही शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, अपराध और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों ने कहा कि हमारा प्रतिनिधि मजबूत, इमानदार और हमारी बातों को सरकार तक पहुंचा कर उसका निदान कराने वाला होना चाहिए। चुनावी मौसम में जातिवाद का मुद्दा हावी हो जाता है। जातिवाद को समाज का जहर बताते हुए नेतृत्व करने की क्षमता रखने वाला और आम जनता के लिए इमानदार प्रतिनिधि चुनने की आवश्यकता बताई।बोले लोग जलजमाव और गंदगी के बीच लोग परेशान होकर रह गए हैं।टंडवा में कोल वाहनों से बढ़ती दुर्घटना की समस्या विकराल होती जा रही है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।सुरक्षा अहम मुद्दा बन गया है।क्षेत्र की समस्या के निदान के लिए सदन में मजबूती से आवाज उठा सके।हमारी समस्या को मजबूत से सरकार के आवाज उठा सके और समस्या का समाधान करें।क्षेत्र में शिक्षा की हालत काफी खराब है।स्कूलों में शिक्षक और संसाधन का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क की स्थिति अब भी बदत्तर है, आनाजाना एक समस्या बना हुआ है। इसमें सुधार के बिना विकास संभव नहीं है। देहाती क्षेत्रों में जहां सड़क की समस्या से जूझ रहे जनता, वहीं योजनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

# एसडीओ सन्नी राज का निरीक्षण आया काम, रेफरल में डिजिटल एक्सरे मशीन चालू

## एक्सरे करवाना हुआ अब आसान, नहीं लगेंगे रुपए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल के एक मात्र रेफरल अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन का स्टोलेशन कर लिया गया है। अब आसानी से हड्डी रोग या एक्सरे से संबंधित मरीजों को आसानी से एक्सरे किया जाएगा वहीं एक्सरे के लिए रुपए नहीं लगेंगे। यह पहल सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज का अथक प्रयास का पहल है। सिमरिया रेफरल अस्पताल को अस्पताल बनाने के लिए काफी पहल और मेहनत उन्होंने किया है। साथ हीं हमेशा उनका औचक निरीक्षण करते देखा गया है। जिसका नतीजा है की आज सिमरिया रेफरल अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन चालू हो गया है और अब गरीबों को जेब खाली होने से बचेगा। आपको बता दें की डिजिटल एक्सरे मशीन पूर्व में हीं हॉस्पिटल को उपलब्ध करा दिया गया था। किंतु जगह के अभाव में स्टोलेशन नहीं किया जा रहा था जिसके कारण लोगों को सरकारी एक्सरे की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। हालांकि एसडीओ सन्नी राज ने सिमरिया के लिए बहुत ऐसे विकास स्मंबधित कार्यों पर पहल किया है जो अनोखी है। जिसमें सिमरिया चौक को अतिक्रमण मुक्त करना, शौचालय अतिक्रमण मुक्त करना, सिमरिया चौक पर एक मात्र यात्री शेड अतिक्रमण को मुक्त कराने के अलावे बकचौमा मौजा में 52 एकड़ गैरमजुरुआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पर भी उनका पहल जारी है।

# बरवाडीह में मनरेगा योजना बना लुट का साधन




**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में मनरेगा योजना मद से विभिन्न योजनाओं में दो तीन वर्षो के अंदर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं पर स्थल का भ्रमण करें तो देखेंगे कि योजनाएं धरातल पर कम दिखती है जबकि पंचायतों में सैंकड़ों योजनाएं संचालित हुई हैं या हो रही है इस बीच मनरेगा योजना से कुप निर्माण कार्य जिसकी लागत 3 लाख 96 हजार रुपए है जिसमें नियमानुसार 35 फीट कुप की गहराई होने चाहिए पर 90 प्रतिशत कुप की गहराई बीस से तीस फीट के बीच है ।वहीं प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे कुप निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए महज 10 से 15 फीट खोदाई कर काम से अधिक भुगतान कर दिया गया है जिसमें क्षेत्र अंतर्गत केड़ पंचायत ग्राम गाड़ी में रीना देवी के खेत में बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन मिशन कुप निर्माण कार्य और दो सौ मीटर दूरी पर बताया जा रहा है कि लल्लू यादव के नाम सिंचाई कुप है जिसके निर्माण कार्य में महज दस से बारह फीट खोदाई कर लगभग 1 लाख 78 हजार और 1 लाख 31 हजार रुपए की निकासी मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से कर ली गई है और उक्त योजना का एमबी बुक किस आधार पर किया गया सवाल के घेरे में है।वहीं मनरेगा योजनाओं के ऑडिट में यह लापरवाही का पर्दाफाश नहीं हो पाया। बता दें कि रीना देवी के खेत में कुप निर्माण कार्य में खोदाई से निकले पत्थर, मिट्टी से ऐसा प्रतित होता है कि कुप की उड़ाही किया गया है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि ऑडिटर, मनरेगा कर्मी और प्रतिनिधि की लापरवाही सर चढ़ कर बोल रहा है या फिर और कुछ।

# एक ही परिवार के चार सदस्य सड़क दुर्घटना में घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** छिपादोहार - गारू मुख्य मार्ग के बाईपास पथ पर मंगलवार को कार और ट्रक के आमने सामने की टक्कर में आंध्रप्रदेश तिरुपति निवासी एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। इस दौरान छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल सूचना और एम्बुलेंस से सभी घायलों को बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर भेज दिया गया। घायलों मे दिलीप प्रताप,मुनी परमाला, हरितेश्वरी तृप्ति, और बसन्ता शामिल हैं। घायलों ने बताया कि वे आंध्रप्रदेश के तृप्ति बैरागी के रहने वाले है और तिरुपति से पुरी सभी पर्यटक स्थल और धार्मिक स्थल से भ्रमण करते नेतरहाट होते हुए अपने घर वापस तिरुपति जा रहे थे इस बीच छिपादोहार बाईपास मुख्य पर घटना हो गई।

# जेएसएलपीएस के तहत उत्पादक समूह की हुई बैठक, सदस्यों को मिला निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत कटघरा गांव में जेएसएलपीएस से जुड़े उत्पादक समूह के सदस्यों का बैठक मंगलवार को संपन्न हुआ। बैठक में कई अहम निर्णय लिया गया। बैठक एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। इस समूह के माध्यम से सदस्य खेती गृहस्ती करने के लिए 0त्न ब्याज के दर पर कर्ज ले सकती है। और फसल उगाने के बाद खरीद बिक्री कर लिया हुआ क़र्ज़ मूलधन वापस कर सकती हैं। उपस्थित सीसी सुनील पासवान के द्वारा बतलाया गया कि समूह में जो भी ऋष्ण लेते हैं।समय अनुसार चुकाने का प्रयास करें। ताकि आपका क्रेडिट बना रहे। और ऋष्ण लेने में आसानी हो। सदस्यों ने सामूहिक तौर पर मचान की खेती करती हैं। और अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। कटघरा के सदस्यों ने करीबन 10 एकड़ में मचान की खेती लगाई है। जिसे बेहतरीन तरीके से एवं जैविक तरीके से उपजाऊ करने का निर्देश कर्मियों के द्वारा सदस्यों को दिया गया है। मौके पर उपस्थित एलएचसीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी विजय रजक सदस्य रेखा देवी सरिता देवी मालती देवी गिरिजा देवी रेखा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक-सह-कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में की गई।बैठक में चतरा जिले में चल रहे तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अभी तक की प्रगति पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक के प्रारंभ में डॉ आशुतोष कुमार के द्वारा पूर्व में हुए बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की बिंदुवार जानकारी व जिले में संचालित तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सम्बंधित महतवपूर्ण जानकारी दी गई। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व के बैठक में जो निर्देश दिए गए थे उसका शत प्रतिशत अनुपालन नहीं हुआ है इसका शत प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं डॉ आशुतोष द्वारा बताया गया कि पिछले माह नगर परिषद क्षेत्र में विद्यालय के 100 गज के दूरी के अंदर आने वाले प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया है जिसमे कुल 3600 रुपया की जुर्माना राशि वसूली गई है। इसके अलावे कई विद्यालयों को तंबाकू मुक्त करने के लिए विद्यालय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ने कहा युवा पीढ़ियों को तंबाकू सेवन से मुक्त करने के लिए विद्यालय समेत अन्य स्थानों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करें और जिले में निरंतर छापेमारी अभियान चलाएं। राज्य सलाहकार राजीव सिंह द्वारा कोटपा 2003 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन से सम्बंधित एवं चालान के लिए प्राधिकृत पदाधिकारी एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने उपस्थित सभी थाना प्रभारी को जांच के दौरान आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा सभी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। तंबाकू के नशे के कारण प्रत्येक दिन लाखों की संख्या में लोगों की मृत्यु हो रही है। हमें युवा पीढ़ी को सबसे पहले इस लत के चंगुल से छुड़ाने की आवश्यकता है। युवा पीढ़ियों को इसके दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने की भी आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से राज्य तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अश्विन कुमार, डी आरसीएचओ डॉ एल आर पाठक, जिला सलाहकार रश्मि दुबे, राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रशासन और पब्लिक के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं पत्रकार : डीसी


## लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है पत्रकारिता : एसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में लातेहार में आयोजित ÷समाज हित में पुलिस प्रशासन और पब्लिक के बीच महत्वपूर्ण कड़ी पत्रकार÷ विषय पर एकदिवसीय विचार गोष्ठी और सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार डीसी गरिमा सिंह और एसपी अंजनी अंजन उपस्थित थे। मौके पर संबोधित करते हुए लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने कहा कि प्रशासन और पब्लिक के बीच पत्रकार एक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। कई ऐसे मामले हैं जिसे पत्रकार अपने समाचार के माध्यम से प्रकाशित करते हैं। जिसके आधार पर प्रशासन उन मामलों में उचित कार्रवाई कर लोगों की समस्याओं का समाधान करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है। वहीं लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन चुनौती तो आंचलिक पत्रकारों को होती है, जो सुदूरवर्ती इलाकों में रहकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के द्वारा सूचनाओं आम लोगों तक पहुंचाई जाती है जिससे सरकार की योजनाएं सफल होती है।वहीं डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण होते हैं। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के मामले पत्रकारों के द्वारा उजागर किए जाने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के प्रति जिला प्रशासन के द्वारा प्रयास किया जाता है।

# एसीबी ने बारियातू थाना मे पदास्थापित पुअनि को 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला के बारियातू थाना पुअनि धीरेन्द्र कुमार सिंह को एसीबी ने 20 हजार घुस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। क्या है मामला – वादी के द्वारा आवेदन दिया गया की विगत कुछ दिनों से बारियातू थाना के पदाधिकारी के द्वारा यह बताया जा रहा है की बारियातू थाना मे अफीम रखने के मामले मे केस दर्ज किया गया है. जिसमे इनके (वादी )भतीजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कुछ दिनो के बाद बारियातू थाना के पदाधिकारी के द्वारा इसी कांड मे फ़साने की धमकी देकर तीन लाख रुपए की मांग की जा रही है। इस सम्बन्ध मे इनके (वादी) के द्वारा साफ इंकार किया गया.परन्तु बारियातू थाना के पदाधिकारी बराबर पैसे के लिए दवाव बना रहे है। जबकि वादी पैसा नहीं देना चाहते है। दिनांक 22/07/2024 धारा -7(a)p. c(ammendment) act 2018 पंजीकृत किया गया है. भ्र्ष्टाचार निरोधक ब्यरो पलामू के धावादल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति मे आज दिनांक 23/07/24 को प्राथमिकी अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 55 वर्ष पिता भानु प्रताप सिंह ग्राम अहिनौरा पोस्ट हरिनाथपूर थाना मोहनिया जिला कैमूर (बिहार ) समप्रती पुअनि बारियातू थाना, जिला लातेहार को वादी सें 20000 बीस हजार रुपाया रिश्वत लेते हुए रेंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

# विद्यालय में अभिभावक संघ शिक्षक ने की गुरु गोष्ठी




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सलगा में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में अभिभावक संघ शिक्षक ने गुरु गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां अभिभावक सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए। बच्चों की उज्जवल भविष्य एवं शिक्षा से संबंधित कई जानकारी अभिभावक से शिक्षकों ने जुटाए। वहीं दिल्ली से आए चारों मैडम के द्वारा बच्चों की भविष्य के बारे में अभिभावक से पूछ ताछ एवं बच्चों की जीवनी की जानकारी अभिभावक से जुटाए। मौके पर उपस्थित सहायक शिक्षक पंकज कुमार राणा विवेकानंद तिवारी एवं दर्जनों की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## डुमरी कोल ब्लॉक की जमीन वापसी को लेकर मंत्री से मिली मुखिया सकीबा खातून



**प्रभात मंत्र @ रोहित गोस्वामी**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पाण्डु पंचायत मुखिया सकीबा खातून ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर पाण्डु क्षेत्र में डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रहित जमीन भू रैयतों को वापस कराने की मांग की है। इस बाबत मुखिया ने मंत्री को दिए गए लिखित ज्ञापन में कहा है कि केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडू पंचायत क्षेत्र में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से जमीन अधिग्रहित किया गया था । जमीन अधिग्रहण के एवज में नौकरी का झांसा दिया गया था । वर्ष 2008 में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा जमीन लिया गया था लेकिन आजतक उपरोक्त कंपनी द्वारा खनन कार्य नही किया जा सका। कंपनी द्वारा 3 लाख 85 हजार रुपए दर से प्रति एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था ।कंपनी द्वारा ना तो खनन कार्य शुरू किया गया और ना ही नौकरी दिया गया। कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत जमीन अधिग्रहित किया गया है जो खेती योग्य भूमि है और कुछ भाग पर काफी संख्या में मकान बना हुआ है।

# उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन विभाग की कारवाई

## अवैध बालू व पत्थर लदे वाहनों को किया गया जप्त, अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर खनन विभाग,हजारीबाग के द्वारा 23 जुलाई के मध्य रात्रि में विभिन्न स्थानों में व्यापक जाँच अभियान चलाया गया। इस क्रम में हजारीबाग के दिपूगढ़ा चौक के पास बालू से लदे दो हाईवा क्रमशः JH02AE4675 एवं JH02Z4150 की जांच की गई जांच के क्रम में पाया गया कि दोनों वाहनों में अवैध बालू लदा हुआ है, जो पदमा थानान्तर्गत सोकी नदी से लाया गया था। गहन जांच पड़ताल के बाद इस वाहन को जब्त कर लिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इन दोनों वाहनों के पास खनिज ई-परिवहन चालान नहीं पाया गया है। इस संदर्भ में कोर्रा थाना में अवैध परिवहन के बावत अज्ञात मालिकों, अज्ञात चालकों एवं संलिप्त बिक्रेता / अवैधकर्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसी क्रम में पत्थर से लदे दो अन्य वाहनों क्रमशः JH18B7983 एवं JH02AW4502 को भी पकड़ा गया। जिसे कटकमदाग थाना में जप्त कर रखा गया है तथा उनके दस्तावेजों की जाँच की जा रही है। जाँचोपरान्त इसके विरूद्ध भी अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।



## केंद्रीय बजट अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है बजट : मनोज कु.यादव



**बरही :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया है। उन्होंने बताया कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी है और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इस बजट से गांव के गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्रावधानों की घोषणा स्वागत योग्य है। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा कि 140 करोड़ लोगों के सपनों को पूरा करने वाला यह बजट है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी व रोजगार का अवसर प्रदान करेगी यह बजट। साथ ही बढ़ती महंगाई को भी नियंत्रित करने वाला बजट है।

## बनासो में गौरव पटेल ने अलकमा इंटरप्राइजेज का किया उद्घाटन



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने अलकमा इंटरप्राइजेज होलसेल दुकान का उद्घाटन शनिवार को झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल द्वारा फीता काटकर किया। इस दुकान में इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर और सेनेटरी की पूरी श्रृंखला उप्लब्ध है। गौरव पटेल ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान खुलने से हमारे क्षेत्र के लोगों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि यहां इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर और सेनेटरी के अलावे अन्य वैरायटी की वस्तुएं इस दुकान पर उपलब्ध है। मैं आशा करता हूं कि क्षेत्र के लोग इसी तरह से आत्मनिर्भर बनेंगे और हमारे क्षेत्र का विकास संभव हो सकेगा। दुकान के संचालक मोहम्मद शोएब उर्फ शेरू भाई ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार संबंधित सामन मौजूद है लोगों के मांग को देखते हुए बाजार के मौजूदा दर से भी कम दर की सामान उपलब्ध कराई जाएगी। वह भी आकर्षक छूट के साथ। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, नवादा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य फखरुद्दीन अंसारी, दिलेर आजाद, मुजफ्फर अंसारी, मासूम वारसी, जाकिर अंसारी, फरीद अंसारी, हनीफ अंसारी, शेख वसीम,रफीक अंसारी, एजाज अंसारी, मो रजीउल्ला के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने 200 केवीए ट्रांफार्मर का किया उद्घाटन



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अल्पीटो पंचायत के अल्पीटो वार्ड संख्या-5 में जिप सद्स्य शेख तैयब के द्वारा विधिवत 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस पर जानकारी देते हुए जिप सदस्य शेख तैयब ने बताया कि अल्पीटो के वार्ड संख्या-5 में 100 केवीए का ट्रान्सफार्मर लगा हुआ था,जो काफी पुराना और जर्जर हो चुका था।उपभोक्ता की संख्या में वृद्धि के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। बहुत सारे विद्युत उपकरण लो वोल्टेज के कारण काम नहीं कर रहे थे।थक हार कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिप सदस्य शेख तैयब को दी।एक सप्ताह के भीतर जिप सद्स्य के द्वारा 200 केवीए का नया ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराया।जिसका आज मैन उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने भी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि जिस कार्य के लिए हमसबों में जिप सदस्य के रूप मे शेख तैयब को चुना लग रहा वो सार्थक हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए शेख तैयब का आभार भी जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से जानकी शर्मा, इंद्राणी गोप, सोंटी यादव, बंटी यादव, दीपक पंडित, राजेश पंडित, खिरोधर पंडित, नागेश्वर पंडित, राजकुमार पंडित भीम यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूरों का सिलसिला थमता क्यों नहीं : माही पटेल



**विष्णुगढ :** रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर युवाओ का असमय काल के गाल में समाने का सिलसिला थमता नजर नही आ रहा। इसी कड़ी में फिर एक युवा काल के गाल में समा गया, बताते है,कि विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना निवासी रामेश्वर महतो के 25 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार महतो को केरल राज्य इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड कोल्लम में कार्य करने के दैरान करेंट लगने से मौत हो गयी। रोज़ी-रोटी के सिलसिले में वह सेवलकर में रह कर जीविका चला रहे थे । सुरेश पर अपने परिवार के जिम्मेदारी थी, परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं परिवार के एक मात्र कमाऊं सदस्य की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट गया है। वहीं इसकी सूचना मिलते ही परिजनों के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि रोजी कमाने जाने वाले झारखण्ड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में कंपनी और सरकार की ओर से परिवार को मदद मिलनी चाहिए। जेबीकेएसएस प्रखण्ड सचिव प्रेमचंद महतो ने कहा सरकार को मजदूरों की मौत को संज्ञान लेकर परिजनों को मदद करनी चाहिए।

## बरही से श्रद्धालुओं की टीम रवाना, बनारस, अयोध्या, काशी, विश्वनाथ आदि का करेंगे दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बरहीडीह से श्रद्धालुओं की टीम विभिन्न धर्म स्थलों का दर्शन करने के लिए रवाना हुई। मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि हम लोग बस से जा रहें है, जिसमें सभी श्रद्धालु गांव के ही हैं, हम लोग बनारस, अयोध्या, काशी, विश्वनाथ, विंध्याचल, मैहर दीदी आदि का दर्शन 6 दिनों में करने के बाद पुनः घर वापस लौटेंगे। श्रद्धालुओं में अशोक सिंह, राजकुमार केसरी, विनय सिंह, चंद्रदेव राणा, प्रभु सिंह आदि शामिल है ।

## पूर्व विधायक के प्रयास से पंचमाधव में मिला ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के पंचमाधव पंचायत अंतर्गत ग्राम प्रजापति टोला में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयास से विभाग ने एक दिन में ही उपलब्ध कराया। मंगलवार को पूर्व विधायक मनोज यादव की उपस्थिति में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप के पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि जनता के समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता रही है। लोगों की समस्याओं का समाधान और उनके सुख-दुख में शामिल होकर हर वक्त उपलब्ध रहा हूँ। जनसमस्याओं को लेकर मुखरता से हर वक्त उठाता रहा हूँ, ताकि लोगों को उनकी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवा पाऊं। मौक़े पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, पैक्स अध्यक्ष सूर्यकांत राही, जानकी यादव, नागेश्वर गोप, चंद्र यादव, उमेश यादव, गणेश साहू, प्रकाश ठाकुर, धीरेन्द्र यादव, सुभाष पंडित, पुरन राम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## सारूकुदर पंचायत में आमसभा का आयोजन कर लाभुकों को दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत सारूकुदर पंचायत सचिवालय में मुखिया उत्तम महतो की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। आमसभा के माध्यम से मुखिया उत्तम महतो ने बताया कि यह योजना झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त अति महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बहन बेटी मई- कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना एवं सावित्रीबाई फुले तथा अबुआ आवास 15वें वित आयोग मनरेगा योजना पर विस्तार से जानकारी दिया गया। साथ ही कहा कि जो लाभार्थी इस योजना के योग्य है,उन्हें आवेदन प्रपत्र आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से घर-घर जाकर लाभुकों को पहचान कर वितरित किया जाएगा। इस योजना से संबंधित जानकारी के लिए मुखिया या ब्लॉक से जुड़े अधिकारी से ही जानकारी प्राप्त करें। इस योजना के नाम से तरह-तरह के फ्रॉड किये जा रहे जिससे सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव रंजीत कुमार, उप मुखिया माजदा प्रवीण, वार्ड सदस्य करमली अंसारी, मुकेश कुमार ललीता देवी, रीना देवी, रेशमी देवी आंगनबाड़ी सेविका नीतू कुमारी, किरण देवी, मीना देवी, आशा देवी मधू देवी, सफाज अंसारी, जाकिर हुसैन, बासु बिहारी, बैजनाथ महतो टेकलाल महतो, दुलारचंद राम, लक्ष्मण महतो, नीतिश कुमार, ललीता देवी, सहादत अंसारी, योगेन्द्र पटेल, प्रकाश महतो, गुलाब राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कंडाबेर पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का हुआ गठन

▶ पंचायत में विधायक के सहयोग से हो रहा है करोड़ों के कार्य : मुखिया दिनेश साव

▶ संगठन में युवाओं की भागीदारी से मजबूत हो रहा है पार्टी : धीरेंद्र साव



**प्रभात मंत्र @ रोहित गोस्वामी**

**केरेडारी :** दिन सोमवार को कंडाबेर पंचायत में कोर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में विधायक के चाचा धीरेन्द्र साव विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, व मुखिया दिनेश साव, मौजूद रहे। पंचायत सचिवालय में हुई बैठक के दौरान कोर कमेटी का पुनः गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सुरेश राम को पंचायत अध्यक्ष चुना गया। वहीं नरेश साव सचिव, कोषाध्यक्ष प्रकाश साव, उपाध्यक्ष खुर्शीद आलम, पंचायत संरक्षक टहल राणा, संगठन महामंत्री रमजान मियां, पंचायत मीडिया प्रभारी प्रबिल महतो, वही सक्रिय सदस्य में मुखिया दिनेश साव, राजेश साव, केदार साव, हरि साव, संतु प्रसाद, पारसनाथ राणा, दयाली प्रसाद, कोलेश्वर प्रसाद, बिहारी कुमार साव, बीरबल कुमार को संरक्षक चुना गया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से होने वाले कई योजनाओं का अनुशंसा पत्र सौंपा गया। कंडाबेर पंचायत के कंडाबेर फुटबॉल ग्राउंड का सुंदरीकरण एवं चारदीवारी निर्माण, कंडाबेर सामूहिक दसकर्मा साईड में सीधी एवं ईट सोलिंग पीसीसी निर्माण, जोगड़वा मुख्य पथ से डालो महतो के घर तक ईट सोलिंग पीसीसी निर्माण, रविदास मुहल्ला में हिरा राम के घर ननक राम के घर तक पीसीसी निर्माण, मोहित मियां के घर से राजू साव के घर तक ईट सोलिंग पीसीसी, फुलवरिया टोला मुख्य पथ से कैला साव के घर तक ईट सोलिंग पीसीसी, बाजार टांड़ में तीन चबूतरा का मरोमत्ती, पतरा खूर्द में शिव मन्दिर में चार दिवारी एवं ईट सोलिंग पीसीसी, रामनावमी हटरिया मेला टांड़ में चबूतरा निर्माण विधायक मद से होना है। इस दौरान धीरेन्द्र साव ने कहा कि संगठन में युवाओं की भागीदारी से पार्टी मजबूत हो रहा है। इस दौरान उन्होंने पंचायत में करोड़ों की लागत से हो रहे विकास योजनाओं को गिनाया। कंडाबेर में हॉस्पिटल का निर्माण जारी है।मुखिया दिनेश साव ने कहा कि पंचायत में विधायक के सहयोग से करोड़ों के कार्य हो रहे है और आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल पर उतरेगी जिसके लिए विधायक अंबा प्रसाद का भरपूर समर्थन मिलता रहा है। वही विधायक प्रतिनिधी सुरेश साव ने कहा कि जमीनी स्तर पर कोर कमेटी का गठन करने से सटीक योजनाएं धरातल पर उतर रहे हैं। विरोधी पार्टी सिर्फ दुष्प्रचार की राजनीति कर रही हैं और उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है, लोगों के बीच सिर्फ दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थें।

## शिलान्यास होकर ही रह गया झरपो गाड़ी साडम पथ, नही हुआ मरम्मती कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो से गाड़ी साडम पथ की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो गई है यह सड़क चलने लायक नहीं बची है जगह जगह गढ्ढे हो गए हैं। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत झरपो से गाड़ी साडम पथ का शिलान्यास 2 वर्ष पूर्व हुआ लेकिन आज तक सड़क मरम्मती कार्य का शुभारंभ तक नही हो पाया है । इस मार्ग से एंबुलेंस, स्कूल की गाड़ी , सैकड़ों दो पहिया चार पहिया गाड़ियों का आवागमन होता है। यह सड़क झरपो से झुमरा होते हुए हजारीबाग को जोड़ती है और झरपो से गाड़ी साडम इचाक तक जोड़ती है। इस सड़क की मरम्मती नही होने से झरपो से हजारीबाग और झरपो से इचाक आने जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है । सड़क मरम्मती कार्य नहीं होने से जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों में आक्रोश है जाने क्या कहते है जन प्रतिनिधि झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी शिबू प्रसाद सोनी ने कहा की इस मार्ग की स्थिति काफी जर्जर अवस्था में है जहां तहां गढ्ढा हो जाने से कई क्षेत्रवासियों को आवागमन के दौरान दुर्घटना का भी सामना करना पड़ रहा है । बरसात में सड़क मे तालाब बन जाता है । जिस ठेकेदार को सड़क मरम्मती का कार्य मिला और वह काम नहीं किया है । उस कार्य को रद्द कर नए तरह से कार्य करवाए जाना चाहिए । उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा की ठिकेदार काम ले लेते है और करते नही है ऐसे ठिकेदार का लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने कहा की वे बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से मिलकर बात करेंगे जल्द से जल्द समस्या का समाधान भी निकालने का प्रयास करेंगे उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा ने कहा की सड़क की मम्म्मती होने से लोगो की आवागमन की मुश्किले कम हो जायेगी शिलान्यास कर के काम नही करने वाला ठेकेदार को कभी लाइसेंस नहीं मिलना चाहिए। कुछ दिनों बाद इसी रास्ते से होकर नवनिर्मित बिजली सबस्टेशन जिसका कभी भी उद्घाटन हो सकता है जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विधायक के पास इस समस्या को रखेंगे और साथ में काली माता का मंदिर , झरपो का विख्यात पर्यटक स्थल कारी झरना चट्टान धाम के आवागमन का रास्ता भी यही है ग्रामीणों में सुरेंद्र कुमार राणा ,अशोक कुमार ,दशरथ प्रसाद कुशवाहा,सुनील कुमार प्रकाश कुमार ,सहित अन्य लोगो में आक्रोश है।

## झुमरा मे 69 स्कूली छात्र छात्रावों के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रखंड क्षेत्र के राज्यकृत विद्यालय झुमरा मे कल्याण विभाग के द्वारा मध्य विद्यालय महेशरा के 35 छात्राओं एवं 34 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए कुल प्राप्त 587 साइकिल का बितरण पुरे प्रखंड के विद्यालयों मे किया जायेगा जिसकी शुरुआत मंगलवार को किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य गीता देवी 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद मुख्य रूप से मौजूद थे। इस संबंध में 20 सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि दूर जराज से बच्चे विद्यालय पढ़ने आते हैं तो कभी स्कूल लेट हो जाता है पहुंचने में अब विधार्थी सही समय पर अपने विद्यालय पहुंच सकेंगे बच्चों ने साइकिल प्राप्त कर काफी खुश नजर आए । मौके पर कैलाशपति देव प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आशीष कुमार ,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रविंद्र कुमार ,प्रखंड समन्वयक 15वीं वित आशीष कुमार ,सीआरपी मीनाक्षी अंबसटा , मध्य विद्यालय महेश्वरा के प्रधानाध्यापक सैयद मंजर हसन, मोहम्मद नईम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीना देवी,एवं अन्य गणमान्य सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के तीसरी पारी के पहला बजट का हजारीबाग मे रही मिली-जुली प्रतिक्रिया, किसी ने बजट को सराहा तो किसी ने किया आलोचना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मोदी सरकार के अंतरिम बजट पर हजारीबाग से मिली- जुली प्रतिक्रिया आयी है । किसी ने इस बजट को सराहते हुए कहा है की इस बजट मे लोकहित का ध्यान रखा गया है तो वहीं कई लोग इसकी आलोचना भी कर रहे हैं ।

### यह बजट युवा, गरीब, महिला एवं किसान सभी को सशक्त करेगा : राकेश गुप्ता



समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने मोदी सरकार की तीसरे कार्यकाल की पहला अंतरिम बजट कि प्रशंसा करते हुए कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट पेश किया गया है इससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। तीसरे कार्यकाल की पहला बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से बढेगा। यह बजट सरकार की अपनी अब तक की उपलब्धियों और आगे के वर्षों के लिए अपने लक्ष्यों की एक झलक दिखाई है। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा।

### बजट गरीबों और आमजनों के हित मे है : नीरज गुप्ता



भाजपा नेता नीरज गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में पेश किए गए अंतिम बजट की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजट लोकहित में है आने वाले दिनों में यह देश के आर्थिक विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

### लोकहित में पेश किया गया समावेशी बजट है : इंद्र कुमार पंडित



झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के जिला मंत्री व युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश की गई आम बजट को सराहना करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दें कर कहा है कि यह राष्ट्र के 140 करोड़ जनता के आशाओं और आकांक्षाओं के साथ भावी पीढ़ी के लिए समावेशी व मानव विकास तथा विकसित भारत के लिए रोड मैप तैयार करने हेतु पेश किया गया समावेशी बजट है।

### बजट आम लोगो के लिए नही, कुर्सी बचाने वाला बजट है : शैलेंद्र यादव



कांग्रेस के हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने अंतरिम बजट की आलोचना करते हुए कहा कि यह बजट आम लोगों के लिए नहीं है यह केवल नरेंद्र मोदी अपने सहयोगी दलों को खुश करने और अपनी कुर्सी बचाने का बजट पेश किया है। यह बजट पिछली बार की तरह ढाक के तीन पात साबित होगा ।

### व्यापारीयों को हतोत्साहित व अमीरों पूंजीपतियों को बढ़ावा देनेवाला बजट : आर सी मेहता



प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है की इस बजट मे आटा और डाटा को महंगा किया गया है। यह बजट गरीबों, किसानों ,बेरोजगारों, छात्रों, व छोटे व्यापारीयों को हतोत्साहित करने वाला एवं अमीरों पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला चुनावी जुमलानुमा बजट है। यह बजट हतोत्साह का परिचायक है एवं 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की गई है ।

### आटा व डाटा को किया महंगा, पूंजीपतियों का रखा गया ध्यान : साजिद



कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने मोदी सरकार के तीसरी पारी के पहली अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से पूंजी पतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है । बजट के माध्यम से अदानी व अंबानी जैसे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है, आम जनों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है। डाटा व आटा दोनों को मंहगा कर दिया गया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# रामगढ के लोगों की मोदी सरकार की 3 .0 के पेहले बजट पर प्रतिक्रिया

## भारत के समृद्ध भविष्य का सुनहरा बजट, सभी वर्गों का होगा उत्थान : मनीष जायसवाल



**रामगढ :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का पहला आम बजट मंगलवार को पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ देश की अर्थव्यवस्था और आधारभूत ढांचा को मजबूती प्रदान करने वाला है। इसमें देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के साथ हर वर्ग के विकास और उत्थान का ध्यान रखा गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि उन्नत बुनियादी ढांचे, नवाचार और अगली पीढ़ी के सुधारो के साथ एक समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करते हुए समाज के हर वर्ग के विकास को इस बजट ने समाहित किया है। उन्होंने कहा की यह गतिशीलता कृषि में उत्पादकता को बढ़ावा देने, रोजगार और कौशल को बढ़ाने और मानव संसाधन एवं सामाजिक न्याय को बढ़ाने का वादा करता है। यह शहरी विकास और ऊर्जा सुरक्षा में प्रगति को प्रेरित करता है। बुनियादी ढांचे, नवाचार, अनुसंधान और अगली पीढ़ी के सुधारो पर मजबूत फोकस के साथ यह बजट सभी क्षेत्रों में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति के लिए मंच तैयार करता है। यह दूरदर्शी बजट मोदी सरकार 3.0 के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत भारत के लिए एक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करते हुए सतत विकास, नवाचार और स्थायी प्रगति को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा की देश के पांच राज्यों के साथ पूर्वोदय योजना में झारखंड को शामिल करने से झारखंड की तस्वीर बदलेगी।

## बजट में मध्यम वर्ग करदाताओं को आयकर में दिया गया हैं राहत : सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय



**रामगढ़ :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना सातवां बजट मंगलवार को पेश किया गया है जिस पर सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय ने अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में मध्यम वर्ग कर दाताओं को आयकर में राहत दिया गया।वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा ?50000 से बढ़ाकर 75000 कर दिया गया है। फैमिली पेंशनर्स के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा ?15000 से बढ़ाकर ?25000 कर दिया गया है। न्यू टैक्स रेजिम में 3 लाख से 12 लाख तक के आय वालों के स्लैब रेट में परिवर्तन किया गया है पहले की तरह छूट की सीमा तीन लाख रुपय ही है। पहले 3 लाख से 6 लाख लाख तक के आय पर 5न्न टैक्स लगता है किंतु अब 3 लाख से 7 लाख के आय पर 5न्न टैक्स लगेगा। पहले 6 लाख से 9 लख रुपए तक के आय पर 10न्न लगता था किंतु अब 7 लाख से 10 लाख तक के आय पर 10न्न टैक्स लगेगा। पहले 9 लाख से 12 लाख तक के आय पर 15न्न टैक्स लगता था किंतु अब 10 से 12 लाख तक के आय पर 15न्न टैक्स लगेगा। 12 से 15 लाख एवं 15 लाख से ऊपर आय पर टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वही ओल्ड टैक्स रेजीम में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन टैक्स 10न्न से बढ़कर 12.5न्न परसेंट कर दिया गया है।

## बजट कॉरपोरेट घरानो के हित वाला : सुधीर मंगलेश



**रामगढ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बजट पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए इसे देश के कॉरपोरेट घरानो को लाभ पहुंचाने वाला और किसान, मजदूर, युवा और महिला विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा की बजट में देश के युवाओं पर बिलकुल भी फोकस नही किया गया है। केंद्र सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई योजना का जिक्र नहीं किया है। दो फीसदी बेनामी टैक्स भी आम लोगों के सर पर डाल दिया है। स्टॉक करनेवालों को विशेष छूट दी गयी है। अब सामग्री का अधिक स्टॉक ब्रोकिंग एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया है। इससे कालाबाजारी बढ़ने की संभावना बढ़ गयी है। पेंशनरों को भी कोई राहत नहीं दी गयी है। 25 हजार रुपये की पारिवारिक पेंशन पानेवाले को भी टैक्स देना होगा। बजट में पारिवारिक पेंशन की रकम को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार करने का ऐलान किया है। यानी एक ओर पेंशन बढ़ाकर दूसरी ओर टैक्स के माध्यम से काट लिया जायेगा। नई कर व्यवस्था के तहत तीन लाख रुपये से अधिक आमदनी पर 5 फीसदी टैक्स लगाने का ऐलान किया है। इससे बकवास बजट पहले कभी नहीं देखा है।

## विकसित भारत का अतुल्यनीय बजट : अमित साहू



**रामगढ :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहां है कि यह बजट विकसित भारत का अतुलनीय बजट है। श्री साहू ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों युवाओं और महिलाओं पर खास फोकस किया गया है। युवाओं के लिए मुद्रा लोन बढ़ाकर 10 लाख से 20 लाख करने से युवाओं के रोजगार के दिशा में एक सार्थक प्रयास है। देश के कई राज्यों में किसानों ने के लिए नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने से किसानों के लिए आर्थिक स्थिति को समृद्ध करने की दिशा में एक बेहतर प्रयास है। महिलाओं के नई योजना के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान करना। महिला सशक्तिकरण के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। और देश के आम नागरिकों के लिए सोलर एनर्जी के तहत सूर्यघर से पूरे देश के एक करोड़ घरों को 300 यूनिट प्रति माह फ्री बिजली देना भी एक साहसिक कदम है। श्री साहू ने कहा कि कुल मिलाकर यह विकसित भारत का अतुल्यनीय बजट है।

## बजट में युवाओं को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार के लिए दिया विशेष उपहार : रंजन चौधरी



**रामगढ :** मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े रंजन चौधरी ने कहा की यह बजट गरीब, महिला, किसान और युवाओं को समर्पित है। बजट सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। रंजन चौधरी ने कहा की युवाओं को उनकी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार के लिए विशेष उपहार दिया गया है। उन्होंने कहा की बजट में जिन पांच राज्यों का चुनाव सर्वांगीण विकास के लिए किया गया है उसमें अपने झारखंड राज्य का भी नाम शुमार है जहां पूर्वोदय योजना के तहत करोड़ों के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स आएंगे और झारखंड की हालात बदलेंगे। रंजन चौधरी ने इस ऐतिहासिक और साहसिक बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दिया है ।

## यह बजट से किसानों की जिंदगी बदलेगीं, यह बजट क्रांतिकारी बदलाव लाएगा : मनोज गिरी



**रामगढ :** रामगढ भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने बजट पर आपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा लोकसभा में जो बजट पेश किया गया बहुत सराहनीय है बजट से स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार कृषि महिलाओं को देखते हुए बजट पेश किया गया ?300000 तक कोई टैक्स नहीं लगना। यह बजट विकसित भारत का बजट है इस बजट में मोबाइल सोना चांदी ज्वेलरी कैंसर इलाज सस्ता किया गया है। यह बजट से किसानों की जिंदगी बदलेगी साथ ही यह बजट से क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

## यह पहला बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है : राजीव पामदत्त



**रामगढ :** भाजपा रामगढ के मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने बजट पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जहां इस बजट में आम आदमी को इनकम टैक्स में राहत दी गई है वहीं पहली बार युवाओं को लिए पीएम पेड इंटर्नशिप का प्रावधान इस बजट में खाश फोकस। एक लाख छात्रों को ई-बोचर उनके कैरियर को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। स्वरोजगार को बढ़ाने वाला यह बजट युवाओं को स्टार्ट अप के लिए प्रोत्साहित करेगा।ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगा वहीं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए 10 लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान सराहनीय है। महिला, युवा किसान के लिए बजट में बहुत कुछ है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित करने को संकल्पित है यह बजट।

## रामगढ़ के नए एसपी अजय कुमार ने किया पदभार ग्रहण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** जिला के नए पुलिस अधीक्षक आईपीएस अजय कुमार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निवर्तमान एसपी डॉ. बिमल कुमार ने अजय कुमार को विधिवत पदभार सौंपा। साथ ही बुके देकर बधाई दीं।इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के जिला पुलिस हेडक्वार्टर आगमन पर सार्जेंट मंटू यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की ओर से सलामी दी गई। वहीं वरीय पुलिस अधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नये एसपी अजय कुमार सिंह ने मीडियाकर्मियों से कहा कि पुलिस वर्दी पर लोगों का विश्वास बढ़े और परेशानियों में थाना पहुंचते मुस्कान के साथ लौटें, यह कोशिश रहेगी। आगे उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही गिरोहों के संगठित अपराध, नक्सल फ्रंट, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध पर अंकुश लगाना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

## ममता देवी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान का किया आग्रह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पूर्व विधायक रामगढ़ ममता देवी द्वारा रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में दिनांक 12 जुलाई से चल रहे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डो में वहाँ के निवासियों द्वारा बताए गए समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों उपायुक्त रामगढ़, विद्युत प्रमंडल रामगढ़, मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद, रामगढ़ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद रामगढ़ को पत्र लिखकर समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया गया । कार्यपालक अभियंता झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रामगढ़ को वार्ड नंबर 4 में एम एम टी ग्राउंड के पीछे जगदीश नगर में 11000 का केबल जो जमीन पर सटा हुआ है उसे अभिलंब ठीक करने का आग्रह किया गया। वार्ड नंबर 4 के दिनेश स्टील के पीछे करमा टोली में एलटी लाइन केबल जो चालू नहीं है उसे अबिलम्ब चालू किया जाय। कोयरी टोला में हनुमान मंदिर सूर्या महतो घर के निकट बिजली पोल की आवश्यकता को दूर करने का आग्रह किया गया। वार्ड नंबर 4 के पारे बस्ती में एलटी लाइन का एक्सटेंशन करने का आग्रह किया गया ।उपयुक्त रामगढ़ से गोला रोड चट्टी बाजार में राजस्थान कालेवालय के समीप से चट्टी बाजार साहू कॉलोनी मुख्य नाला तक सड़क के दोनों किनारे नाली का निर्माण करने का आग्रह किया गया ।


### पूर्व मध्य रेल

#### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.- टी.एम. ई-निविदा ओपेन/02/24-25 दिनांक: 18.07.2024.

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, मुगलसराय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

ई-निविदा बंद होने की तिथि : 19.08.2024

1. निविदा केस सं.- कार्य का नाम एवं लोकेशन : 4आर.टी.टी.एम.बीसीएम सर्विस-आर.बी.-23 सेवा के दायरे के अनुसार पूर्व मध्य रेलवे के सभी ब्राड गेज मार्गो पर अपने मसीनों का उपयोग कर सभी प्रकार की मुख्य लाईन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग करना, मसीनों एवं सभी अकास्मिक साइटों के संचालन एवं रख-रखाव अपने स्वयं के समान, उपयोग्य समाग्रियों एवं कर्मचारियों का उपयोग कर सेवा देने हेतु। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,53,43,61,512.84, 3. जमानत राशि : ₹1,00,00,000/-, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 19.08.2024, 16.00 बजे तक। 5. वेबसाईट जिस पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी है : www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)/ प्लांट डिपो/पूमरे/मुगलसराय

पीआर/00735/पीडीएम/अभि./टी/24-25/36



### AFFIDAVIT

BEFORE NOTARY EXECUTIVE MAGISTRATE AT MADHUPUR
Dist. Deoghar (Jharkhand)
**AFM-783/24**
**01.07.2024**

**1.** Pinky W/o Md. Tauseef Ansari R/o-Napit Para Road, Near Noorani Masjid Meena Bazaar, Madhupur Town Patharchapti, P.O., P.S. & Sub-division-Madhupur, Dist.-Deoghar, (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare on oath as follow:-

**1)** That my correct name is PINKY my husband name is MD. TAUSEEF ANSARI but in my husband's passport my name is wrongly written as MUSKAN PARWEEN.

**2)** That MUSKAN PARWEEN is my nick name but my correct name is PINKY in my Adhar Card and Educational Certificate my name is clearly mentioned as PINKY my Adhar Card No. is 4869 1471 5538.

**3)** That PINKY and MUSKAN PARWEEN is one and same person (lady) who is I.

**4)** That the above statements are true to the best of my knowledge and belief.The deponent is identified by me and put her/his signature in my presence.

**Pinky**
**DEPONENT**
**Advocate, Madhupur.**
**Executive Magistrate, Madhupur.**


## झारखंड अगेंस्ट करप्शन संगठन के रामगढ़ जिला प्रधान सचिव बने मोहम्मद तबरेज आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** रामगढ़ जिला झारखंड अगेंस्ट करप्शन संगठन के प्रधान सचिव रामगढ़ जिला के मोहम्मद तबरेज आलम को बनाया गया। हजारीबाग के चुरचू प्रखंड के पंचायत सचिवालय बहेरा में झारखंड अध्यक्ष करप्शन समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड अध्यक्ष करप्शन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव (मुंडा) शामिल हुए। केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव के द्वारा ही मोहम्मद तबरेज आलम को झारखंड अगेंस्ट करप्शन रामगढ़ जिला के प्रधान सचिव पर नियुक्ति किया गया । इस मौके पर मोहम्मद तबरेज आलम ने बताया कि जिस भरोसे से मुझे यह पद दिया गया है उसे पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का कोशिश करूंगा और करप्शन को दूर करने की पूरी कोशिश करूंगा । इस मौके पर हजारीबाग कमेटी का विस्तार भी गठन किया गया । इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड अगेंस्ट करप्शन रामगढ जिला अध्यक्ष राजकुमार राय एवं जिला के संगठन महामंत्री रितेश गुप्ता उपस्थित हुए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

#### शुद्धि -पत्र

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- EE/RDSD/LATEHAR/5/2024-25 जिसका PR NO-329967 Rural Development(24-25)_D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:-

(1) क्रमांक-1 से 24 तक में अंकित प्राक्कलित राशि 1819800.00 के स्थान पर प्राक्कलित राशि 1108200.00 पढ़ा जाय।

(2) क्रमांक-1 से 24 तक में अंकित अग्रधन की राशि 36500.00 के स्थान पर अग्रधन की राशि 22200.00 पढ़ा जाय।

(3) क्रमांक-1 से 24 तक में अंकित परिमाण विपत्र का मूल्य 5000.00 के स्थान पर परिमाण विपत्र का मूल्य 2500.00 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 330405 Rural Development(24-25)D



### झारखण्ड सरकार

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा।

#### रोजगार मेला संबंधी सूचना

दिनांक 25.07.2024 को जिला नियोजनालय, लोहरदगा के द्वारा नगर भवन, लोहरदगा (नजदीक प्रखण्ड कार्यालय, लोहरदगा) में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Delhivery Private Limited., Lohardaga. | Delivery Boy - LMA | 34 | 10th Pass | 18-42 | Fresher - 03 yrs | Salary 12,000/= to 16,000/= Job Location Lohardaga. |
| | | Delivery Boy - RFE | 09 | 10th Pass | 18-42 | Fresher - 03 yrs | Salary 12,000/= Job Location Lohardaga. |
| 2 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 0- 02 year | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | S.S.M | 02 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 0-2 years | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | E.S.M | 01 | 10th/12th/Graduation | 21 and Above | 01-03 years | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | NA | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 3. | SIS Limited, Central Training Academy Anushasanpuran Belchampa Garhwa (JH) | Security Guard | 200 | 10th Pass | 19-40 | NA | Salary 15000/= to 25000/= Job Location - Jharkhand, NCR South. |
| | | Security Supervisor | 50 | 12th Pass | 21-40 | NA | Salary 15000/= to 25000/= Job Location - Jharkhand, NCR South. |
| | | Cash Custodian | 50 | 12th Pass | 19-30 | NA | Salary 15000/= to 25000/= Job Location - Jharkhand, NCR South. |
| | | Graduate Trainee Officer | 100 | Graduate | 21-37 | NA | Salary 15000/= to 25000/= Job Location - Jharkhand, NCR South. |
| 4 | Quess Corp Limited, Delladur Gate, Sarjapur, Bengaluru | Training | 180 | 12th Pass, ITI | 18-23 | NA | Salary 14500/- Job Location -Ahmdabad |
| | | Wistron | 200 | 12th Pass, ITI, 8th Pass | 18-29 | NA | Salary 12500/- to 14500/- Job Location -Ahmdabad |
| 5 | Raxa Security | Security Guard | 200 | 10th Pass & Above | 18-35 | -- | As per State Minimum wages Job Location :- All India. |
| 6 | Notion Electronics Private Limited, C-12, Maruti Industrial Estate Part-C, Gujarat - 380025. | Survey Executive | 80 | 12th Pass | 18-35 | - | Salary 14,722/= Job Location- Lohardaga. |
| | | Receptionist | 08 | 10th Pass | 18-35 | -- | Salary 13,322/= Job Location- Ranchi. |
| | | Tele Caller | 25 | 12th Pass | 18-35 | -- | Salary 12,000/= Job Location- Ranchi. |
| | | Supervisor | 24 | 12th /B.A | 18-35 | -- | Salary 15,870/= Job Location- All Jharkhand. |
| | | Computer Opp. | 08 | 12th/DCA | 18-35 | -- | Salary 13,715/= Job Location- Lohardaga & Ranchi. |
| | | HR Manager | 02 | PG | 18-35 | -- | Salary 16,620/= Job Location- Lohardaga. |
| | | Accountant | 02 | PG + Tally | 18-35 | -- | Salary 15,722/= Job Location- Ranchi. |
| | | ITI All trade | 25 | Electronics & Fitter | 18-35 | -- | Salary 15,722/= Job Location- Lohardaga & Ranchi. |
| 7 | Moterson Automotive Pvt. Ltd., Ahemdabad, Gujarat 382150. | CNC- Operator Quality - INSP. | 400 | ITI/Graduate/ Diploma | 18-35 | -- | Salary 16,000/= to 30,000/= After 8 month company will take own payroll Job Location :- Ahemdabad. |
| 8 | A to Z Placement Service, Off. No. 004, B wing, Manas Sarovar Apt., Kalyan west. | Picker | 50 | 10th Pass | 18-25 | -- | Salary 13,800/= + (PF+ESIC) 17874/= Job Location :- Andhra Pradesh. |
| | | Loader Unloader (Max 20kg Box) | 50 | 5th Pass | 18-45 | -- | Salary 14,800/= + (PF+ESIC) 19212/= Job Location :- Andhra Pradesh. |
| 9 | SKR Group,Ghaziabad. | Operator | 250 | 10th/12th Pass | 18-30 | -- | Salary 10,648/= to 15,000/= Job Location- Noida. |
| | | Quality | 100 | ITI/Diploma | 18-30 | -- | Salary 10,648/= to 15,000/= Job Location- Noida. |
| 10 | Satin Creditcare Network Ltd., Ratu Road, Ranchi. | Executive (TCSO) | 05 | 12th Pass | 18-30 | -- | Salary 20,400/= CTC Job Location- Gumla, Khalari.. |
| | | Sr. Executive (SRCSC) | 05 | 12th Pass | 18-30 | 02 years | Salary 23,300/= CTC Job Location- Gumla, Khalari, Ramgarh etc. |
| | | Collection Officer | 02 | 12th Pass | 18-32 | 01 year | Salary 20,500/= CTC Job Location- Gumla, Khalari.. |
| 11 | Minda Kosai Pvt. Ltd., Dekawara Tehsil- Detroj, Ahmedabad, Gujarat. | Casting | 30 | 10th Pass | 18-25 | -- | Salary 17,800/= CTC Job Location- Ahmedabad. |
| | | LPDC | 25 | 12th Pass | 18-25 | -- | Salary 17,500/= CTC Job Location- Ahmedabad. |
| | | Machine Shop | 30 | 12th Pass | 18-25 | -- | Salary 17,500/= CTC Job Location- Ahmedabad. |
| | | Quality | 35 | ITI Pass | 18-30 | -- | Salary 17,800/= CTC Job Location- Ahmedabad. |
| | | SCM | 25 | 12th Pass | 18-25 | -- | Salary 17,500/= CTC Job Location- Ahmedabad. |
| 12 | Prejha Foundation (Kalyan Gurukul), Ranchi. | Wire Harness | 50 | 10th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | Mobile Assembly | 50 | 10th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | Tiles Mason | 50 | 5th Pass | 18-30 | -- | Salary 17,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | SMO | 40 | 7th Pass | 18-27 | -- | Salary 10,000/= Job Location- Tamil Nadu. |
| | | Manufacturing | 40 | 10th Pass | 18-27 | -- | Salary 14,000/= to 15,000/= Job Location- Tamil Nadu. |
| | | ANM (Nursing) | 120 | 12th Pass | 18-30 | -- | Salary 18,000/= to 25,000/= Job Location- All over India. |
| 13 | Subros Ltd./Skillsource learing & tech. Pvt. Ltd., Navi Mumbai, Thane, Maharashtra. | Under Retainer Model NAPS-1 Year. | 200 | ITI/Diploma Passing Year 2021 - 2023 All trades except Carpenter, Civil & Computer | 18-24 | -- | Salary ITI 15,200/=, Diploma 16,500/= Job Location :- Chennai. |
| 14 | Nistha , Senha, Lohardaga. | G.D.A Trainer | 01 | B.sc Nursing/GNM | 22-35 | 02 years | Salary 16,000/= to 18,000/= Job Location- Senha, Lohardaga.. |
| 15 | Novho Career Pvt. Ltd., Mumbai, Maharashta 400101 | Pickers | 200 | 10th /12th Pass | 18-35 | -- | Salary 15,700/= Job Location- Bangalore. |
| | | Material Handler | 400 | 8th/10th Pass | 18-35 | -- | Salary 15,700/= Job Location- Bangalore. |
| | | Data Entry Operator | 200 | Graduate | 18-35 | -- | Salary 17,000/= Job Location- Bangalore. |
| 16 | Eduvantage Lohardaga. | Sewing Machine Operator | 100 | 10th Pass | 18 and Above | 0-5 yrs | Salary 14,500/= Job Location- Tamilnadu. |
| | | Call center job | 50 | 12th Pass | 18 and Above | 0-3 yrs | Salary 8,000/= to 9,000/= Job Location- Ranchi. |
| | | Manufacturing and repairing | 50 | 12th Pass | 18 and Above | 0-3 yrs | Salary 12,200/= to 15,000/= Job Location- Bengaluru. |
| 17 | Instakart Service Pvt. Ltd., Lohardaga. | Delivery Executive | 10 | 10th Pass | 18 and Above | 0-5 yrs | Salary 10,000/= to 30,000/= Job Location- Lohardaga. |
| 18 | LIC of Inida, Block More, Lohardaga. | Insurance Advisor | 20 | 10th Pass | 21-50 | -- | Commission Base Job Location :- Lohardaga. |
| 19 | Indian Industries Solution, Ahmedabad. | Welder | 50 | ITI | 18-32 | 0-1 year | Salary 23,000/= to 26,000/= Job Location:- RanjanGaon |
| | | Fitter, ELE | 50 | ITI | 18-32 | 0-1 year | Salary 14,000/= to 16,000/= Job Location:- Ahmedabad. |
| | | Helper | 40 | 10th/12th Pass | 18-45 | NA | Salary 10,000/= to 15,000/= Job Location:- Pune. |
| | | Wire Harness | 80 | 10th/12th/B.A/ITI | 18-30 | -- | Salary 10,000/= to 12,000/= Job Location:- Rajasthan. |
| 20 | SBI Life | Life Mitra | 30 | 10th Pass | 18+ | NA | Commission Base Job Location - Lohardaga |
| 21 | VSS Enterprises | Honda Trainee | 120 | ITI Pass | 18-29 | Fresher/Exp | Salary 17400/- Job Location - Bangalore |
| 22 | Reliance Retail Limited, Lohardaga | Customer Service Associate | 01 | 12th Pass | 18+ | NA | Salary 11500/- Job Location - Lohardga |
| 23 | Chaitanya India Fin Credit | CRE | 70 | 10th/12th/Graduation Pass | 18-28 | Fresher | Salary 7100/- to 10850 plus accomodation Job Location - Lohardaga, Latehar, Gumla |
| 24 | Deo Astha Honda | Manager | 01 | Graduation, DCA, Tally, data Entry | 18+ | NA | Salary 7100/- to 10850 Job Location - Lohardaga |
| 25 | OCIFIT, Chiri | Moblizer | 10 | 10th/12th/Graduation Pass | 18+ | NA | Salary 7100/- to 10850 Job Location - Lohardaga. |
| | Total | | 4260 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in/ www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपीफोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

PR.NO.330434 Labour Employment and Traning(24-25):D


District Employment Officer, Lohardaga.

# सरिया सीओ ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को दिया नोटिस

## स्मारक के निचे चिपकाई नोटिस, बना चर्चा का विषय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया राजधनवार रोड में रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें कई लोगों के द्वारा मुआवजा की राशि भुगतान नहीं होने एवं अन्य कई कारण से अतिक्रमण हटाया नहीं गया है। जिसे लेकर सोमवार को सरिया अंचल कार्यालय के द्वारा वैसे लोगों को अंतिम चेतावनी नोटिस भेजा गया। इसी क्रम में सरिया मुख्य मार्ग के विवेकानंद चौक पर प्रशासनिक फंड एवं आम लोगों के सहयोग से आकर्षक स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। लगे हाथ सरिया अंचलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद स्मारक को भी अतिक्रमण हटाओ नोटिस जारी कर दिया गया। जिसमें स्पष्ट लिखा गया था कि स्वामी विवेकानंद स्मारक सकिन बड़की सरिया मौजा आपको सूचित किया जाता है कि आपको मुआवजा की राशि का भुगतान कर दिया गया है फिर भी आपके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है अतः 72 घंटे के अंदर आप स्वयं अतिक्रमण हटा ले अन्यथा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। चुकी यह नोटिस लेने के लिए स्वामी विवेकानंद जी नहीं थे इसलिए अंचल के कर्मियों के द्वारा उक्त नोटिस को उनके प्रतिमा के नीचे चिपका दिया गया।



इसके बाद से सरिया व आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया एवं सरिया अंचल के कार्यशैली पर भी तरह-तरह के सवाल भी उठाए जाने लगे। चर्चाओं में यह बोला जा रहा था कि आखिर मुआवजा की राशि स्वामी विवेकानंद जी कब लिए और किस खाते में और विवेकानंद जी कब अपनी प्रतिमा को हटाने के लिए सरिया पहुंचेंगे। इसे लेकर कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। वहीं स्मारक समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन मंडल ने कहा की

स्वामी विवेकानंद का स्मारक एक राष्ट्रीय धरोहर है। प्रशासन इसके साथ खिलवाड़ करना बंद करें अगर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान इसे तोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है तो इसके पूर्व प्रशासन को स्थानीय लोगों से बात कर किसी अन्यत्र स्थान पर सुसज्जित व सम्मानजनक ढंग से इसकी निर्माण कार्य की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। अन्यथा आम लोगों के द्वारा व्यापक स्तर पर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा ।वहीं प्रतिमा के नीचे नोटिस चिपका कर सरिया सीओ की कार्यशैली का भी अंदाजा लगाया जा सकता है।

### क्या कह रहे अंचलाधिकारी

सरिया आरोबी निर्माण में विवेकानंद चौक पर स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक और सरिया बाजार स्थित शिव मंदिर को हटाना आवश्यक है। इसलिए विभागीय प्रक्रिया के तहत नोटिस की गई है । अगर स्थानीय लोग के द्वारा आवेदन दिया जाता है तो किसी अन्यत्र स्थान पर विवेकानंद जी की प्रतिमा और शिव मंदिर को स्थापित किया जाएगा। इसे लेकर जो खर्च होगी वह राशि का भुगतान जिला भू अर्जनकार्यालय के द्वारा सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी के कोष में जमा करवा दिया गया है । स्थानीय लोगों के द्वारा प्रस्ताव आने पर विभाग के द्वारा आगे काकार्य संपादित किया जाएगा। इसके अलावा भी अगर कोई नियम या निर्देश विभाग के द्वारा दिया जाता है तो उसके अनुसार कार्य किया जाएगा।

## धनबाद : धारा 163 हटाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से मिले पांडरपाला के लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पांडरपाला से धारा 163 हटाने को लेकर हिन्दू व मुस्लिम दोनो समुदाय के लोगों ने संयुक्त रूप से अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया।

सभी लोगों ने एक स्वर मे आग्रह किया की धारा 163 को शीघ्र हटाई जाये क्योंकि इससे जन जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी ने साकारत्मक पहल करने की बात कही।

मौके पर अजय लाल, पारो खान, मनोहर महतो, मुर्तुज़ा आलम, मुमताज़ कुरैशी, अधिवक्ता वकार अहमद उर्फ विक्की, तबरेज़ खान, अक्कू, राम कुमार, छोटू कुरैशी, लोबिन दा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बना अभिवाहकों की पहली पसन्द, बच्चों के नामांकन में लगातार वृद्धि



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के यज्ञ स्थल में स्थित पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक एजे स्कूल बच्चों के साथ साथ अभिवाहकों का पहली पसन्द स्कूल बनता जा रहा है आये दिन इस स्कूल में बच्चों का नामांकन बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग के टुंडी यज्ञ स्थल पर अवस्थित है इस स्कूल में बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ अच्छे संस्कारों का निर्माण कराया जा रहा है तथा बच्चों के भविष्य संवारने के लिए कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं सर्वप्रथम बच्चों को अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए बहुमूल्य किताबें दी जा रही है एवं आवाजाही के लिए बसों का परिचालन बहुत ही निम्न दरों में उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही अच्छे एवं उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा पठन पाठन का कार्य के संचालन से बच्चों के साथ साथ अभिवाहकों का इस स्कूल के प्रति विश्वास बढ़ रहा है एवं प्रतिदिन नामांकन प्रक्रिया में वृद्धि देखी जा रही है बहरहाल टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में यह स्कूल बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं साबित होगा और बच्चे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ साथ एक होनहार विद्यार्थी बन सकेंगे।

## केन्द्रीय बजट मात्र लोकलुभावन गरीब किसानों के हित में कुछ भी नहीं जनता में छाई मायूसी : नागरिक

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केन्दीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के देखरेख में आज मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश करते ही जनता में छाई मायूसी। लोगों ने इस तरह के बजट को लोक लुभावन एवं किसान विरोधी बजट क़रार दिया।जितने पर भी कटौती की गई सब अमीरों को फायदा पहुंचाने जैसा है।आज सभी लोग महंगाई के मार से त्रस्त है उसपर केन्द्र सरकार ने अनदेखा किया जिससे गांव के दबे कुचलें ग़रीब किसानों? में मायूसी देखीं जा रही है।जितने भी तरह के चीजों में कटौती की गई है उसमें एक भी किसान हित में एवं छोटे व्यापारियों के हित में नहीं है। खाद्य बीज सस्ते दरों में ऋण, सूखे से प्रभावित किसानों के लिए कुछ भी घोषणा नहीं करने से लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।कुल मिलाकर यह बजट किसान विरोधी बजट लोगों ने क़रार दिया एवं आने वाले दिनों में ग़रीब किसानों के समक्ष कई तरह के संकट पैदा होने के साथ साथ आर्थिक संकट उत्पन्न होगा वैसे भी महंगाई चरम पर है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए वासेपुर में किया कंटेनर सर्वे

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने वासेपुर, रमज़ान मंजिल, कबाड़ी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लार्वानाशी दवा का छिड़काव सहित अन्य कदम उठाए। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन तथा वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह ने बताया कि 19 जुलाई को एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के दो संभावित लक्षण वाले मरीज के ब्लड सैंपल की जांच एलाइजा माध्यम से की गई। जांच में एक मरीज के धनात्मक होने की पुष्टि की गई। डेंगू मरीज वासेपुर, रमजान मंजिल, कबड्डी पट्टी का निवासी है। वह 4 जुलाई को अपने मायके गया बिहार गई थी। वहां से लौटने पर 11 जुलाई को बुखार शुरू हुआ। बुखार आने पर धनबाद नर्सिंग होम में भर्ती हुई। वहां एनएसआई जांच के आधार पर डेंगू बताया गया। मरीज के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के कारण 18 जुलाई को जांच की गई। जांच में वह ऋणात्मक पाया गया। रोगी का ब्लड सैंपल एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी में भेजा गया। जहां 20 जुलाई को एलाइजा जांच में घनात्मक पाया गया।19 जुलाई को जिला स्तरीय टीम गठित कर वासेपुर, रमजान मंजिल, कबाड्डी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लार्वानाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल का वितरण के साथ-साथ घनात्मक मरीज के घर के आस-पास के कुल 36 घरों की जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी डेंगू के संभावित लक्षण वाले मरीज नहीं मिले। पुनः जिला स्तरीय टीम द्वारा वासेपुर, रमजान मंजिल, कबाड्डी पट्टी में कंटेनर सर्वे, लार्वानाशी दवा का छिड़काव, जन जागरूकता कार्यक्रम, हैंड बिल का वितरण के साथ-साथ घनात्मक मरीज के घर के आस-पास के कुल 81 घरों की जांच की गई।

## धनबाद प्रेस क्लब चुनाव 2024-27 : पहले दिन 2 पत्रकारों ने नामांकन पत्र खरीदा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब चुनाव का समय सारणी घोषित होने के उपरांत सोमवार से नामांकन पत्र की बिक्री गांधी सेवा सदन में शुरू हुई जिसमें संजय चौरसिया ने सचिव पद के लिए पहला नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्र खरीदने की अंतिम तारीख 24 जुलाई को है तथा नाम वापसी की तिथि 26 जुलाई को है तथा चुनाव 3 अगस्त को होगी। 21 पदों के लिए इस चुनाव में 1 अध्यक्ष, 1 वरिय उपाध्यक्ष 5 उपाध्यक्ष 1 महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष एवं 7 कार्यकारिणी सदस्य का पद है। चुनाव पदाधिकारी बिजय पाठक व अभय भट्ट ने बताया कि आज दो पत्रकार संजय चौरसिया और दिलशाद खान ने पहले दिन सचिव पद के लिए नामांकन पत्र लिया है। धनबाद प्रेस क्लब 2024 - 27 के चुनाव में ट्रस्टी बोर्ड के सदस्यों समेत 232 पत्रकार मतदाता है। धनबाद प्रेस क्लब में अपने अपने प्रताशियों को जिताने को लेकर काफी गहमागहमी व मंथन चल रही है।

## बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय प्राइवेट टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज एसोसिएशन की आम बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय प्राइवेट टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज एसोसिएशन की आम बैठक हाउसिंग कॉलोनी स्थित MIG B-41 भवन एसोसिएशन कार्यालय में सभी सम्मानित सदस्यगण की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ आर एन चौबे, अध्यक्ष ने किया तथा संचालन सचिव शंकर प्रसाद स्वर्णकार ने किया। इस कार्यक्रम पर विधायक मथुरा महतो, पूर्व मंत्री/ विधायक जलेश्वर महतो तथा विधायक सिंदरी इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनका स्वागत पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर किया गया।



एसोसिएशन की लड़ाई को मजबूती से संघर्ष पूर्ण तरीके से लड़ने के लिए विधायक मथुरा महतो को स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि विश्वद्यालय परिसर में निर्मित बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा का अनावरण भव्य समारोह आयोजित कर अविलंब किया जाए। इसके लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति और कुलपति सहित झारखंड सरकार को पत्र दिया जाय। बी एड महाविद्यालयों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विचार किया गया। बी एड महाविद्यालयों को स्थाई संबंधन, जेसीईसीईबी द्वारा अभ्यर्थियों से हर बार साक्षात्कार में शुल्क लिया जता है जिसे एक बार लिया जाय, खुले साक्षात्कार में एनसीटीई के अहर्ता के अनुसार बिना सीएमएल वाले छात्रों का नामांकन लेने हेतु सरकार से पहल करने पर विचार किया गया।

इस अवसर पर डॉ सैफुल्ला खालिद, डॉ अरुण कुमार बर्मा, प्रतोष महतो, मधुसूदन महतो, प्रभास कुमार शाह, डॉ रईस खान, डॉ नसीम अहमद, खुर्शीदा मल्लिक, राजेश सिंह सहित धनबाद तथा बोकारो के 16 महाविद्यालयों के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## मदर हलीमा स्कूल में भारत स्काउट व गाइड समापन समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मदर हलीमा स्कूल वासेपुर में भारत स्काउट और गाइड समापन समारोह का आयोजन किया गया। भारत स्काउट और गाइड के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक के प्रतिनिधि बब्लू फरीदी एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन उपस्थित हुए। छात्रों ने अतिथियों को माला पहनकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अतिथियों ने छात्र एवं छात्राओं को प्रथम सोपान प्रमाण पत्र वितरण करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर भारत स्काउट और गाइड जिला प्रशिक्षक शादाब हुसैन, स्कूल के प्रिंसिपल मो राशिद, शिक्षक जय देव कुमार, प्रेम कुमार, विकाश कुमार, अंबर अली, रजिया फातिमा आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 70 वां स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारतीय मजदूर संघ के 70वां स्थापना दिवस के पावन अवसर पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यालय विश्वकर्मा भवन में संयुक्त रूप से भामसंघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार उरांव एबं धकोकसंघ संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती द्वारा झंडोतोलन किया गया, साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

बीसीसीएल के मुख्यालय से कोलियरी स्तर पर संघ कार्यकर्ताओ द्वारा प्रभातफेरी, संगोष्ठी आदि कर हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया।

मौके पर ओम कुमार सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रमेश कुमार चौबे प्रभारी नगर निगम झा प्रदेश, धर्मजीत चौधरी जिला मंत्री, ध.को.क. संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह, नवनीत कुमार सिंह संयुक्त महामंत्री, कृष्णा कुमार सिंह संगठन मंत्री, अनिल कुमार कृष्णा, राय कृष्ण सिंह, विपिन कुमार, राजीव कुमार, नियाज अहमद आदि उपस्थित थे।

## बिहार के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल की ने शिष्टाचार भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना में शिष्टाचार मुलाकात की एवं बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया।

महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

महाप्रबंधक ने बिहार के माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा तथा पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी से भी शिष्टाचार मुलाकात की ।

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

(जिला निर्वाचन शाखा)

लाएं, वोट डालने लाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

**मतदाताओं के लिए आम–सूचना**

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2024/ERS(Vol.II) दिनांक 20.06.2024 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 4041 दिनांक 21.06.2024 के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई है :–

| क्र0 | पुनरीक्षण का कार्यक्रम | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाषन | 25.07.2024 (गुरूवार) |
| 2 | मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानान्तरित करने हेतु दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि | 25.07.2024 (गुरूवार) से 09.08.2024 (षुक्रवार) तक |
| 3 | विशेष अभियान दिवस | 1) दिनांक 27.07.2024 (षनिवार) 2) दिनांक 28.07.2024 (रविवार) 3) दिनांक 03.08.2024 (षनिवार) 4) दिनांक 04.08.2024 (रविवार) |
| 4 | दावा एवं आपत्ति का निष्पादन | 19.08.2024 (सोमवार) तक |
| 5 | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाषन | 20.08.2024 (मंगलवार) |

पुनरीक्षण अवधि में आम नागरिक निम्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं :–

- दिनांक 01.07.2024 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र–6क में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में प्रविष्टयों का सुधार, EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांग चिन्हितीकरण करने, विधानसभा के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानांतरण हेतु प्रपत्र–8 में आवेदन कर सकते हैं।
- दावा एवं आपत्ति आवेदन (विहित प्रपत्र–6, 6क, 7 एवं 8) में आवेदन समर्पित करने की अवधि दिनांक 25.07.2024 से 09.08.2024 तक निर्धारित है, इस दौरान सभी प्रकार के आवेदन BLO/AERO/ERO के कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क है।
- सभी प्रपत्रों का Online आवेदन भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के **Voter Help Line App** एवं **voterportal.eci.gov.in** के माध्यम से भी किया जा सकता है।
- सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
- दिनांक 27.07.2027, 28.07.2024, 03.08.2024 एवं 04.08.2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जा जायेगा। अभियान दिवस में मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा एवं आपत्ति प्रपत्र प्राप्त किये जाएंगे।
- विभाग के निदेशानुसार आयोग के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विशेषकर **Third Gender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Sex Workers, 85+** आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत–प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 तक समावेशी सप्ताह (**Inclusive Week**) का आयोजन किया जाएगा।
- प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
- मतदाता सूची में नाम निबंधित/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।
- प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।

सभी आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अनुरूप योग्य नागरिक अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी0एल0ओ0/ए0ई0आर0ओ0/ई0आर0ओ0 कार्यालय से विहित प्रपत्र प्राप्त कर मतदाता सूची में निबंधन/संशोधन हेतु अपना आवेदन समर्पित करें।

सभी राजनीतिक दल, हजारीबाग जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमुल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

सभी नागरिकों की भागीदारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित है।

!! आईए हम भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभायें, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें !!

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 330468 Election(24-25)D

# उप विकास आयुक्त ने लगाया जनता दरबार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उप विकास आयुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आज के जनता दरबार में लगान रसीद, राशन, आवास, मुआवजा, पेयजल समेत आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के कार्यालय प्रधान/अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दूर दराज से आमजन अपनी शिकायत लेकर समाहरणालय आते हैं, उन शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ उचित कारवाई होनी चाहिए। उनकी शिकायतों का ससमय निराकरण करने के प्रयास होने चाहिए। ताकि आमजनों को बार बार प्रखंड/अनुमंडल और समाहरणालय का चक्कर काटना न पड़ें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि आमजनों के शिकायतों का निराकरण प्रखंड/अंचल स्तर पर ही किया जाय, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। उप विकास आयुक्त ने कहा कि समाहरणालय सभागार कक्ष में आयोजित जनता दरबार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे, इनकी उपस्थिति से शिकायतों के निराकरण में तेजी आई तथा कई आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया।

# धीरज प्रसाद साहू ने बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर में एडपा संग्रहालय का किया उद्घाटन

## दिन में कभी भी बच्चों, परिवार व मित्रों के साथ इन धरोहर का अवलोकन कर प्रेरणा ले : संजय बर्म्मन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बीएस कॉलेज निकट बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर में एडपा संग्रहालय का उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ.गणेश प्रसाद, (प्रेसिडेंट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) ओम प्रकाश सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, आजसु नेत्री नीरू शांति भगत, अधिवक्ता देवाशीष कार द्वारा गिल्ली डंडा, चकई, तार गाड़ी तथा ढेकी चलाकर किया गया। संग्रहालय में तुंबा, लोढ़ा सिलवट ओखली, ठरकी, चुल्हू, लाठकूढ, पईला, नेचूवा, खटिया, रेडियो, ट्रांजिस्टर, रिकॉर्ड प्लेयर, कैसेट, कैमरा, कूमनी, पीतल टॉर्च, सेर बटखरा, ढिबरी, लटई थपका, श्वेत श्याम टेलीविजन, एंटीना, हल जुवाठ, साइकिल के डायनेमो, काला डायल टेलीफोन, टेप रिकॉर्डर, गूंगू, चीनी मिट्टी के स्विच, लोहरा ताला, सूप, दौरी, झग्गर, तीर धनुष, गुलेल,चाबी से चलने वाला टेबल तथा वॉल घड़ी आदि का मुआयना करने के बाद श्री साहू ने कहा कि पहले के लोग मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी/ गोइठा का इस्तेमाल कर अनाज को ढेकी/जाता/ लोढ़ा सिलवट तथा ओखली के द्वारा कूट व पीसकर मिट्टी के चूल्हे में, मिट्टी के बर्तन से तैयार भोजन काफी पौष्टिक बनता था तथा श्रम भी होता था और लोग बिल्कुल निरोग रहते थे, वहीं रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, कुआं, झग्गर, ओखली, दीवाल घड़ी, पेट्रोमैक्स, हल जुवाठ के बहाने एक दूसरे के घर आते जाते थे तथा इस कारण संबंध प्रगाड़ होते थे, साथ ही साथ एक दूसरे के सुख-दुख के साथी भी बनते थे। वही डॉ गणेश प्रसाद व ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पूर्वजों के धरोहर को हम भूलते जा रहे हैं जिसके कारण स्वास्थ्य तथा आपस के संबंधों में कमी आ रही है। यहां का संग्रह अद्भुत है तथा इससे प्रेरणा लेकर अपनी जीवन शैली को और बेहतर किया किया जा सकता है.अतिथियों ने पूर्वजों के नाम पर परिसर में वृक्षारोपण भी किया। वही तीर धनुष व गुलेल चलाकर क्षेत्रीय खेल को बढ़ावा देने की बात कही। संग्रहकर्ता संजय बर्म्मन ने कहा कि दिन में कभी भी बच्चों,परिवार व मित्रों के साथ इन धरोहर का अवलोकन कर प्रेरणा ले सकते हैं। मौके पर लोहरदगा बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक आर.रजक, पूर्व शिक्षक चंद्र किशोर प्रसाद, अधिवक्ता तरुण देवघरिया, दीपक सहदेव, प्रतुन शर्मा, रेड क्रॉस सचिव अरुण राम, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, मोहम्मद अंसार, सुधीर अग्रवाल, कमलजीत सिंह, गुप्तेश्वर गुप्ता, जयप्रकाश शर्मा, मोहम्मद साजिद अंसारी, अरविंद पाठक, उन्नत उरांव, हिमांशु केसरी, अमित सोनी, प्रमोद कुमार, निखिल बर्म्मन, शशांक बर्म्मन, यश बर्म्मन, शौर्य बर्म्मन, संदीप, अद्वैत, ओविन, यात्विक आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरना धर्मकोड के नाम पर आदिवासियों को बना रहा है बेवकूफ : सूरज अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी केंद्रीय सचिन सूरज अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि नई दिल्ली लोकसभा सदन में लोहरदगा के माननीय सांसद द्वारा सरना कोड कांलम आदिवासियों को दिलाने को लेकर सदन के बाहर पोस्टर बैनर दिखाकर मांग करना यह सस्ती लोकप्रियता एवं मीडिया में आने के लिए इस तरह का कुकरित है। सदन के अंदर जिस आदिवासी कांलम की मांग माननीय द्वारा किया गया क्या वह बताएंगे की 1961 से पूर्व आदिवासियों का ट्राइबल कोड था 1961 के बाद आदिवासियों का ट्राईबल कोड हटा दिया गया उस समय केंद्र में सरकार किसकी थी। 1961 के बाद किसी साजिश के साथ ट्राइबल कोड हटाया गया सिर्फ गुमराह करना दिग भ्रमित करना ही कांग्रेसियों का पुराना चरित्र रहा है। आज भी सरना धर्मकोड की बात की जा रही है पूरे देश में आदिवासी समुदाय के 82 जातियां रहती हैं सभी जातियां अपना धर्म कोड मांग रही है ऐसे में सरना कोड देना क्या संभव है झारखंड में सरना, संथाल, मुंडा, ओरासन, गांडी, भील जातियां, अरुणाचल प्रदेश में डोनी पोलो, मणिपुर में सनामही एवं अन्य राज्यों में अन्य जातियां की मांग की जा रही है। माननीय सांसद को आदिवासियों की इतनी चिंता है तो क्यों नहीं पूरे देश का भ्रमण कर सभी आदिवासियों को एक बैनर तले लाकर एक धर्मकोड का मांग करना चाहिए क्योंकि यह मांग झारखंड बनने के साथ ही कई आदिवासी संगठन सन 2000 से लेकर अब तक सरना कोड की मांग करते आ रहे हैं। इसी आधार पर आप भी इतने बड़े सदन में जाकर सिर्फ मांग कर रहे हैं जबकि चुनावी सभा में आपने कहा था की प्रथम सत्र में ही मैं सरना कोड को लेकर आऊंगा।

# सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से रिजवान का शव सऊदी अरब से पहुंचा उनके घर



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के ग्राम चरिमा के रहने वाले रिजवान अंसारी 2 वर्ष पहले सऊदी अरब केबल मशीन का काम करने गया था जहां दिनांक 7 जुलाई को सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। रिजवान अंसारी के परिजन उनके शव को सऊदी अरब से लाने के लिए काफी परेशान थे फिर उनके परिजन माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत से मिलकर सऊदी अरब से शव लाने में सहयोग करने का आग्रह किए थे। उस समय सांसद ने परिजनों को आश्वासन दिया कि आप धैर्य रखिए शव को लाने के लिए प्रयास करेंगे। सांसद सुखदेव भगत त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड के मुख्य सचिव से वार्ताकर रिजवान अंसारी का शव को सऊदी अरब से लाने में सहयोग करने का आग्रह किए थे। मुख्य सचिव के पास मामला संज्ञान में आने के साथ ही झारखंड सरकार ने सऊदी अरब से शव लाने के लिए सार्थक प्रयास किया। रिजवान अंसारी का शव उनका घर चरिमा पहुंच गया है जिनका आज सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। सांसद सुखदेव भगत ने अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये है।

# सरना धर्म के लोगों का धार्मिक पहचान मिटाना चाहती है भाजपा : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू ने भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह के द्वारा लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के द्वारा जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को संसद में उठाने के मामले में जो प्रतिक्रिया दी है उसे स्पष्ट होता है कि भाजपा सरना धर्म के विरोधी हैं। 2011 के जनगणना कॉलम में एक अन्य कॉलम था उस समय लगभग 56 लाख सरना धर्म के मानने वाले लोगों ने अन्य कॉलम के माध्यम से अपनी धार्मिक पहचान को अंकित कराया था। बार की जनगणना कॉलम में केंद्र की भाजपा सरकार ने अन्य कॉलम को बंद कर दिया है जिसके तहत अब देश की जनता छह धर्म हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध एवं जैन के नाम से जाने जाएंगे। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरना धर्म के लोगों को उसकी धार्मिक पहचान एवं अस्तित्व मिटाना चाहती है इसलिए जनगणना कॉलम में शामिल अन्य कॉलम को हटा दिया गया है। एक और सरकार बाघ, शेरो एवं अन्य पशुओं की गिनती करती है लेकिन भाजपा जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को लागू नहीं कर सरना धर्म के लोगों को पशुओं से भी बदतर समझती है ।सरना धर्म के लोग प्रकृति पुजारी हैं। उनकी प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति, विशिष्ट रीति रिवाज एवं संस्कृति के रक्षा के लिए जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड मांगते हैं तो भाजपा को क्या दिक्कत है। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है। सरना धर्म के लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब भाजपा को देगी।

# हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में फिर एक बार पुलिस ने आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाते हुए तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि धुर्वा मोड के पास अवस्थित कॉलोनी को अन्दर खण्डर हॉल में कुछ अपराधी हथियार के साथ इकट्ठा होकर डकैती की योजना बना रहे है। जिसमे उक्त सूचना के आधार पर आवश्यक कारवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश में दिनांक 22.07.2024 सोमवार रात्री में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी दल के द्वारा जब उपरोक्त स्थल पर छापामारी की गई, छापामारी दल के द्वारा तीन अपराधी को पकड़ा गया एवं पकड़ाये व्यक्तियों के तलासी के क्रम में एक व्यक्ति के कमर से एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतुस बरामद हुआ है। तथा घटनास्थल से तलासी के दौरान एक भरठूवा बन्दुक भी बरामद किया गया है। इस दौरान एसपी ने बताया कि किस्को थाना कांड सं0 19/2024, दिनांक 22.07.2024, धारा- 310(4)/310(5)/310(6) बी0एन0एस0 एवं 25 (1-क)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज करते हुए तीनो अपराधियों के जेल भेज दिया। इस छापेमारी के दौरान तीनों अपराधियों में से सद्दाम हुसैन उम्र 29 वर्ष पिता मसरूफ अंसारी ग्राम नावाडीह का निवासी है तथा दूसरा सकील अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता सुलेमान अंसारी ग्राम नारी का निवासी है तथा तीसरा अपराधी सलमान अंसारी उम्र 20 वर्ष पिता मोबिन अंसारी तीनो ग्राम नारी नावाडीह थाना किस्को जिला लोहरदगा के स्थाई निवासी हैं। इन तीनों अपराधियों के पास पुलिस ने एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस तथा भरठूवा बंदूक बरामद किया है।वहीं पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि अभियुक्त सद्दाम हुसैन तथा शकील अंसारी के ऊपर जिले भर के थानों में पहले से भी कई मामले दर्ज हैं।


# कीर्ति खेलो इंडिया टैलेंट आइडेंटिफिकेशन योजना के तहत खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम में दूसरे दिन 556 प्रतिभागियों ने भाग लिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत सरकार आने वर्षो में भारतीय एथलीटों द्वारा ओलंपिक जैसे खेलो में ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने के लिए एक बृहत स्तर से कार्य कर रही रही है जिसके तहत युवा एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार ग्रामीण इलाको में छुपी हुई प्रतिभा की पहचान के लिए KRITI खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट इंडेटिफिकेशन योजना संचालित कर रही है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिमडेगा जिला मुख्यालय में साई के माध्यम से चार दिवसीय 22 से 25 जुलाई तक खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित कर खिलाड़ियों की प्रतिभा का टेस्ट लिया जा रहा है।जिसकी सुरुवात्त कल हुई थी और कल पहले दिन 646 प्रतिभागियों ने अपना टेस्ट दिया था आज 23 जुलाई को दूसरे दिन 556 प्रतिभागियों ने अपना टेस्ट दिया सिमडेगा में दो दिनों में कुल 1200 प्रतिभागी भाग लेकर अपना प्रतिभा टेस्ट दे चुके है। आने वाले और दो दिन हॉकी, फुटबॉल तथा एक दिन 25 जुलाई को खोखो खिलाड़ियों के प्रतिभा का टेस्ट लिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साई रांची, खेल कूद विभाग सिमडेगा, हॉकी सिमडेगा और शिक्षा विभाग सिमडेगा में खेल से जुड़े हुए लोग लगे हुए है।

# रेलवे जमीन में अतिक्रमण को लेकर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने केंद्रीय रेलमंत्री को लिखा पत्र



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा से रांची रेल लाइन में रेलवे जमीन का भारी संख्या में हो रहे अतिक्रमण पर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र। पत्र को डिजिटल माध्यम से विभाग एवं रेलवे को भेजा गया। पत्र में विषय करते हुए लिखा कि झारखंड राज्य के अंतर्गत लोहरदगा से रांची रेल परिचालन लाइन बहुत पुरानी है। इस रेल लाइन के माध्यम से कई जिलों का यात्रा आसानी से किया जाता है। विशेष लोहरदगा जिला झारखंड राजधानी के समीप होने के कारण भारी संख्या में यात्री प्रतिदिन लोहरदगा से रांची यात्रा करते हैं और उनके बीच में स्थित स्टेशनों पर यात्रियों का उतार चढ़ाव है। विशेष कर लोहरदगा रांची से चलने वाली पैसेंजर मेमू ट्रेन लोहरदगा जिले के लिए लाइफ लाइन बन गया है। व्यवसायिक क्षेत्रों की दृष्टि से लाभान्वित होते हैं रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। परंतु वर्तमान कुछ वर्षो में ऐसा देखा जा रहा है कि लोहरदगा से रांची के बीच रेल की जमीनों का भारी संख्या में अतिक्रमण हो रहा है। और यह अतिक्रमण वैसे लोगों के द्वारा हो रहा है जो समाज को नुकसान करते हैं।

# बच्चे नियमित अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं : बिपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा नवम के भैया /बहन के उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए अभिभावक गोष्ठी का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ किया गया। अतिथि परिचय एवं विषय वस्तु का प्रवेश नवम कक्षा के कक्षाचार्य प्रमेंद्र सिंह ने कराया। इस गोष्ठी में कक्षा नवम के तीनों खंड के कक्षाचार्य नीलिमा सिंह, प्रमेंद्र सिंह दिनेश प्रसाद, विज्ञान आचार्य राजीव सिंह एवं अभिभावक समिति की सदस्या लालमुनी देवी उपस्थित थे। इस बैठक में भैया /बहन के शिक्षा एवं पठन-पाठन करियर संबंधित मार्गदर्शन पर चर्चा हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा भैया /बहन के विकास, बौद्धिक ज्ञान, अनुशासन, गृहकार्य एवं व्यक्तिगत जीवन में कैसे रहे सभी विषयों पर एक-एक करके प्रकाश डाला गया। अभिभावकों से सुझाव भी लिया गया। अभिभावक से विनम्र आग्रह किया गया कि अपने पाल्य के साथ 1 घंटे का समय अवश्य दे दें ।उनके दिनचर्या से अवगत हो अभिभावक भी अपने दायित्व को समझें। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश प्रसाद ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# आदिवासियों की अस्मिता और जीवन यापन के लिए जंगल का संरक्षण बेहद जरूरी है : नमन विकशल कोनगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र अंतर्गत शाहपुर पंचायत के कोंडेकेरा में कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने आयोजित बैठक में भाग लिया। इस बैठक में बिधायक बिकशल कोनगाड़ी ने उपस्थित सभी लोगों को जंगल की महत्ता को बताया और कहा कि जंगल एवं पर्यावरण की सुरक्षा और विकास के लिए माचा और शादी विवाह, पर्व त्योहारों में जंगलों से छोटे पेड़ या तोम्बा को ना काटे।इसके लिए विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी जी ने जंगल किनारे के गांव वालों को टेंट और कनाथ का वितरण किया।चुंकि हमारे छेत्र में निवास करने वाले लोगों के शादी बिबाह में सांस्कृतिक और पारंपरिक रूप से माचा बनाने के लिए लोग जंगलों से पेड़ को काटते हैं।बिधायक ने लोगों को जागरूक किया और कहा कि माचा के लिए पुरे पेडों का ना काटे, उसके जगह पर टेंट और कनात का प्रयोग करें।और परंपरा को बचाने के लिए पेड़ से पतले डाल को काटकर उपयोग करें। आगे बिधायक ने कहा कि जंगल हमारे आदिवासी समाज के जीवन यापन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।जंगल के रहने से आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं, खाद्य सामग्री भी उपलब्ध होती है, चिकित्सा में भी जंगल में मिलने वाले जड़ी बूटियों का अहम योगदान रहता है।पर्यावरण भी संरक्षित रहता है इसीलिये मैं हमेशा से जंगल बचाने का संघर्ष में अपना योगदान देते रहा हूं।इसी कड़ी में मैं कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र के जंगल के आस पास पड़ने वाले गांव में रहने वाले लोगों को टेंट और कनात का बितरण करते रहता हूँ। आगे विधायक ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अभी भाजपा देश के लोगों को कह रही है कि सभी लोग पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाएं।इसको बिधायक ने भाजपा का ढोंग बताया।बिधायक ने कहा कि भाजपा एक तरफ तो पेड़ लगाने के बारे में बोल रही है, वहीं दुसरी तरफ छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल को अपने पूंजीपति मित्र अडानी को उजाड़ने के लिए दे रखी है।जिससे वहां के जमीन के नीचे रखे कोयला रूपी खजाने से लाभ कामवाया जा सके।ये बोलकर कि उस कोयला खदान के कोयले से बिजली रूपी ऊर्जा उत्पन्न हो।इसी तरह से कई जंगलों को कोयला के लिए उजाड़ा जा रहा है।परंतु बिधायक ने बताया कि कोयले के अलावा ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए वैकल्पिक अन्य स्रोत उपलब्ध हैं, जैसे कि औटोमिक एनर्जी, पवन ऊर्जा,सौर ऊर्जा ।ऊर्जा के इन स्रोतों को अपनाने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा साथ ही लोगों का विस्थापन भी नहीं होगा।भाजपा एक तरफ बोलती है कि पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ, वहीं दुसरी तरफ आदिवासी समाज के निवास वाले जगहों से सिक्स लेन सड़क को बनवा कर हजारों एकड़ जंगल में लगे करोड़ो पेड़ों को कटवा रही है।चूँकि इन सिक्स लेन सड़क से वहां पर निवास करने वाले लोगों को कोई फायदा नहीं होगा, अपितु उनका विस्थापन जरूर होगा।आगे बिधायक ने केंद्र सरकार की दोगली नीति के बारे में बताया कि अपने पूंजीपति मित्रों के व्यवसाय को बढ़ा कर उनको लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सिक्स लेन सड़क परियोजना को मंजुरी दी जा रही है और हजारों एकड़ जंगलों को खत्म कर दिया जा रहा है।


# कांवरियों के साथ मारपीट और छिनतई में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो : दीपक साहू

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा से पैदल रांची के पहाड़ी मंदिर सोमवारी पर जल अर्पित करने के बाद ट्रेन से लौट रहे कांवरियों पर नरकोपी रेलवे स्टेशन पर हमला मारपीट और छिनतई की घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग जय श्री राम समिति ने की है। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा है कि नरकोपी में हुई घटना के बाद कुछ कांवरिए अफरा तफरी के माहौल में उसी स्थान पर छूट गए थे। अपने साथियों से बिछड़ गए थे। उन कांवड़ियों ने जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने तुरंत नरकोपी थाना प्रभारी से बात कर उस स्थान का लोकेशन भेजा। पुलिस प्रशासन उस स्थान पर जाकर छूटे हुए युवकों को अपने साथ लेकर लोहरदगा पहुंची। जय श्री राम समिति हमेशा सनातन समाज और धर्म के लिए समर्पित है। छूटे हुए कांवरियों की सकुशल वापसी समिति की तत्परता से संभव हुई।

# किसी ने आम बजट देश को विकसित बनाने वाला बजट बताया, तो किसी को हुआ नागवार








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश भर में मंगलवार को संसद में मोदी 3.0 का पहला आम बजट पेश हुआ।इस दौरान पूरे देश की निगाहें मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट पर और इसमें होने वाली घोषणाओं पर टिकी हुई थी सभी को इंतजार था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिटारे से उनके लिए कौन सी राहत, योजनाएं और सुविधाएं सामने आएंगी।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में ऐलान किया है कि चमड़े के जूते,चप्पल, पर्स सस्ते होंगे। इसके साथ ही सोना-चांदी भी सस्ता होगा। इंपोर्टेड जूलरी सस्ती की गई है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि इनकम टैक्स को आसान बनाया जाएगा जबकि टीडीएस वक्त पर न भरना अब अपराध नहीं होगा।इस दौरान उन्होंने कहा की इलेक्ट्रिक गाड़ी, मोबाइल फोन, चार्जर सस्ती होंगे।इस बजट में बड़ा ऐलान किया गया है की मोबाइल फोन-चार्जर सस्ते होंगे. इसके अलावा बिजली के तार एक्सरे मशीन सस्ती की गई है। कैंसर की तीन दवाइयों से कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। सोना-चांदी से सीमा शुल्क कम किया गया है।घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में कस्टम ड्यूटी में बदलाव किया गया है। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधित कई दवाइयां जैसे कैंसर की दवाईयां इत्यादि सस्ती की गई है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है। इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिल सकेगी। इसके अलावा सरकार ने आवास के लिए कई तरह की अन्य घोषणाएं भी की हैं।पहली बार नौकरी पाने वालों को दो साल तक हर महीने 300 रुपये अतिरिक्त पीएफ सरकार देगी।अनसिक्योरड एजुकेशन लोन 10 लाख तक देशी संस्थानों में पढ़ने के लिए लोन मिलेगा।इस दौरान 30 लाख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग भी दी जाएगी।जिसके इसके लिए बजट में 2 लाख करोड़ के पैकेज का ऐलान किया गया है।जबकि केंद्र सरकार 4.1 करोड़ युवाओं को रोज़गार के लिए पांच योजनाएं लाने वाली है जिसके अंतर्गत आने वाले 5 साल में दो लाख करोड़ रुपये खर्च सरकार करेगी।अगले 5 सालों में 1 करोड़ युवाओं को सरकार इंटर्नशिप प्रदान कराएगी एक साल के इंटर्नशिप में हर महीने 5000 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी मिलेगी। जबकि पूंजीगत व्यय 11,11,111 करोड़ रुपये होगा।केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्ताव है कि अगले 5 वर्षों में बुनियादी ढांचे के लिए मजबूत राजकोषीय समर्थन बनाए रखने का सरकार का प्रयास रहेगा। पूंजीगत व्यय 11,11,111 करोड़ रुपये होगा जो कि भारत की त्रष्ठक्का 3.4त्र है। इसके साथ ही राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे, निवेश का समर्थन करने के लिए दीर्घकालिक ब्याज मुक्त ऋण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का भी ऐलान हुआ है।

## आम बजट को लेकर लोगों के प्रतिक्रिया इस प्रकार है।

**भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की**

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट काफी बेहतर बजट है। देश के विकास के लिए इससे बेहतर बजट कोई नहीं हो सकता है। हर समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए केंद्र सरकार ने काफी सराहनीय बजट पेश किया है। जिसे देश को विकास की ओर ले जाने में अग्रसर होगी।

**भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरव ने कहा की**

देश भर में केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है।सरकार इसमें खेल और शिक्षा को लेकर और भी बेहतर प्रयास सरकार कर सकती है। युवाओं के भविष्य को केंद्र में रखना बेहद जरूरी है।यह बजट सराहनीय होगा।

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि**

2024 की बजट को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे सरकार ने सभी वर्गो को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया है। सभी के लिए बजट के प्रावधानो में बदलाव किए गए है। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट विकास को नई गति प्रदान करेगा।

**भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती देवी ने कहा कि**

महिलाओं की आत्मनिर्भरत और उनकी शिक्षा को लेकर एक सराहनीय प्रयास किए गया है जो रंग लायेगी।जिसे लेकर सरकार बेहद गंभीर है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर ठोस पहल हुई है।

**कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि निसार अहमद ने कहा कि**

बजट में ना तो आम लोगों के लिए है और न गरीबों के लिए।जिसे देश की कोई भी विकास कार्य नजर नही आती है। यह बजट पूरी तरह से जनता को धोखा देने वाला बजट है। केंद्र सरकार लोगों का विश्वास खो चुकी है।इस बजट में आम जनता का कोई ध्यान नहीं रखा गया है।

**झामुमो जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि**

केंद्र सरकार ने जो बजट पेश किया गया है यह बिलकुल लूट वाला बजट है। केंद्र सरकार सत्ता में आते ही लूट मचा रखी है।और यहां की जनता को ठगने का काम कर रही है। जनता इस बार फिर से विधान सभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी।

### चलते चलते एक नजर

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में हुआ सेमिनार का आयोजन



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राज्य के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र -छात्राओं को डेंगू, चिकनगुनिया बिमारी के फैलने,रोकथाम एवं उपचार जैसे विषयों पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक मदन केशरी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जल जनित बीमारी आदि के साथ डेंगू,मलेरिया और चिकनगुनिया के फैलने की संभावना के दृष्टिगत सावधानी बरतने की जरूरत है। हमें अपने घर एवं आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने चाहिए। डेंगू/चिकनगुनिया मच्छर साफ पानी में पनपते है इसलिए पानी के बर्तनों एवं घर के पानी टंकी को ढक कर रखना चाहिए। घर के आसपास साफ-सफाई रखें । मच्छरदानी के अंदर ही सोए क्योंकि एडिस मच्छर दिन में ही काटते हैं इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले वस्त्र धारण करें। डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। यदि इसके लक्षण दिखाई दे तो अतिशीघ्र चिकित्सक से संपर्क करें। घर के खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली, लगवाएँ। इस अवसर पर सीनियर वर्ग के छात्र- छात्राओं ने भी अपना सुझाव दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर, शिक्षक मुकेश कुमार भारती, अभिषेक पांडेय, अवधेश कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## केंद्र सरकार का बजट देश की जनता की आशाओं पर वज्रपात : राजेश ठाकुर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश की जनता की आशाओं पर वज्रपात और झारखंड के लिए नील बट्टा सन्नाटा है। बजट का फोकस जनता नहीं, बल्कि सत्ता है और यह इस देश की विडंबना है।ठाकुर ने मंगलवार को बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश बजट उदाहरण बनकर रह गया है। झारखंड में लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला भाजपा ने केंद्रीय बजट में चुकाया है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक है कि कुल बजट का सिर्फ एक से दो प्रतिशत तक की राशि का प्रावधान पूरे देश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया है और बातें उत्पादकता बढ़ाने की कर रहे हैं। प्रधानमंत्री को इस बजट में राजनीतिक सहयोग की कीमत चुकाने की विवशता साफ दिखाई पड़ रही है। ठाकुर ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन निजी खपत के रिकॉर्ड सुस्ती पर बजट पूरी तरह मौन है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच में 24 लाख उत्पादक कंपनियां बंद हो चुकी हैं। इनके लिए सिर्फ क्रेडिट गारंटी की बात की गई है। ठोस कुछ भी नहीं किया गया है।

# बजट 2024 : महिलाओं के नाम से प्रॉपर्टी खरीदने पर मिलेगी बड़ी राहत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रॉपर्टी खरीदना हर इंसान के जीवन भर का सपना होता है। केंद्र की मोदी सरकार आम लोगों के इस सपने को साकार करने के लिए बड़ी घोषणा की है। अब महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है। इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिल सकेगी। इसके अलावा सरकार ने आवास के लिए कई तरह की अन्य घोषणाएं भी की है। बजट 2024 पेश करने के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर गांव और शहरों में बनाए जाएंगे। इसके अलावा वित्त मंत्री ने अगले पांच वर्षों में शहरी आवास के लिए 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली और 1.8 करोड़ लोगों ने इसके तहत पंजीकरण कराया है। शहरों में काम करने वाले कमागारों को रेंट का बोझ कम करने के लिए वित्त मंत्री ने बड़े ऐलान किए है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि सरकार शहरों में रेंटल हाउसिंग डेवलप करेगी। ये हाउसिंग स्कीम बड़ी कंपनियों और कारखानों के आसपास बनाए जाएंगे। इससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कामगारों को सस्ते रेंट पर माकान मिल पाएगा। ये हाउसिंग पीपीपी मोड में बनाया जाएगा। बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बार भी पिछले वर्षों की तरह चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट को पेपरलेस फार्मेट में पेश कर रही हैं। इस दौरान वित्त मंत्री ने मैजेंटा बॉर्डर वाली 'क्रीम' रंग की रेशम की साड़ी पहनी हुई है। बजट पेश करने से पहले उन्होंने अपने कार्यालय के बाहर अधिकारियों की टीम के साथ पारंपरिक 'ब्रीफकेस' लिए तस्वीर खिंचवाई। टैबलेट को ब्रीफकेस के बजाय एक लाल कवर के अंदर रखा गया था जिस पर सुनहरे रंग का राष्ट्रीय प्रतीक बना था। वह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के बाद सीधे संसद पहुंचीं। यहां उन्होंने बजट पेश किया।



# विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट : आनंद शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संसद में मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7वीं बार बजट पेश किया. केंद्रीय बजट में सरकार ने लोगों को कई बड़ी राहत दी है.बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पलामू चैंबर के अध्यक्ष व भाजपा नेता आनंद शंकर ने कहा कि यह बजट विकास को नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा. इससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलने वाला है. नौजवानों को अनेक अवसर मिलेंगे,जबकि दलित और पिछड़े समाज के लोग मजबूत होंगे. उन्होंने कहा कि बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित होगी. साथ ही आर्थिक विकास को नई गति भी मिलेगी.यह बजट नए मिडिल क्लास के सशक्तिकरण के लिए है. इस बजट से युवाओं को असीमित अवसर मिलेंगे. बजट से शिक्षा और स्किल को नया पैमाना मिलेगा.नए मिडिल क्लास को यह बजट ताकत देगा. बजट से महिलाओं, छोटे कारोबारियों, एमएसएमई को मदद मिलेगी. आनंद शंकर ने कहा कि यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने वाला बजट है. बजट में मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत ज्यादा फोकस किया गया है. बजट में सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की है. इससे देश में करोड़ों नए रोजगार बनेंगे. ये बजट स्टार्टअप के लिए और इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए ढेर सारे नए अवसर लेकर आया है.बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को टैक्स से राहत दी गई है.बजट में किसानों की भी बात की गई है.बजट में महिलाओं को बहुल बड़ा तोहफा दिया गया है। महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है। इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण की घोषणा की गई है। आनंद शंकर ने कहा कि यह विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है।

# युवा वर्ग के लिए ब्राइट फ्यूचर लेकर आया है बजट : डॉ. शाहिद अख्तर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** संसद में मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7वीं बार बजट पेश किया.केंद्रीय बजट में सरकार ने लोगों को कई बड़ी राहत दी है. बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मेंबर, नेशनल कमीशन फॉर माइनोरिटी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन नई दिल्ली, भारत सरकार प्रो. (डॉ.) शाहिद अख्तर ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट आवंटन में 30 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उच्च शिक्षा के लिए 44,095 करोड़ रुपये का आवंटन कर कुशल कार्यबल विकसित करने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित किया गया है। विश्व स्तरीय प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए बजट में 1,800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।अनुसंधान और नवाचार के लिए 355 करोड़ रुपये व समग्र शिक्षा अभियान के लिए 37,500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के लिए पहली बार नौकरी पर अतिरिक्त वेतन का प्रावधान हुआ है। हर साल 25 हजार छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव है। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए ई-वाउचर की सुविधा दी गई है। हर साल 1 लाख छात्रों को ऋण राशि पर 3त्न वार्षिक ब्याज की छूट दी जाएगी।कामकामी महिलाओं के लिए महिला हॉस्टल और शिशु गृहों की स्थापना की जाएगी। रोजगार प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं घोषित की गई है। यह योजना बेरोजगारी दूर करने में मिल का पत्थर साबित होगा।बजट 2024 नए अवसर, ढेर सारे नए रोजगार और स्वरोजगार देने वाला है। यह बजट युवा वर्ग के लिए ब्राइट फ्यूचर लेकर आया है। यह बजट विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। साथ ही विकास को नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा.

TATA
TATA STEEL

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

WORLD'S STRONGEST HOTEL BRAND 2024
TAJ
INDIA'S STRONGEST BRAND 2024

भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क,
रांची में निर्मित
**BILLION IMPRESSIONS**
**का उद्घाटन कार्यक्रम**

24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे | भगवान बिरसा मुण्डा स्मृति पार्क, रांची

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार तथा
The Indian Hotels Company Ltd. (A TATA Enterprise) के बीच
**ताज होटल के निर्माण हेतु**
**MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम**

24 जुलाई, 2024 | अपराह्न 01:30 बजे | प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची



मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग,
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री टी॰ वी॰ नरेन्द्रन**
सी.ई.ओ. एण्ड एम.डी., टाटा स्टील



PR NO- 330503 (Urban Development and Housing) 24-25

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार